सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-342 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 24 मई 2024
15 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com






**चुनाव प्रचार**

### पटियाला में पीएम मोदी का इंडी गठबधंन पर फूटा गुस्सा

# कागजी सीएम हैं मान : मोदी

**संबोधन**

- कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश का बंटवारा किया
- लंगर को टैक्स से हमारी सरकार ने मुक्त किया
- 1971 में मोदी होता तो करतारपुर भारत में होता

**वोट उसे दीजिए जो सरकार बनाएं**

मोदी ने कहा कि पंजाब जानता है कि उसे अपना वोट बेकार नहीं करना है और आप तो जानते हैं कि वोट उसे दीजिए जो सरकार बनाएं, वोट उसे दीजिए जो विकसित पंजाब बनाने के लिए प्रतिबद्ध हो, जो विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर चला हो और इसके लिए जरूरी है। एक तरफ मोदी सरकार है, जिसने 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वहीं दूसरी तरफ, इंडी गठबंधन है, जो कहता है कि वो आपकी कमाई का आधा हिस्सा छीन लेगा। इंडी गठबंधन समाज को, देश को, बांटना चाहता है, लेकिन मोदी भारत को विकसित भारत बनाना चाहता है।

**चंडीगढ़।** पटियाला के पोलो ग्राउंड में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोधियों पर जमकर बरसे। लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में अपनी पहली रैली में मोदी ने कई भावनात्मक मुद्दों को छुआ।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश का बंटवारा किया और बंटवारा भी ऐसा किया कि 70 साल तक हमें दूरबीन से करतारपुर साहिब के दर्शन करने पड़ते थे। जब बांग्लादेश की लड़ाई हुई, 90 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक सरेंडर कर चुके थे, 90 हजार से ज्यादा सैनिक हमारे कब्जे में थे। मैं विश्वास से कहता हूं, अगर उस समय मोदी होता, तो उनसे करतारपुर साहिब लेकर रहता, तब उन जवानों को छोड़ता। वो तो नहीं कर पाए, लेकिन मुझसे जितनी सेवा हो सकी मैंने की। आज करतारपुर साहिब आपके सामने है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने लंगर को टैक्स से मुक्त किया। पहले श्री हरमंदिर साहब में विदेशों से भक्त चंदा नहीं दे पाते थे। हमने इसके लिए नियमों में छूट दी। श्री फतेहगढ़ साहिब तो साहिबजादे के शौर्य और शहादत का साक्षी रहा है। ये मोदी सरकार है, जिसने साहिबजादों के शौर्य के लिए समर्पित वीर बाल दिवस घोषित किया। अफगानिस्तान में हमारे सिख परिवार संकट में थे। हम सभी को सुरक्षित वापस लाए। हम गुरु ग्रंथ साहब के स्वरूपों को भी अदब के साथ लाए।



> पीएम ने कहा कि पंजाब के लोगों ने खेती से लेकर उद्योगों तक में अपना योगदान दिया है लेकिन कट्टर भ्रष्टाचारियों ने पंजाब का हाल खराब कर दिया। यहां राज्य सरकार का आदेश नहीं चलता। यहां खनन माफिया का राज है। कागजी सीएम को दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने से ही फुर्सत नहीं है।

# छठे चरण का चुनाव प्रचार थमा, 25 मई को मतदान

**उम्मीदवार**

- आठ राज्यों की 58 सीटों के लिए होगा मतदान
- यूपी में 14 सीटों पर 162 प्रत्याशी है मैदान में



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार गुरुवार शाम खत्म हो गया। छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में बंद हो जाएगा। छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल है। वहीं सबसे कम जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डालेंगे। 2019 में इन 58 में से 40 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं दूसरे स्थान पर बसपा के खाते में चार सीटें गई थीं जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। पिछले चुनाव में इन 58 सीटों पर कुल 64.22त्न फीसदी वोट पड़े थे। सबसे ज्यादा 84.59 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ था। वहीं, सबसे कम 8.98 फीसदी मतदान जम्मू-कश्मीर में दर्ज किया गया था। दिल्ली में इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है, 2019 में दोनों दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

**सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल को देवगौड़ा की चेतावनी**

# भारत लौटो और जांच का सामना करो : देवेगौड़ा

**आरोप**

- परिवार की नहीं सुनोगे तो हम तुम्हें छोड़ देंगे



**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजनीति में प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले के बाद हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपी प्रज्ज्वल विदेश में हैं। अब देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने उन्हें चेतावनी दी है कि भारत लौटकर जांच का सामना करें। बता दें कि एचडी देवगौड़ा प्रज्ज्वल रेवन्ना के दादा हैं।

देवेगौड़ा ने यह दावा भी किया है कि पूछताछ के दौरान उनके परिवार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रज्जवल रेवन्ना को कई महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहिए। बता दें कि 27 अप्रैल को हासन सांसद विदेश चले गए थे। देवेगौड़ा ने कहा कि अगर प्रज्ज्वल दोषी पाए गए तो सख्त से सख्त सजा दी जाए। एचडी देवेगौड़ा ने कहा 'इस समय मैं केवल एक ही काम कर सकता हूं। मैं प्रज्ज्वल को कड़ी चेतावनी दे सकता हूं। मैं उन्हें वापस लौटने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कह सकता हूं।

# नहीं बदलने देंगे संविधान : राहुल गांधी

### दिल्ली में बोले राहुल, पीएम मोदी गरीबों के लिए नहीं करते कोई काम

**पलटवार**

- आज गरीब परिवार के लोगों को ठेकेदारी प्रथा पर लगाया जा रहा
- अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं

> आज गरीब परिवार के लोगों को ठेकेदारी प्रथा पर लगाया जा रहा है। जिनमें अधिकतर लोग दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग से आते हैं। इसलिए कांग्रेस ने गारंटी दी है- हम सरकारी नौकरी और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद कर देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने धूमधाम से महिला आरक्षण बिल पास किया और फिर कहा कि इसे 10 साल बाद लागू करेंगे।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भगवान ने मुझे भेजा है। टिप्पणी पर उन पर कटाक्ष किया और कहा कि यह अजीब है कि यह व्यक्ति जिसे भगवान ने भेजा है केवल 22 लोगों के लिए काम करता है।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सब कुछ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की इच्छा के अनुसार करते हैं और वह देश के गरीब लोगों के लिए कुछ नहीं करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एक चुनावी रैली में बोलते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि जब गरीब लोग सड़क, अस्पताल और शिक्षा की मांग करते हैं, तो नरेंद्र मोदी कुछ नहीं करते। लेकिन कांग्रेस की गारंटी है- हम महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में तुरंत आरक्षण देंगे। इसके साथ ही केंद्र की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जब तक महिलाओं को भागीदारी नहीं मिलेगी, ये देश प्रगति नहीं कर सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज कल खेती-किसानी से लेकर कॉर्पोरेट तक महिला और पुरुष हर क्षेत्र में काम करते हैं। लेकिन जब शाम को दोनों वापस आते हैं तो महिलाओं की घर संभालने वाली दूसरी शिफ्ट शुरू हो जाती है। यानी महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं, लेकिन उस एक्सट्रा 8 घंटे काम करने के लिए आपको कुछ नहीं मिलता। उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन 'अग्निवीर' को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न हीसामाजिक सुरक्षा मिलेगी। राहुल गांधी ने कहा, ''इनके (भाजपा) नेताओं ने खुलकर कहा है कि संविधान को बदल देंगे मैं भाजपा और आरएसएस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप सपने मत देखिए, ये आपके बस की बात नहीं है, आप ऐसा नहीं कर सकते। आपके सामने हिंदुस्तान के करोड़ों लोग खड़े हैं, कांग्रेस पार्टी खड़ी है।

# डोंबिवली बॉयलर ब्लास्ट में सात लोगों की मौत

**हादसा**

- 40 घायल, राहत-बचाव कार्य जारी
- काफी दूर तक सुनाई दी विस्फोट की आवाज



**मुंबई।** महाराष्ट्र में डोंबिवली के एमआईडीसी इलाके में स्थित एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से आग लग गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है, जबकि 40 लोग घायल हुए हैं।

इस मौके पर राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। बताया गया है कि दोपहर 1.40 बजे अमुदान कैमिकल फैक्टरी में बॉयलर फटने से विस्फोट हुआ। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया है कि अब तक घटनास्थल से चार शव बरामद किए गए हैं। सामंत ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एलान किया है कि घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट की आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के कारण आसपास की इमारतों की कांच की खिड़कियों में दरारें आ गई और कई घर क्षतिग्रस्त भी हुए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश की सुरक्षा को कमजोर करती हैं सपा-कांग्रेस: शाह

**सियासत**

- बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय के पक्ष में की वोट देने की अपील

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस और सपा को वोट देने का मतलब देश की सुरक्षा को कमजोर करना है। यह लोग वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा तक ताक पर रख देते हैं।

अकबरपुर के शिवबाबा में खचाखच भरे मैदान पर बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय के पक्ष में बृहस्पतिवार को जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि गृहमंत्री ने सपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व सपा ने 70 सालों से अयोध्या में राममंदिर बनना रोक रखा था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे देश का सपना साकार हुआ है। यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों तथा रामभक्तों के बीच है। अयोध्या में मंदिर बन जाने का जिक्र करते हुए कहा कि अब रामविरोधियों को सबक सिखा देना है। उन्होंने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव निमंत्रण के बाद भी अयोध्या सिर्फ इसलिए नहीं गए क्योंकि इन्हें अपने घुसपैठियों वाले वोट बैंक की फिक्र थी। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह पिछड़ों व अन्य वर्गों का हक मारकर मुस्लिमों को सौंप रही है। भाजपा पिछड़ों व दलितों के आरक्षण पर डाका नहीं पड़ने देगी। गृहमंत्री ने कहा कि कांगेस के राज में पाकिस्तान से जब तब आतंकी आकर धमाका कर जाते थे।

## मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार: स्वाति

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आज समाचार एजेंसी एएनआई के साथ 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्ससभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया।

आगे कहा कि इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। आगे कहा कि मैं चाहती हूं कि पुलिस मेरा पॉलीग्राफ टेस्ट कराए ताकि सब कुछ साफ हो जाए।

**रैली**

### योगी आदित्यनाथ ने भरी बेतिया में हुंकार

# बिहार हमारे लिए ननिहाल : योगी

**तंज**

- राधामोहन सिंह के लिए मांगे वोट
- माफिया पर बुलडोजर चलाने की दी सलाह



**बेतिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसका 'विरासत टैक्स' औरंगजेब के समय का जजिया कर है और इस तरह का कर लगाने वाली सरकार, पार्टी हमें नहीं चाहिए।

बिहार के पश्चिमी चंपारण संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश का सम्मान बढ़ा रहे हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा देश की रक्षा, समृद्धि, विकास, विरासत और गरीब कल्याण के लिए काम कर रहे हैं वहीं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गठबंधन का मकसद सत्ता हासिल करना और लूटना है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से सवाल करते हुए कहा कि क्या आप इन्हें लूटने की आजादी देंगे? कतई नहीं देना। उन्होंने कहा कि बिहार हमारे लिए ननिहाल है। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) और भाजपा की सरकार ने बिहार को जिस अराजकता से उबारा है आज राज्य को उस ओर नहीं जाने देना है मोदी जी ने कहा है कि आत्मनिर्भर विकसित भारत बनाएंगे लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी क्या कहते हैं सभी अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण मुस्लिमों को दे देना चाहिए। क्या ऐसा होना चाहिए? कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि और दूसरी खतरनाक बात है... राहुल गांधी ने कहा मैं हरेक परिवार की संपत्ति का सर्वेक्षण कराऊंगा और उस पर 'विरासत टैक्स' लगाऊंगा। कहा कि इसका मतलब है कि आपके पूर्वजों की संपत्ति में से आधी ये लोग ले लेंगे और उसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत में आये घुसपैठियों को दे देंगे।


> कहा कि कांग्रेस और राजद राम विरोधी और भारत विरोधी हैं। इनके कारनामे गरीब विरोधी हैं। ये जनता, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के विरोधी हैं। कांग्रेस और राजद का गठबंधन बिहार के लिए अशुभ है। इनके राज में गुंडागर्दी, लूटपाट और उपद्रव होते हैं। आज मोदी जी के नेतृत्व में आतंकियों का सफाया हो गया है। ये नया भारत है। ये किसी को छेड़ता नहीं है, मगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ता भी नहीं है।

# रेलवे लाइन के करीब मिले छात्रा के शव मामले में पुलिस ने तीसरे युवक को भी हिरासत में लिया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मोहल्ला शांतिनगर में रेलवे लाइन के करीब मिले छात्रा के शव मामले में पुलिस ने तीसरे युवक को भी हिरासत में लिया है। यह तीनों युवक सीसीटीवी फुटेज में छात्रा के साथ देखे गए थे। परिजनों ने इन पर छात्रा को ट्रेन के आगे फेंकने का आरोप भी लगाया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले को दबाने और आरोपियों को बचाने के लिए बार-बार तहरीर बदलवा रही है। अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सोमवार को 14 वर्षीय छात्रा काव्या अवस्थी का रेलवे लाइन के किनारे शव मिला था। पुलिस ने जांच शुरू की तो गढ़ी मार्ग स्थित बृजभवन के पास तीन युवक छात्रा के साथ जाते दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की जांच बदल गई। पुलिस कुछ करती, इससे पहले ही दो युवकों को छात्रा के परिजनों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने इन युवकों से पूछताछ कर तीसरे युवक को भी मंगलवार देर शाम हिरासत में ले लिया। घटना को लेकर पुलिस तीनों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। परिजनों का आरोप है कि उक्त तीनों युवकों ने ही काव्या को ट्रेन के आगे फेंक कर उसकी हत्या कर दी। इधर, बुधवार की दोपहर छात्रा के परिजनों ने कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग भी की।

## युवक की नहर में डूबने से हुई मौत



**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम मालपुर में साप्ताहिक बाजार आए युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम फुटहा निवासी बदलू गौतम का 35 वर्षीय पुत्र रमेश लखनऊ में मजदूरी करता था। घरेलू सामान लेने के लिए पड़ोस के कस्बा मालपुर गया था। रास्ते में पड़ने वाली नहर पटरी पर एक किनारे से दूसरे किनारे तक रखे खंभे पर चलकर नहर पार करने लगा। तभी पैर फिसल गया और नहर में गिर गया। यह देख लोग दौड़े। जब तक उसे नहर से निकाल जाता, उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पड़रिया तुला पुलिस के एसआई संदीप यादव मौके पर पहुंचे। युवक को एंबुलेंस से बिजुआ अस्पताल लेकर आए। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला युवक का शव



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खमरिया पत्नी को लेकर थाना ईसानगर के गांव नवरंगपुर ससुराल आए 22 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक का पत्नी से विवाद हुआ था। उसकी जेब से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना शारदानगर के ग्राम सुरजीपुरवा निवासी रामसनेही के 22 वर्षीय पुत्र बृजेश का विवाह एक वर्ष पूर्व ईसानगर के नवरंगपुर निवासी छोटेलाल गौतम की पुत्री प्रीति के साथ हुआ था। मंगलवार शाम बृजेश अपनी पत्नी के साथ ससुराल आया था। रात में पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। सुबह गांव के पास बाग में जामुन के पेड़ में बृजेश का शव लटका मिला।शव देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने पूछताछ की। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक बृजेश की जेब से एक पर्ची मिली है। पर्ची में आत्महत्या करने के पीछे पत्नी और एक अन्य व्यक्ति को कारण बताया है।

# वृद्ध महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की लगाई गुहार

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदी सरायं निवासी एक वृद्ध विधवा महिला शाहजहां पत्नी लियाकत ने कोतवाली में दिए गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पुत्र जाबिर का विवाह गांव के ही अब्दुल पुत्र हिंगन ने अल्लाहगंज निवासी अपने साले नसीम की पुत्री माबिया से 19 मई 2024 को करायी थी। दूसरे दिन बहु बिदा होकर अल्लाहगंज चली गयी। 22 मई को जाबिर अपनी पत्नी माबिया को बिदा कराने जाने की तैयारी कर रहा था तभी अब्दुल उसके घर आये और कहा कि अब तुम लोग मेरी खुशामद करो और जैसा मै कहता हूं वैसा करो तभी तुम्हारी बहु दोबारा बिदा होकर आयेगी। इस बात को लेकर जाबिर और अब्दुल के बीच थोड़ी सी कहा सुनी हो गयी तो अब्दुल अपने घर वापस लौट गया और फोन कर जाबिर के ससुर को गांव बुला लिया। 22 मई 2024 को लगभग दो बजे दोपहर अल्लाहगंज से दो गाड़ियो में



भर कर 10-12 लोग मोहम्मदी सरायं अब्दुल के घर आ गये। तब अब्दुल पुन वृद्ध महिला के घर आया और बिदा के लिये बात करने का बहाना बनाकर वृद्ध महिला शाहजहां सहित उसके पुत्र जाबिर को साथ चलने के लिये कहा जिस पर शाहजहां, जाबिर, गफ्फार, ईसान, नाजिम व साकिर अब्दुल के घर पहुंचे तो अब्दुल ने सब लोगो को घर में बुलाकर दरवाजा बन्द कर लिया और सभी लोगो की लाठी-डण्डो से पिटाई शुरू कर दी तथा जाबिर की जेब में रखे बीस हजार रूपये व उसका मोबाइल भी छीन लिया। चीख-पुकार की आवाजे सुनकर जब गांव के लोग एकत्र हो गये तब अब्दुल व अन्य आये लोगो ने सबको जान से मारने की धमकी देते हुए घर के बाहर फेंक दिया। वृद्ध महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की गुहार लगाई है परन्तु समाचार प्रेषण तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था।

# छात्र मानवी हत्याकांड का खुलासा, हत्यारोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने आईपीएस कालेज की छात्रा मानवी हत्याकांड का मात्र 18 घंटे में खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक छूरा व मृतका का मोबाईल फोन भी बरामद किया है।



पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि 22 मई को राहुल कुमार पुत्र मोहकम निवासी ग्राम रादौर थाना गंगोह उसकी मौसेरी बहन निवासी ग्राम बीतिया थाना कुतुबशेर की अभियुक्त सागर पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम डेरिया रिछोटी थाना मुण्डाली जनपद मेरठ द्वारा गला रेंतकर हत्या करने के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए हत्यारोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक गंगोह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर छात्रा मानवी की हत्या के वांछित अभियुक्त सागर पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम डेरिया रिछोटी थाना मुण्डाली जनपद मेरठ को मुजफ्फरनगर-सहारनपुर हाईवे पर बड़े ओवर ब्रिज से पहले कस्बा देवबन्द के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए हत्यारोपी सागर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 छूरा व मृतका के मोबाईल फोन को कस्बा गंगोह मे रामकिशन मेहता के आम के बाग से बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ धारा 4/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की है। पूछताछ में अभियुक्त सागर ने बताया कि उसने बीए तक पढाई की है व सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है। वह पिछले लगभग 03-04 वर्षो से अच्छे दोस्त थे।

जैसे ही मृतका को पता चला की वह शादीशुदा है, तो उसने मुझसे बात करनी बंद कर दी थी। बाद में उसे पता चला की उसकी दोस्ती किसी और लड़के से है, तो वह 22 मई को मृतका से मिलने गया, तो दोंनो के बीच कहासुनी हो गयी।

## लूट की घटना में वांछित दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने लूट की घटना में वांछित चल रहे दो शातिर लुटेरो को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से लूट की नगदी व घटना में प्रयुक्त असलाह बरामद किया गया है।

गौरतलब रहे कि विगत् 22 मई को विकास कुमार पुत्र जय कुमार निवासी गांव रण्ढेड़ी थाना गंगोह की तहरीर पर उसके साले संदीप कुमार की बुलेरो पिकअप गाड़ी को रूकवाकर तमंचे के बल 2320 रूपये लूटने के संबंध में उत्तम पुत्र सुधीर निवासी चन्द्रपाल खेड़ी थाना नकुड व सागर पुत्र ना मालूम निवासी लतीफ्पुर थाना नकुड़ के खिलाफकोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आज थाना नकुड़ पुलिस टीम ने ककराला तिराहे के पास से दोनों नामजद आरोपियों उत्तम व सागर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गये 2320 रूपये व घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिये। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गांव लतीफ्पुर रोड के पास शाहजहांपुर की ओर से आ रही बुलेरो पिकअप गाड़ी को लिफ्ट मांगने के लिए रूकवाई थी तथा चालक को तमंचे के बल पर आतंकित करते हुए 2320 रूपये लूट लिये थे।

## गंदा और रसायन युक्त पानी पीने से कई गोवंश जानवरों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ चीनी मिल परिसर में कई गोवंश जानवरों की मौत हो चुकी है। बुधवार को भी एक सांड की रसायन युक्त पानी पीने से मौत हो है तो गायों को इलाज कर बचाया जा सका। शहर के बाईपास के निकट एक गाय गंभीर रुप से घायल पड़ी थी। सूचना पाते ही भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मौके पर जाकर गाय का उपचार करा कर गौशाला पहुंचा दिया। भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि चीनी मिल के बैगास परिसर में गंदा और रसायन युक्त पानी बहता है। प्रदूषित पानी पीने से सांड बीमार हुआ और उसकी मौत हो गई।

## अस्पताल को किया सील

**लखीमपुर खीरी।** निघासन एसीएमओ एसपी मिश्रा ने निजी अस्पतालों की जांच की। सिंगाही मार्ग पर चल रहे अंजली अस्पताल का पंजीकरण नहीं होने पर सीज कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी ने बताया कि एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा और डॉ. एमके शुक्ला अंजली अस्पताल पहुंचे। जहां एक महिला का ऑपरेशन किया जा रहा था। टीम को देखकर अस्पताल के लोग भाग निकले। अस्पताल में कोई भी कर्मचारी नहीं मिला। भर्ती मरीज को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में मौजूद एक महिला कर्मचारी कोई भी कागज टीम को नहीं दिखा सकी।टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि अस्पताल में बीएएमएस डॉ. ऑपरेशन कर रहा थे। उनको भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। अस्पताल के एमडी प्रहलाद ने बताया कि नवीनीकरण की फाइल पड़ी थी। सर्जन से ही ऑपरेशन कराया गया था।

## हर्षोउल्लास व श्रद्धा भावना से किया जा रहा है विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** भीरा कस्बे की हनुमान कमेटी के द्वारा बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 25 मई दिन शनिवार की रात्रि दशम विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन हर्षोउल्लास व श्रद्धा भावना से किया जा रहा है। कमेटी दवारा बताया गया कि 25 मई को रेलवे स्टेशन के प्रांगण में विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमंत्रित कलाकार धर्मेंद्र पांडे अयोध्या, पुनीत पागल बनारस, कश्यप ब्रदर्स कानपुर के द्वारा बाबा का गुणगान किया जाएगा 26 मई को प्राचीन हनुमान मंदिर पर विशाल अंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## हत्या के प्रयास में वांछित तीन अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया है। गौरतलब रहे कि 22 मई को रफ्ल सिंह पुत्र करताराम निवासी ग्राम कपासी थाना नागल ने अभियुक्त अनित उर्फ राहुल, दीपक पुत्रगण रविन्द्र, रविन्द्र पुत्र रकमसिंह निवासीगण ग्राम कपासी थाना नागल, दीपक का बहनोई अजय उर्फ विक्की पुत्र विनोद निवासी ग्राम उमरी थाना रामपुर मनिहारन व अनित का दोस्त गौरव पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम पावती थाना कैराना जिला शामली पर एकराय होकर घर मे घुसकर उसके पुत्र मोहित व वादी पर चाकुओ से हमला करके गंभीर रुप से घायल कर देने के संबंध में थाना नागल पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना प्रभारी नागल ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना नागल पुलिस ने वांछित हमलारोपी रविन्द्र पुत्र रकम सिंह, अनित पुत्र रविन्द्र व दीपक पुत्र रविन्द्र निवासीगण कपासी थाना नागल को



ग्राम कपासी के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दीपक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमें में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। पूछताछ करने पर हमलारोपियों ने एक स्वर में बताया कि हम तीनो व हमारे 02 अन्य साथी अजय व गौरव का रफ्ल सिंह के साथ खेत की मेढ़ काटने को लेकर विवाद हो गया था। तभी हम सबने मिलकर झगडे का बदला लेने के लिये रफ्ल सिंह के घर में घुसकर रफ्ल व उसके पुत्र के साथ गाली गलौच कर, जान से मारने की नीयत से उन दोनो के साथ मारपीट की। जो चाकू दीपक से बरामद किया है, उसी से रफ्ल व उसके पुत्र पर हमला किया था। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओमेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक असगर अली, हैड कांस्टेबल आजाद सिंह शामिल रहे।

## तथागत् गौतम बुद्ध के आदर्शो को अपनाने पर दिया जोर

### बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर धम्मदेशना व चीवर दान का भव्य कार्यक्रम मनाया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बुद्धिस्ट एसोसिएशन फार वेलफेयर एंड एज्युकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या धम्मदेशना व चीवर दान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने तथागत् गौतम बुद्ध के बताये गये मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया।



नागल रोड ग्राम सुमरी स्थित बुद्धिस्ट संस्कृति संस्थान, महामाया बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या धम्मदेशना व चीवर दान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भिक्खु नागभूषण, भंते धम्मनदा भंते करुणा सागर, भंते निर्भय सागर, भिक्खु संघ ने धम्म देशमा के अन्र्तगत तथागत बुद्ध द्वारा बताए गये मार्ग पर सभी व्यक्तियो को चलने के लिए प्रेरित किया। भिक्खु नागभूषण ने सभी को पंचशील का महत्व बताया। मुख्य अतिथि सर्जन हरविन्द्र कुमार मेरठ ने भी तथागत बुद्ध के विचारों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम संयोजक सुशील बौद्ध ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बुद्धिस्ट संस्कृति संस्थान महामाया कुंज विहार के विषय में भी जानकारी दी। भिक्खु संघ को चीवर व संघदान किया गया। कार्यक्रम में संगीत प्रचार मण्डली ज्वालापुर, मोदीमल तेमवाल, राजवीर सिंह बौद्ध, संजीव नौटियाल, रेणू गौतम, गौतम प्रधान, रोहित गौतम, रणवीर गौतम, मा.दीप चंद, सुशील बौद्ध, प्रवीण गौड़, अभिषेक कुमार, पमालाल, ब्रहमपाल, गौतम प्रधान, एस. डी. गौतम आदि हजारो की सख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## 110 ग्राम नाजायज चरस के साथ नशा तस्कर को दबोचा



**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 110 ग्राम चरस नाजायज बरामद की है।

थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 01 शातिर नशा तस्कर वसीम पुत्र नूरआलम निवासी विश्वास नगर कालोनी थाना मण्डी को कस्बा मण्डी से गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 110 ग्राम चरस नाजायज बरामद हई। पकड़े गए नशा तस्कर के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर वसीम ने बताया कि वह चरस सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेता है। आज जब वह चरस बेचने जा रहा था तो पुलिस टीम ने मुझे पकड़ लिया। नशा तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सोलंकी, हैड कांस्टेबल राहुल त्यागी शामिल रहे।

## पॉलिटेक्निक छात्र की गला रेंत कर की निर्मम हत्या



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नागल क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में एक पॉलिटेक्निक छात्र की गला रेंत कर निर्मम हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए छह आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। नागल क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी पिंकी का बेटा गौरव कस्बे में एक लैब पर काम करता था। जो पॉलिटेक्निक का छात्र भी था। बुधवार देर रात रात वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी हत्या कर दी गई। जब वह घर नहीं पहुंचा तब परिजनों ने तलाश शुरू की। उसका शव गांव के बाहर सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। युवक की हत्या की सूचना पर मृतक के परिजनो मे कोहराम मच गया। मृतक युवक के परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते युवक के हत्या होने की आंशका जताई है। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि हत्या की सूचना पर उनके द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना स्थल से साक्ष्य संकलन की कारवाई की गई। मृतक के गले पर चोट का निशान था। पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया। परिजनो की तहरीर के पर छह लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा हत्या के खुलासे को तीन टीमो का गठन किया गया है। उन्होने बताया कि शीघ्र ही घटना का सफल खुलासा कर दिया जायेगा।

## संस्थाओं पर फर्जी आयु प्रमाण पत्र जारी करने का लगाया आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ के कपिल मोहड़ा ने कुछ संस्थाओं पर फर्जी आयु प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोग खिलाड़ियों व छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है और खेल कोटे में नौकरी पाकर उनके हकों को छीनने का काम कर रहे है। उन्होंने शासन-प्रशासन से ऐसी संस्थाओं की गहनता से जांच कराने की मांग की, ताकि खिलाड़ी हतोत्साहिति न हो सकें। कपिल मोहड़ा आज यहां आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। बजरंग दल के पूर्व विभाग संयोजक कपिल मोहड़ा ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व विश्व हिन्दू महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के वीसी को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें महाराज सिंह डिग्री कॉलेज के एक विद्यार्थी द्वारा आयु के फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर स्नातक में प्रवेश लिये जाने का मामला उठाया था। उन्होंने बताया कि इसी विद्यार्थी द्वारा वर्ष



2017 में भी स्नातक में प्रवेश लिया गया था, तब उसके द्वारा प्रस्तुत किए दस्तावेज व वर्तमान में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में लगभग 13 साल का अंतर पाया गया। श्री मोहड़ा ने बताया कि यह विद्यार्थी 2017 में भी कॉलेज की ओर से बॉडी बिल्डिंग में यूनिवर्सिटी गेम में प्रतिभाग कर चुका है और वर्तमान में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से पुनः प्रवेश प्राप्त कर विगत् फरवरी माह में कालीकट यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग करने हेतु गया, जहां पर आयु प्रमाण पत्रों में शक होने पर खेलने नहीं दिया गया, जिस कारण यूनिवर्सिटी की छवि राष्ट्रीय पटल पर धूमिल हुई है। साथ ही ऐसे खिलाड़ी द्वारा एक पात्र खिलाड़ी व एक पात्र विद्यार्थी के हक का भी हनन किया गया है। कपिल मोहड़ा ने बताया की दिसंबर 2021 में भी एक संस्था के विरुद्ध आंदोलन किया गया था तथा 2022 में भी मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की गयी थी, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नही की गयी। कपिल मोहड़ा ने बताया कि ऐसे खिलाड़ी केंद्र के सरकारी विभागों में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से खेल कोटे के अंतर्गत भर्ती है, उनकी गहनता से जांच हो। कपिल ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और उसे बड़े तंत्र का खुलासा होगा। बैठक में विहिम से दुष्यंत चौधरी, अंकित पंवार, चेतन शर्मा, नीटू, हिमांशु, नितिन पंवार, वासु, नवीन आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अब आरोपी महिला ने भी एसएसपी से लगायी न्याय की गुहार



**सहारनपुर।** साहबजी नगर में डस्टबिन तोड़े जाने व महिला से मारपीट प्रकरण में अब नया मोड़ आ गया है। अब आरोपी महिला ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की। साहबजी नगर निवासी महिला रेखा सिंह पत्नी रविन्द्र कुमार बालियान कुछ महिलाओं के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने एसएसपी डॉ.विपिन ताडा को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि वह घर में अकेली रहती है, उसका पति व लड़का नोएडा में सर्विस करते है। जब वह अपने घर के बाहर सफाई करती है, तो विपक्षी जो ट्रक चालक है बदनियती से उसका सफाई करते समय उसका वीडियो बनाकर उसे वायरल करता है और उसको डराता व धमकाता है कि मैं तुझे इतना परेशान कर दूंगा कि तू मकान बेचकर चली जायेगी। उसने कहा कि पीड़िता घर में अकेली रहती है, जिससे उसे अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है।

# इंडी सरकारें संविधान को नहीं मानती: भूपेंद्र

## ममता सरकार पर बरसे भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मुस्लिम ओबीसी आरक्षण पर किया प्रहार

अवधनामा संवाददाता



- धार्मिक आधार पर आरक्षण संविधान की मूल भावना के खिलाफ है
- इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान और भी ज्यादा शर्मनाक हैं

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को आजमगढ़ में कहा कि बीते दिन कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल की इंडी सरकार द्वारा वर्ग विशेष को खुश करने के लिए जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्रों को खारिज करते हुए ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को खारिज कर दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट का यह निर्णय का स्वागत योग्य है।

उन्होंने कहा कि, अदालत का यह निर्णय इंडी गठबंधन की तुष्टिकरण की नीतियों पर करारा तमाचा है। इस निर्णय के बाद अब देशभर में इस विषय पर बहस होनी चाहिए और जहां-जहां भी संविधान में छेड़छाड़ कर धर्म और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण आरक्षण की लूट हुई हो उसकी समीक्षा हो। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की इंडी सरकार ने नियमों को ताक पर रखकर 118 मुसलमान जातियों को ओबीसी बना दिया और ओबीसी आरक्षण का गलत तरीके से लाभ देकर संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ करने का काम किया था। यह निर्णय इस बात की सिद्धि के लिए पर्याप्त है कि इंडी सरकारें संविधान को नहीं मानती और आरक्षण की लूट कर उसका फायदा अपने तुष्टिकरण अभियान के तहत मुसलमानों को ही देना चाहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संविधान के साथ विश्वासघात किसी भी सूरत में नहीं होने देगी और अदालत के निर्णय को लागू करवाने की दिशा में प्रयास भी करेगी। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सभी घटक दल इसी मानसिकता पर काम कर रहे हैं और वे दलित, ओबीसी और आदिवासियों का हक़ छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। जब तक भाजपा है, वह दलित, ओबीसी और आदिवासियों के अधिकारों पर किसी को भी डाका नहीं डालने देगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अदालत के निर्णय के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान और भी ज्यादा शर्मनाक हैं। कैसे ममता बनर्जी यह कह रही हैं कि वे अदालत के निर्णय को नहीं मानेंगी। उनकी भाषा यह बता रही है कि ये लोग संविधान से नहीं बल्कि तुष्टिकरण की नीति से सरकार चलाती हैं। इस विषय पर कांग्रेस नेताओं के भी बयान चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस तरह से आरक्षण की लूट बंद होनी चाहिए। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग जिसे मोदी सरकार ने ही संवैधानिक दर्जा देने का काम किया है वह भी विभिन्न राज्य सरकारों की ऐसी नीति का विरोध कर चुका है। ओबीसी आयोग के मुताबिक धार्मिक आधार पर आरक्षण संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। उसने कई राज्य सरकारों को इस संबंध में नोटिस भी जारी किए हैं। 4 जून को मोदी सरकार बनने के बाद इस दिशा में और भी ज़रूरी काम किए जाएँगे। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वो विपक्षियों की इस साजिश को समझें और उसके आधार पर अपने वोट की ताकत से इनका बहिष्कार करें। समाज विरोधी, संविधान विरोधी, तुष्टिकरण कर आरक्षण पर डाका डालने वाले ये इंडी दल विपक्ष में भी बैठने के भी हकदार नहीं हैं।

# हाइवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता



ट्रक स्वामी का कटा पैर, घंटो मची रही अफरा तफरी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** थानाक्षेत्र के कोवापट्टी गांव के समीप फोरलेन किनारे स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने एक खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया। जोरदार टक्कर में पहले से खड़ी गेहूं लदी ट्रक पलट गई जबकि पीछे से टक्कर मारने वाली पशु आहार लदी ट्रक के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में पशु आहार लदी ट्रक में सवार ट्रक स्वामी का पैर कट गया जबकि चालक व खलासी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस क्रेन से फोरलेन पर पड़ा मलबा साफ कर आवागमन चालू कराने के बाद दोनो शवो को कब्जे में लेकर आवश्यक कारवाई में जुटी हुई है। वही घायल ट्रक स्वामी का प्राथमिक उपचार सीएचसी तमकुही में होने के बाद स्थिति गंभीर होने की दशा में उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

बुधवार की देर रात्रि तमकुहीराज थानाक्षेत्र के कोवा पट्टी के सामने फोरलेन किनारे स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर एक गेहूं लदी ट्रक खड़ी थी। तभी बिहार की तरफ जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पशु आहार लदी ट्रक ने पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दिया। तेज आवाज के साथ हुए इस जोरदार टक्कर में पहले से खड़ी ट्रक फोरलेन पर पलट गई जबकि दूसरे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में टक्कर मारने वाले ट्रक पर सवार ट्रक स्वामी कसया निवासी विनोद गुप्ता 50 का पैर कट गया। जबकि ट्रक पर चालक व खलासी का कार्य करने वाले पटहेरवा थानाक्षेत्र के अजय यादव 25 निवासी गगलवा व नागेन्द्र यादव 35 निवासी सुल्तानपुर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस दोनो शव को कब्जे में लेकर एनएचएआई के एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायल ट्रक स्वामी विनोद गुप्ता को इलाज के लिए सीएचसी तमकुही भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने उन्हे जिला अस्पताल पडरौना व मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नवीन सरस्वती ज्ञान मंदिर आलमपुर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सम्मान तथा पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने बच्चों को पढ़ाना चाहिए, जिससे वह भविष्य में आगे बढ़ सके। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि तरक्की एवं खुशहाली के लिए शिक्षा ही बेहतर साधन है। शिक्षा की वजह से ही डॉ. अब्दुल कलाम भारत के राष्ट्रपति के पद तक पहुंचे। इन विभूतियों का हमको अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा पर जो देते हुए कहा कि बालिकाओं के पढ़ने से दो परिवार शिक्षित होते हैं, इसलिए सभी अभिभावक अपनी-अपनी बेटियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ग्रहण कराएं। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बच्चों को पुरुस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मनोज चतुर्वेदी, सुनील पटवा, रमेश मिश्रा, अरविंद सिंह राठौर, जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल, विद्युत उपखंड अधिकारी आदर्श राज, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## तालकटोरा कर्बला में मजलिसे यादे शोहदा का इंऐक़ाद

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ में तालकटोरा कर्बला में रौज़ा ए इमामे



हुसैन अलैहिस्सलाम पर मजलिसे यादे शोहदा का इन्ऐक़ाद किया गया। मजलिस का आग़ाज शब में 8 बजे तिलावत कलामें पाक से हुआ। ईरान के सद्र इब्राहीम रईसी व दीगर साथियों के अचानक हुए हादसे पर जां बहक़ होने पर ईसाले सवाब के लिए मजलिस का इन्ऐक़ाद किया गया था। इस मजलिस को आली जनाब मौलाना नईम अब्बास साहब क़िब्ला ने खिताब किया। मजलिस में मौलाना ने बताया कि शहीद का क्या मर्तबा होता है। मौलाना ने कहा कि जो आले मुहम्मद की मोहब्बत दिल में रखकर मरता है वह शहीद होता है।

## डीएम व एसपी ने जायजा लिया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय जी व जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने विशिष्ट मंडी स्थल कालपी रोड उरई स्थित वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर लगाए गए सीसीटीवी, कैमरो से निरंतर निगरानी की जा रही है, सी सी टी वी कण्ट्रोल रूम में पहुँचकर देखा सभी कैमरे संचालित मिले। ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट और पुलिस तैनात थे तथा अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे।राजनीतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी निगरानी कराते पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मानक एवं प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति व वाहन को अंदर न आने दिया जाए। यदि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी भी निरीक्षण करने आते हैं तो उनकी भी पहचान एवं वाहन चेक करें और उनकी पूरी पहचान करने के बाद ही समाधान होने पर गेट से अंदर जाने दिया जाए। 45 ङ्क जालौन, भोगनीपुर, गरौठा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान सम्पन्न हुआ था। मतदान के बाद श्वङ्करू को विशिष्ट मंडी कालपी रोड उरई में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं, यहां अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एक कंट्रोल रूम बनाया है, जिसमे एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 5000 से ज्यादा अवैध शस्त्र बनाने वाले ठिकानों पर छापे

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अभी तक अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। शांति भंग की आशंका में 28 लाख से ज्यादा लोगों को पाबन्द करने के नोटिस भेजे गए हैं। इनमें 26.47 लाख को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अलावा 9895 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9978 कारतूस, 3099 किलो विस्फोटक व 581 बम बरामद कर सीज किए गए। अवैध शस्त्र बनाने वाले 5072 केन्द्रों पर छापे मारे गए। इनमें से 188 केन्द्रों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि अबतक कुल 493.68 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं। इसमें 91.89 करोड़ नकद, 55.17 करोड़ की शराब, 238.46 करोड़ की ड्रग, 24.12 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं, 55.67 करोड़ के मुफ्त उपहार आदि शामिल हैं।

# बुद्धपूर्णिमा को हुआ विश्व एकता एवं विश्व शान्ति का उद्घोष

अवधनामा संवाददाता



- सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी और समाजसेवी मुरलीधर आहूजा को मानद सदस्यता से नवाजा गया

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी को बुद्धपूर्णिमा के पावन अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

महाबोधि सोसाइटी द्वारा स्थानीय रिसालदास पार्क में आयोजित प्रार्थना सभा में जहाँ एक ओर विश्व एकता एवं विश्व शान्ति को जोरदार उद्घोष हुआ तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. संस्थापक डा. भारती गाँधी एवं स्वं. डा. जगदीश गाँधी के विश्व एकता, विश्व शान्ति, सर्वधर्म समभाव एवं भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के प्रयासों को सराहा गया। इस अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह ने डा. भारती गाँधी मानद सदस्यता से नवाजते हुए कहा कि सर्वधर्म समभाव एवं महात्मा बुद्ध की विश्व एकता एवं विश्व शान्ति की शिक्षा को आगे बढ़ाने में सी.एम.एस. संस्थापक डा. भारती गाँधी एवं स्वं. डा. जगदीश गाँधी का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रार्थना सभा में बौद्ध समाज की गणमान्य हस्तियों के साथ ही प्रख्यात समाजसेवी श्री मुरलीधर आहूजा, उ.प्र. जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री श्री अब्दुल वहीद व चैयरमैन अजीज सिद्दीकी सहित लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विदित हो कि डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में सिटी मोन्टेसरी स्कूल भावी पीढ़ी को मानव कल्याण, विश्व बन्धुत्व एवं ईश्वर भक्ति के उच्च आदर्शों का समावेश करके सच्चे अर्थों में पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कर्तव्य निभा रहा है। 'जय जगत' व 'वसुधैव कुटुम्बकम' की विचारधारा सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति का मूलमंत्र है तथापि अपनी स्थापना के 65 वर्षों के अनवरत प्रयासों के उपरान्त सी.एम.एस. आज विश्व एकता व विश्व शान्ति का अग्रदूत बन चुका है।श्री मुरलीधर आहूजा द्वारा इस अवसर पर सभी बौद्ध अनुयायियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा गया कि आज पूरी दुनिया में अशांति फैली हुई है। यूक्रेन-रूस, ईरान-इजराइल, फिलीस्तीन आदि युद्धों ने मानवता को शर्मसार किया है। ऐसे में भगवान बुद्ध का धम्म ही शांति का मार्ग है। महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डाक्टर महेंद्र सिंह द्वारा माननीय अतिथियों का अभिनंदन तथा उनको प्रमाणपत्र, भगवान बुद्ध का अनुपम छवि चित्र और 1956 में नागपुर में महाबोधि सोसाइटी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम विवरणिका की प्रति दी गयी। डॉक्टर महेंद्र सिंह ने भगवान बुद्ध के भवतु सब्ब मंगलम् की अवधारणा के अनुरूप सभी के कल्याण की कामना की।भिक्खु इंचार्ज भंते ज्ञानालोक ने धम्मपद को उद्धृत करते हुए समस्त मानवों के लिए मंगल मैत्री की कामना की। इस अवसर पर अब्दुल वाहिद जी ने वर्तमान युद्ध के माहौल को मानव जाति के लिए खतरा बताते हुए अमन शांति के लिए बुद्ध की प्रासंगिकता पर बल दिया।

# बुद्ध जयंती पर कवि सम्मेलन संपन्न

## पूर्व मंत्री द्वारा सैकड़ो साहित्यकारों व समाज सेवकों का सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित बुद्धा पार्क में बुद्ध जयंती समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर राम आसरे सिंह कुशवाहा पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉक्टर गुर्जर लखनवी ने किया। विशिष्ठ अतिथि प्रवीण पाण्डेय आवारा व महेश साहू उर्फ दद्दू थे। समारोह का कुशल संचालन राम राज भारती फतेहपुरी ने किया। इस अवसर पर एसोशियेसन के पदाधिकारी सदस्य व विशाल जन समूह उपस्थित रहा। कार्यक्रम का आरंभ प्रवीण कुमार पांडेय आवारा द्वारा प्रस्तुत बुद्ध वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि एवं सभी के द्वारा बुद्ध जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर एवं चबूतरे पर मोमबत्तियां जलाई गई। इसके बाद प्रदेश से आए पवन कौशांबी, विमल वैरागी, भारत सिंह मौर्य, पूनम विष्ट, किरण, मुकेशानंद, विनोद देव वंशी, गिरीश कुशवाहा, विमल कुमार शाक्य आदि ने अपनी कविताओं, गीत, गजल , छंदों व विचारों से सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने तथागत के संदेशों की जानकारी देते हुए उनके द्वारा बताए गए सम्यक मार्ग पर चलने का आवाहन किया गया। सभी कवियों, समाज सेवियों, पत्रकारों को सम्मानित किया गया। अंत में संयोजक गिरीश कुशवाहा द्वारा सभी आगंतुको का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन को घोषणा की गई।

# क्या भाजपा जालौन गरौठा सीट पर अंतर विरोधों के चलते पिछड़ जाएगी

अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** जालौन गरौठा संसदीय सीट पर मतदान पिछले बार की तरह ही मामूली गिरावट के साथ संपन्न हो गया है। आम जनमानस में इस बात की चर्चा अब तेज हो गई है की किस दल का प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल होगा। मोदी लहर के चलते पिछले दो बार से भानु प्रताप वर्मा बड़े अंतर से जीत हासिल कर रहे हैं। इस बार भी भारतीय जनता पार्टी ने उनका कद बढ़कर इस बार उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश में जिस तरीके से अपना जन आधार समाज के प्रत्येक वर्ग में बनाया है वह भारतीय जनता पार्टी को निर्णायक बढ़त प्रदान करता है। मतदान के पूर्व तक भारतीय जनता पार्टी अजेय स्थिति में दिखाई दे रही थी। परंतु मतदान के बाद चर्चाएं मुकाबला को कांटे का बता रही हैं। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आ रहा है कि विपक्ष जीत के प्रति जितना आश्वस्त नहीं है उससे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी का एक वर्ग हार के प्रति निश्चितता प्रकट कर रहा है। ऐसा लगता है भारतीय जनता पार्टी का अंतर विरोध इस चुनाव में पूरे जोर-शोर से चलाहै। उल्लेखनीय है कि जनपद भाजपा में स्पष्ट तौर पर दो वर्ग बने हुए हैं यह दोनों वर्ग बड़े स्तर पर पार्टी में अंतर विरोध पैदा कर रहे हैं। यद्यपि शीर्ष नेतृत्व जानते हुए भी इस संदर्भ में कुछ भी नहीं कर रहा है। लेकिन शीर्ष नेतृत्व की यह चुप्पी कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत असहज करने वाली हो रही है। जनप्रतिनिधियों के आपसी द्वन्द्व व संगठन के मुखिया बनने की होड़ में दोनों वर्ग के नेता कार्यकर्ताओं को मानसिक प्रताड़ना पिछले 5 वर्षों से बराबर दे रहे हैं। इन चुनाव में जो क्षेत्र से खबरें आ रही हैं उनके अनुसार भाजपा के प्रभावी ग्रामों में भारतीय जनता पार्टी का मत कटा है। यह क्षेत्र उन जनप्रतिनिधियों व संगठन के प्रमुख लोगों का है जो पिछले 7 वर्षों से सत्ता का सुख भोग रहे हैं।

# डीएम व एसपी ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर में अन्य राज्यों/अन्य जनपदों से आये सुरक्षा बल, केंद्रीय सुरक्षा बल एवं जनपद के पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण व जोनल मजिस्ट्रेट/ सेक्टर मजिस्ट्रेट की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

कहा कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन कराया जाये। सुरक्षित तथा भयमुक्त माहौल में मतदाताओं को बिना किसी प्रभाव के स्वतन्त्र रूप में मतदान कराया जाये। मतदान केन्द्र पर आये आशक्त/ दिव्यांग मतदाताओं की सहायता की जाये तथा मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आये व्यक्तियों को व्यवस्थित/लाइन लगवाकर मतदान कराया जाये। बूथ के बाहर तथा मतदान केंद्र के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा मतदान केन्द्र के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाये। चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी भी राजनैतिक दल तथा व्यक्ति के बारे में चर्चा/टिप्पणी न की जाये । सभी पुलिस कर्मियों से अपनी-अपनी ड्यूटी पर निर्धारित समय पर पहुँचने हेतु निर्देशित किया गया । पोलिंग पार्टियों के साथ लगे पुलिस बल को समय से पोलिंग पार्टियों के साथ मतदान स्थलों पर पहुँचना तथा मतदान समाप्ति के बाद उसी वाहन से स्ट्रांग रूम तक ईवीएम को सुरक्षित पहुँचाना हमारा दायित्व है। फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी), स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी), द्वारा 24 घण्टे सतर्क दृष्टि रखी जाये । अन्तरजनपदीय सीमाओं पर बने पुलिस चेक पोस्टों पर दिन व रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जाये। क्यूआरटी, क्लस्टर मोबाइल, सेक्टर मोबाइल, जोनल मोबाइल, रिजर्व मोबाइल में लगे पुलिस बल द्वारा लगातार भ्रमण शील रहकर प्रभावी एवं सतत् चेकिंग की जाये। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा मतदान हेतु नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा किया जाये। चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के उपरान्त ऐसे समस्त व्यक्ति जो उस क्षेत्र के मतदाता नही है, उन्हे तत्काल चुनाव क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिये तथा इस सम्बन्ध में अभी से उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। होटल, सराय, कमेटी हॉल, गेस्ट हॉउस आदि की नियमानुसार चेकिंग सुनिश्चित की जाये। चुनाव ड्यूटी/मतदान केन्द्र पर किसी भी व्यक्ति/किसी भी दल से खाना, अन्य सामग्री अथवा अन्य सहायता प्राप्त न की जाये, सभी कर्मिकों का खाना/नाश्ता आदि उनके ड्यूटी स्थल पर ही पहुँचाया जायेगा। मतदान केंद्रो की 100 मीटर की परिधि में चुनाव/पुलिस/ प्रशासन के अधिकारियों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, वायरलेस आदि का प्रयोग प्रतिबन्धित है, इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। गर्मी का मौसम है, सभी अपने-अपने स्वास्थ्य का ध्यान भी रखे तथा अपने साथ दैनिक उपयोग में लायी जाने वाली सामग्री को अपने पास अवश्य रखे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को अनुशासित रहने अपना पहचान पत्र अपने पास रखने, निष्पक्ष रहने, निष्ठा एवं कार्यकुशलता से कार्य करने, सतर्कता, विवेक तथा विनम्रता, दृढ़ता से अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा साथ ही सेवा, सुरक्षा तथा संवेदना के भाव के साथ संवेदनशील व्यवहार तथा संवाद करने तथा सभी के साथ समान व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# क्रिटिकल पल्मोनरी स्ट्रेनासिस से पीड़ित गंभीर लक्षणों वाले मरीज की जटिल सर्जरी कर मरीज को दिया नया जीवन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के कार्डियोलॉजी टीम ने एक चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम देते हुए बच्ची इसिता जिसकी उम्र 12 वर्ष का जीवन बचाने में सफल हुए यह बच्ची जन्मजात हृदय विकार से ग्रसित थी जिसके कारण वह न तो सामान्य बच्चों की तरह अपने दोस्तों के साथ खेल नही पाती थी और न ही स्कूल जा पाती थी जिसके उपचार हेतु उसके परिजन शहर के कई अस्पतालों में सम्पर्क कर परामर्श लिया परन्तु समस्या जस की तस बनी रही। तदोपरान्त मरीज के परिजनों ने अपनी बच्ची को विवेकानन्द अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में दिखाया तो संस्थान के हृदय विशेषज्ञ द्वारा मरीज का टूडी-इको किया गया जिससे पता चला की मरीज एक गंभीर बिमारी ट्रेट्रोलॉजी ऑफ फेलो विथ क्रिटिकल पल्मोनरी स्ट्रेनासिस से पीड़ित थी। जिसके कारण मरीज का साफ और गंदा खून मिश्रित हो जाता था नया खून साफ होने के लिए फेंफड़ों मे जाने वाला रास्ता पतला (सकरा) हो जाता था इस मरीज में यह रास्ता बिल्कुल बंद होने के कगार पर था। बिमारी की गंम्भीरता और चुनौती को देखते हुए संस्थान के हृदय शल्य चिकित्सक डा. अरविन्द कुमार वर्मा व क्रिटिकल केयर के हेड डा0 राजीव गुप्ता व उनकी पैरामेडिकल एव सहायेगी टीम ने मरीज की शल्य क्रिया करने का निर्णय लिया।



शल्य क्रिया के पहले सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मरीज को बेहोश करके हार्टलंग मशीन पर ले जाने से पहले कोई अप्रिय घटना न घट जाये, परन्तु इन सम्बन्धित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी सावधानीपूर्वक प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। यह जटील सर्जरी लगभग 5 घण्टों तक चली और कार्डियक और क्रिटिकलकेयर टीम ने मरीज के छिद्र को सफलतापूर्वक बंद कर दिया। सर्जरी के पश्चात मरीज को कुछ समय कृतिम श्वसन प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया और बाद में एक्सटुबेट कर दिया गया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है और दो तीन दिनों में उसकी छुट्टी कर दी जायेगी। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने मरीज के सफल आपरेशन पर संस्थान के चिकित्सकों एवं उनकी टीम को बधाई दी और साथ ही साथ यही भी बताया कि अस्पताल मरीजों के उपचार में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। डा अरविन्द कुमार वर्मा, हृदय शल्य चिकित्सक चुनौती कठिन थी परन्तु स्वामी विवेकानन्दजी के आर्शीवाद से कठिन शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की समस्त तैयारियों की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि मतदान की तिथि पर मतदान केंद्रों के आसपास के 200 मीटर के क्षेत्र में किसी भी चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों और अधिकृत चुनाव/पुलिस अधिकारियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को, भले ही उसे किसी भी प्रकार की सुरक्षा प्राप्त हो, ऐसे सुरक्षा कर्मियों के साथ किसी भी मतदान केंद्र या मतदान केंद्र के आस-पास प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मतदान केंद्र की सुरक्षा के लिए तैनात सीएपीएफ सहित सभी पुलिस बल मतदान दिवस से एक दिन पहले (24 मई, 2024) संबंधित मतदान केंद्रों पर स्थिति संभालेंगे और नियंत्रण करेंगे।

मतदान के दिन मतदान बूथ के अन्दर की गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीएपीएफ का एक कर्मी मतदान बूथ के दरवाजे पर स्थिर या गतिशील रहेगा। राज्य पुलिस मतदान केंद्र परिसर के अंदर और बाहर (मतदान केंद्रों से अलग) सामान्य कानून और व्यवस्था के रखरखाव के लिए पूरी तरह जिम्मेदार रहेगी। राज्य पुलिस बल किसी भी परिस्थिति में, मतदान केंद्रों पर सीएपीएफ की जगह नहीं लेगा। स्थानीय राज्य पुलिस का कोई भी अधिकारी, दल के साथ या उसके बिना, खुद को मतदान केंद्र पर तैनात नहीं करेगा और मतदान केंद्र पर सीएपीएफ पर कोई पर्यवेक्षण और नियंत्रण नहीं रखेगा। उम्मीदवार, निर्वाचन अभिकर्ता और उम्मीदवार के कार्यकर्ताओं/पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक-एक वाहन की अनुमति है, जिसमें ड्राइवर सहित 5 से अधिक व्यक्तियों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूचना

सूचित हो कि मैं दि. 20.05.2024 को सुबह 11.00 बजे अपना थैला दीवानी कचहरी लेकर गई थी, जिसमें एक बैनामा दि. 05.01.2004 देवेन्द्र कपिल जिसकी बही सं0 1, जिल्द 340, पृष्ठ 491-504 द0 नं0 65 जो सब रजिस्ट्रार स.पुर में पंजीकृत है उसमें मेरा आधार कार्ड आदि भी है कचहरी के आसपास गिर गया है काफी ढूंढा नहीं मिला, किसी भी व्यक्ति द्वारा मेरे कागजात व बैनामे का दुरूपयोग गैर कानूनी होगा। रचना द्वारा एड. पंकज ठाकुर, 141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो.9675983535

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, लखनऊ, द्वारा अपने ग्राहक श्री आनन्द कुमार एवं श्रीमती सुलेखा ने एक सम्पत्ति एक किता भूखण्ड रकबा 900 वर्गफिट जो भूमि खसरा संख्या- 1047 का अंश है स्थित- कनौसी, वार्ड- केसरीखेड़ा, जिला- लखनऊ को उसकी वर्तमान स्वामिनी श्रीमती प्रेमा देवी शुक्ला से क्रय करने हेतु आवासीय ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्माति की पूर्व श्रृंखला से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र दिनांकित 24.10.1988 जो श्री कृपा शंकर शुक्ला के पक्ष में निष्पादित है जो पुस्तक सं0-1, जिल्द सं0-3570 के पृष्ठ सं0-81 से 82 पर क्रम सं0-228/1990 के रूप में दिनांक 03.02.1990 को निबन्धित है, उनके अनुसार कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति व संख्या को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 7 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

**(एम.एम. सिद्दीकी)**
**एडवोकेट**
**मो0 8896584050**
**कार्यालय: भूतल, मक्का मंजिल, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ।**

# देश की तरक्की के लिए महिलाओं का हुनरमंद होना आवश्यकः डॉक्टर बबिता वर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज -अयोध्या।** गांव की महिलाएं जो आर्थिक तंगी के चलते अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सकी तथा घर गृहस्थी के जंजाल में जिनकी ख्वाहिश पूरी नहीं कर सकी ऐसी महिलाओं के लिए नाबार्ड के सहयोग से ओंकार सेवा संस्थान एक नई आशा की किरण लेकर आया हैं ।अमानीगंज विकासखंड के श्रीमती सियाराजी एन सी टी ओ पी टी इंटर कालेज मोहली में केला रेशा में नवाचार से संबंधित प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रत्येक बैच में तीस महिला को प्रशिक्षण दिया जाना है किंतु कौतूहल और नवाचार के चलते हर बैच में पैतालीस से पचास महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के सामुदायिक विज्ञान महा- विद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर बबिता वर्मा ने महिलाओं को केला रेशा से विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाना और उसे आकर्षक बनाना सिखाया। डाड़ वर्मा ने कहा कि बिना खूबसूरत दिखे उत्पादों की सही कीमत नही मिल पाती है। ऐसे में हमे साज सज्जा का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है।डॉक्टर बबिता वर्मा के साथ महाविद्यालय की डॉक्टर ममता आर्या ने महिलाओं को फूलो से रेशा की रंगाई करना,रेशा को चमकदार बनाना सिखाया।कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की मांग देश के बड़े शहरों में बहुत है। इसके लिए संस्था के देश के प्रमुख शहरों में सरकार के साथ समन्वय स्थापित करके मेला और प्रदर्शनी के माध्यम से इनकी विक्री सुनिश्चित की जाएगी,जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके। केला रेशा निर्मित उत्पादों के व्यवसाय को व्यापक स्तर पर लंबे समय तक संचालित करने के लिए संस्था के आई आई टी कानपुर ,आई आई टी दिल्ली,आई आई टी खड़गपुर,राष्ट्रीय केला अनुसंधान संस्थान त्रिची, राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान कलकत्ता, केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान मुंबई, उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर तथा नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के साथ एक समझौता किया जा रहा है जिससे अयोध्या में जनपद केला रेशा पर बड़ा कार्य हो सके। उपरोक्त सभी संस्थान राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त संस्थान है जिनसे पारस्परिक सहयोग से जनपद की महिलाओं को निश्चित रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।




निम्नलिखित बिंदुओ पर उपरोक्त संस्थानों के साथ आपसी सहमति बनी है। प्राकृतिक रेशा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी का हस्तांतरण, अयोध्या तथा पड़ोसी जनपद में प्रशिक्षण तथा अनुसंधान के कार्यों को ओंकार सेवा संस्थान के साथ संचालित किया जायेगा, आवश्यकतानुसार किसानों और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करना तथा एक्सपोजर हेतु उन्हें अपने केंद्र पर बुलाना, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के संबंध में समय समय पर प्रशिक्षण आयोजित करना, उत्पादों की विक्री में आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना। उपरोक्त बिंदुओ पर सहमति बनी है शीघ्र ही समझौता होगा, कार्यक्रम में गीता सिंह, अहिल्या देवी, गुडंबा देवी, गौरी त्रिपाठी, आरती शुक्ला, मिथिलेश, प्यारा, शिव पति सहित तीसरे बैच की सभी महिलाएं उपस्थित रही।

# टीबी मुक्त भारत सरकार कल्पना को चुना लगा रहें उनके ही मातहत

## मरीजों के साथ करते सौतेला व्यवहार, डीटीओ से हुई शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला मुख्यालय पर बने टीबी क्लिनिक में तैनात चिकित्सक डा. रोहित चौरसिया व कर्मचारियों के व्यवहार से यहां आने वाले मरीजों के प्रति सौतेले वव्यवहार को लेकर वहां से दूरी बनाने का मन बनाने लगे हैं। वहीं सरकार भारत को टीबी मुक्त बनाने की ओर जनता को जागरूक करने के लिए तमाम समाज सेवी संस्थाओं को जागरूकता अभियान चलवा रही है। यही नहीं इसी के तहत तंबाकू मुक्त अभियान भी चलवा रही हैं। जबकि उनके ही मातहत चिकित्सक व कर्मचारियों के सौतेले व्युवहार को लेकर सरकार की तमाम कोशिश बेकार साबित होती नजर आ रही हैं। ताजा मामला गुरुवार को पड़ोसी जनपद अंबेटकरनगर निवासी 33 वर्षीय राजकरन को जिला अस्पताल के फिजिसिन डॉ. अनुभव चौधरी ने राज करन को टीबी के लक्षण मिलने पर टीबी क्लिनिक में दिखाने की सलाह दिया जिसपर उनके रिश्तेदार जो कि एक समाचार पत्र से भी जुड़े हैं राजकरन को लेकर टीबी क्लिनिक गए जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. रोहित चौरसिया निकट गए तो उन्होंने पत्रकार अथवा उनके रिश्तेदार मरीज को कमरे से धक्के देकर बाहर कर दिया और कहां कि तुम कोई भी हो मैं वीआईपी सुविधा नहीं दे सकता डाक्टर के व्यवहार से आहत पत्रकार ने फोन पर सभी बाते डीटीओ डॉ. शुक्ला से बताई जिसपर उन्होंने डाक्टर के खिलाफ लिखित शिकायत करने की सलाह देते हुए शुक्रवार को अपने कार्यालय बुलाया हैं। वहीं चिकित्सक के इस व्यवहार की तमाम बाते भी सामने आई कि वह हर किसी से इसी तरह का रवैया अपनाते हैं। अब एसे में कोई ग्रामीण मरीज कैसे अपना इलाज करवाएगा यह एक बड़ा सवाल हैं कि टीबी को समाप्त करने के लिए हर नागरिक को जागरूक रहने अथवा दूसरो को जागरूक करने का माध्यम बनाया गया हैं। वहीं एक डाक्टर का यह व्यवहार अभियान में रोड़ा बन सकता हैं। इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित मरीज व पत्रकार शुक्रवार को सी एम ओ अथवा जिला क्षय रोग अधिकारी से मुलाकात लिखित शिकायत करने की बात कही हैं। इस मामले में डॉ. रोहित का कहना है कि मेरी तरफ से कोई गलत व्यवहार नहीं किया गया बल्कि मरीज लाइन में एन लगकर अपने को वीआईपी में इलाज श्रेणी में इलाज कराना चाहता था इसपर हमारे कर्मचारियों उन्हें कमरे से बाहर किया था।

## जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में विवाद

**रुदौली-अयोध्या।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तेर में पुस्तैनी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस दो महिलाओं समेत आधा दर्जन लोगों को थाने पकड़ लाई। प्रभारी निरीक्षक बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम तेर निवासी इमरान पुत्र रईस तथा भीम पुत्र अदालत के बीच गुरुवार को पुस्तैनी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद हो गया। विवादित भूमि के स्वामित्व को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने एक पक्ष के इमरान पुत्र रईस,शहनशाह पुत्र खालिद तथा दूसरे पक्ष के भीम पुत्र अदालत, शाहिद पुत्र भीम,चांद बानो पत्नी अब्दुल मन्नान तथा अंजली पत्नी शहंशाह को पकड़कर थाने ले आए।वही दूसरी ओर ग्राम तेर में ही बहन की शादी की बात को लेकर शादाब पुत्र इसरार तथा गुफरान पुत्र मुश्ताक के बीच विवाद हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शादाब को पकड़कर थाने ले आई।

## हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले की 14 सीएचसी पर दो-दो बेड

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सीएम योगी ने कुछ दिन पहले उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे। उसी क्रम अयोध्या जिले में नोडल अधिकारी /एपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले की 14 सीएचसी पर दो-दो बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिला अस्पताल में भी आठ बेड का रिजर्व वार्ड लू के मरीजों के आरक्षित किया गया है। इन सभी स्थानों पर कलर कोडिंग के माध्यम से हीट-वेव एलर्ट सम्बंधी डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। हीट-वेव के समय क्या करें और क्या न करें की प्रचार सामाग्री के व्यापक प्रचार प्रसार किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओ0आर0एस0 की पैकेट की समुचित व्यवस्था किया गया हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। तीव्र गर्मी से बचाव हेतु विद्यालयों के समय में परिवर्तन किये जाने, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था है अस्पताल एवं हेल्थ सेंटर में पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। श्रमिक/कामगारों के कार्य घंटों में परिवर्तित किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है। ज्यादा देर तक गर्मी या धूप के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक, बेहोशी, चक्कर आने, लो ब्लड प्रेशर, हृदय गति में असमानता जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज, हार्ट और ब्लड प्रेशर की दिक्कत रही है, उनके लिए अधिक तापमान की स्थिति के कारण जटिलताओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है। गर्मियों में निर्जलीकरण होना सामान्य है और इससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा डायबिटीज की समस्या आपकी रक्त वाहिकाओं-तंत्रिकाओं को भी नुकसान पहुंचाने लगती है, इनमें पसीने की ग्रंथियों की तंत्रिकाएं भी शामिल हैं। इन स्थितियों में हीटवेव की समस्या शरीर को ठंडा रखने के तंत्र को भी प्रभावित कर देती है।

हीट स्ट्रोक का जोखिम

गर्मियों में हीटस्ट्रोक के मामले सबसे ज्यादा देखे जाते हैं, ये शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण होता है। हीट स्ट्रोक में तेज सिरदर्द, भ्रम, मतली, चक्कर आने, शरीर का तापमान 103एसे ऊपर होने, त्वचा लाल होने, चेतना की हानि जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कुछ स्थितियों में ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव की समस्या के कारण गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं।

गर्मी-लू से बचाव के लिए क्या करें?

गर्मी और इसके कारण होने वाली समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए ये जानना जरूरी है कि आप क्या करें और क्या नहीं?

गर्मी से बचाव के लिए क्या करें?

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें।

सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है।

पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।

दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जानें से बचें।

क्या न करें?

गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें।

दोपहर के समय बाहर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें।

शराब- कार्बोनेट ड्रिंक्स के सेवन से बचा जाना चाहिए।

धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जाना चाहिए।

## बीबीए व एमबीए के 23 विद्यार्थियों का समर इंटर्न के लिए हुआ चयन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बीबीए व एमबीए के 23 विद्यार्थी लूलू शॉपिंग मॉल में समर इंटर्न के लिए चयनित किए गए। इन विद्यार्थियों के इंटर्नशिप पूरी होने पर कंपनी मे नौकरी प्रदान कर दी जाएगी। व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल निर्देशन में परिसर के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कई नामी गिरामी कंपनियों से एमओयू किया गया था जिसका परिणाम रहा है कि बुधवार को लूलू शॉपिंग मॉल के लिए 23 विद्यार्थियों का समर इंटर्न के तौर पर चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि बीबीए और एमबीए के छात्र लगातार विभिन्न कंपनियों मे नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। कुलपति के सद्प्रयासों से 1400 से अधिक छात्र संख्या वाले व्यवसाय प्रबंध विभाग मे कौशल विकास के लिए स्किल डेवलपमेंट और प्लेसमेंट के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

## विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों में 23 से 04 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में 23 मई से 04 जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया। इस अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होती रहेंगी। इस आशय का पत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेश क्रम में अवकाश की अवधि में समस्त शिक्षक एवं कर्मियों को संकायाध्यक्ष, निदेशक, विभागाध्यक्ष, पाठ्यक्रम समन्वयक (विश्वविद्यालय परिसर) एवं प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा किसी भी परीक्षा, शैक्षणिक कार्य के लिए बुलाये जाने पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

इसके अतिरिक्त सम्बन्धित शिक्षक पाठ्यक्रम पूर्ण करने, आन्तरिक मूल्याकंन, अध्ययन बोर्ड का कार्य सम्पन्न करने के बाद ही अवकाश का उपभोग करेंगे। ग्रीष्मावकाश की उक्त अवधि में शैक्षणिक, परीक्षा सम्बन्धी कार्यों में संलग्न शिक्षकों को एक के सापेक्ष एक प्रतिकर अवकाश देय होगा। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रीष्मावकाश की अवधि में विश्वविद्यालय के कार्यालय यथावत खुले रहेगें।

## पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय तीन चोर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** गुरुवार को पुलिस की संयुक्त टीम ने कर्नलगंज क्षेत्र से तारकोल ड्रम के चोरों को मुठभेड़में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में घायल हुए चोर का इलाज मेडिकल कालेज गोंडा में चलरह है। थाना तरबगंज के देवरदा निवासी संजीव कुमारतिवारी पुत्र अयोध्या प्रसाद तिवारी ने थाना उमरीबेगमगंज में सूचना दी कि वह पक्कीसड़क बनवाने का काम करते हैं। शुक्लापुरवा के पास उनका तारकोल के ड्रम रखे है। रात्रिमें अज्ञात व्यक्ति पिकप गाड़ी लेकर आये 9 ड्रम तारकोल चोरी कर ले गये। सूचना पर थानाउमरीबेगमगंज पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। गुरुवार को बन्दरेबाबामार्ग से चचरी जाने वाले मार्ग पर हरिसहायपुरवा खजुरिया के पास संदिग्ध लोगों कोघेराबन्दी कर पकड़ने के प्रयास में पुलिस से मुठभेड़ हो गई जिसमे पुलिस ने दो शातिरचोर व उसके के सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिसअधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के विरूद्ध थाना उमरी बेगमगंजएकर्नलगंज व इटियाथोक में कई अन्य जिलों में मुकदमा दर्ज हैं।इन लोगों का आपराधिक इतिहास है। पूछताछ में चोरों ने थाना उमरी



बेगमगंज क्षेत्रमें तारकोल ड्रम चोरी करने व कई अन्य स्थानों पर चोरी करने की बात स्वीकारी है।घटना के सफल अनावरण में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंहए एसओजी प्रभारीसर्वजीत गुप्ताए प्रभारी सर्विलांस सुनील सिंहए उप निरीक्षक शादाब आलम समेतदर्जनों पुलिसकर्मी शामिल रहे।एसपीविनीत जायसवाल ने अपनी टीम की प्रशंसा की है।

लूट व चोरी का मुकदमा दर्ज था। घटना में संलिप्त शातिर लूटेरा सलमान व लक्ष्मण पुलिस मुठभेड़ मेंघायल हो गये व एक अन्यअभियुक्त अरूण को गिरफ्तार कर उनके पाससे चोरी के 15 जोड़ीपायल, चार लाकेटएदाओम, तीन जोड़ी झुमकाए मोटरसाइकिल, तीन अवैध तमंचा बरामद किया गया । अपर पुलिस अधीक्षकराधेश्याम राय ने बताया कि इन चोरों के विरूद्ध

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला

**बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र में पड़ोसी की पुत्री से छेड़छाड़ कर रहे दबंग का विरोध करने पर एक युवक को चाकू से हमलाकर मरणासन्न कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राम बांसा मे एक 15 वर्षीय बालिका गाँव मे ही स्थित एक किराने की दुकान पर सामान लेने गयी थी, वही पर मौजूद जिशान पुत्र हाजीपापा नाम के युवक ने किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा जिसे देखकर पड़ोसी अफसार पुत्र निसार अहमद ने विरोध किया तो जिशान ने अफसार पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल को सीएचसी बड़ागांव ले गये। जहा से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमला करने वाले युवक को हिरासत मे ले लिया है।

## बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** बभनान-मसकनवा मार्ग पर बृहस्पतिवार को छपिया मोड़ के पास एक बाइक सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गयी। इस घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया, जहां घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है?। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। छपिया थाना क्षेत्र के मवई गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान सजाउल्लाह ने बताया कि उसके भाई का बेटा अमीर खान 19 वर्ष पुत्र ताजमुल्लाह अपने मामा के लड़के सलमान 26 वर्ष पुत्र मोईन खान के साथ छपिया बाजार सामान खरीदने के लिए जा रहा था। छपिया मोड़ के पास उसकी बाइक सामने से आ रहे ई-रिक्शा से भिड़ गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी छपिया पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया लेकिन इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में अमीर खान की मौत हो गई।

## 25 लाख की स्मैक, चोरी की बाइक समेत एक गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना सुबेहा पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से करीब 25 लाख रूपये कीमती अवैध स्मैक, 01 चोरी की मोटर साइकिल व 02 मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त अभिषेक उर्फ अरविन्द पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम हसनपुर मजरे गड़ेरिया डीह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को बंधवा अण्डरपास, थाना सुबेहा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 255 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 25 लाख रूपये) व 01 चोरी की मोटर साइकिल (हीरो सुपर) यूपी 32 एचएच 5979 व 02 मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सुबेहा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा उपरोक्त मोटर साइकिल व मोबाइल फोन को चारबाग जनपद लखनऊ से चोरी करना स्वीकार किया है।

## उमस भरी गर्मी का लू ने दिया साथ, आम जनजीवन पर गर्मी का बढ़ा असर

**बाराबंकी।** तेज धूप व उमस भरी गर्मी ने आम जनजीवन पर गहरा असर डाला है। दिन चढ़ते ही बढ़ता पारा दोपहर तक हाल बेहाल किये दे रहा। पंखे कूलर बेजा साबित हो रहे, पुरवाई ने कोढ़ में खाज की दशा कर दी है। लोगबाग मौसम में बदलाव की आस कर रहे पर कोई संकेत नही दिख रहे। हालांकि गुरुवार को चली हवा दोपहर में लू में बदल गई। लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। दिन का अधिकतम पारा 44 डिग्री पर जा पहुंचा है। गर्म हवा और तेज धूप से लोग परेशान दिखे। वहीं दोपहर के समय लोग सड़कों पर कम ही निकले। शहर के लोगों को तेज धूप व गर्मी सता रही है। दिन में तेज धूप व गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। आज दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रहे तापमान से हर कोई परेशान है। सुबह 8 बजे से ही उमस के साथ पारा भी चढ़ना शुरू हो गया था। तपिश ऐसी कि घर से बाहर निकलते ही लोग पसीना-पसीना होते दिखे। शाम करीब 5.30 बजे तक कड़क धूप रही। लोगों का कहना है कि मई महीने में गर्मी का यह हाल है तो फिर जून में क्या होगा। सूरज की तीखी किरणें दिन चढ़ने के साथ ही असहनीय हो जाती हैं। गर्मी का एहसास दिन के अलावा रात को भी हो रहा है। गर्मी व लू से जनजीवन प्रभावित हुआ है। आसमान से आग बरस रही है। ऐसे में घर से निकलना मुश्किल है। वहीं डॉक्टरों के मुताबिक ऐसे मौसम में अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। बहुत आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें।

## प्रेक्षक ने सिंबल लोडिंग समय से पूरा करने का दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव में सामान्य प्रेक्षक गुरुप्रीत कौर सप्रा ने गुरवार को आरंभ हुए ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया गया। जिसमें विधानसभावार प्रतिनिधियों को भी पूरी प्रक्रिया से अवगत कराने और उनकी उपस्थिति को यथासंभव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रत्याशी पूरी प्रक्रिया से अवगत रहें। साथ ही स्ट्रांग रूम का लॉक उनकी उपस्थिति में खोला और बंद किया जाए। उन्होंने आवश्यक प्रपत्रों



महराजगंज, नौतनवां, सिसवा, फरेंदा और पनियरा में ईवीएम कमीशनिंग का निरीक्षण किया। कौर ने ईवीएम में सिंबल लोडिंग कार्य को देखा। सिंबल लोडिंग का कार्य बीईएल के इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। प्रेक्षक ने सिंबल लोडिंग कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं व मान्यता प्राप्त दलों के पर प्रत्याशियों/राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर भी करवाने हेतु निर्देशित किया। पुलिस प्रेक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने भी सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमित शाह ने भरी हुंकार, बोले-पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है, हम लेकर रहेंगे

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज - अयोध्या।** अंबेडकर नगर लोकसभा सभा क्षेत्र के गोसाईगंज विधानसभा के हजारों भाजपा कार्यकर्ता पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी व गोसाईगंज नगर के भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में शिव बाबा धाम पर अमित शाह की विशाल रैली में पहुंचे।वहां केंद्र सरकार में गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रितेश पान्डेय के समर्थन में गुरवार को जिले के शिवबाबा धाम के ग्राउंड में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनायें। एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा। ये मोदी की गारंटी है। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भगवान बुद्ध की जयंती है, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मैं समस्त दुनिया में फैले बुद्ध अनुयायियों को शुभकामनाएं देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए



कहा कि राहुल जी, अखिलेश जी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया, लेकिन ये नहीं आए, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। उन्होंने कहा कि जो श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गया, क्या अंबेडकरनगर वाले उनका साथ देंगे? कांग्रेस वाले डराते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। अरे राहुल बाबा, हम भाजपा वाले हैं, पाकिस्तान के एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे। मैं आज राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं, अगर आपको बहुमत मिलता है, तो आपका प्रधानमंत्री कौन होगा?... शरद पवार बन सकते हैं क्या? लालू यादव बन सकते हैं क्या? उद्धव ठाकरे बन सकते हैं क्या? राहुल गांधी बन सकते हैं क्या?... जब उनसे पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा, तो उनके एक नेता ने कहा हम 5 साल बारी-बारी बनेंगे। देश ऐसे चल सकता है क्या?.. उत्तर प्रदेश की ये भूमि सुहेलदेव महाराज की भूमि है। जिन्होंने महमूद गजनवी के भांजे सालार मसूद को यहां जिंदा गाढ़ दिया था। आप भाजपा की सरकार बना दो, 50 करोड़ रुपया खर्च करके महाराज सुहेलदेव का पुतला हम लगवाएंगे। इस रैली में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी में सैकडो वाहनों गाड़ियों के साथ हजारों की संख्या में शिव बाबा प्रांगण में नरेंद्र मोदी अमित शाह खब्बू तिवारी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए लोग पहुंचे. प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में भी गोसाईगंज बाजार से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता पूरे बाजार में नरेंद्र मोदी अमित शाह का नारा लगाते हुए शिवबाबा रैली स्थल पर पहुंचे।

## भगवान बुद्ध के सिद्धान्त जीवन को सवांरने वालेः पुनिया

**बाराबंकी।** करूणा के सागर भगवान बुद्ध के सिद्धान्त जीवन को सवांरने वाले है। आपने सत्य अहिंसा शान्ति और सम्पूर्ण मानवता तथा जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम का सन्देश दिया। उक्त बातें पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात कही। पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि गौतम बुद्ध ने ही बौध धर्म की स्थापना की थी वाराणसी के 10 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित सारनाथ में गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और यही से उन्होंने धर्मचक्र प्रवर्तन प्रारम्भ किया था। भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र, महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्मचक्र, परिवर्तनाय अंकित है। और कई देशों के संविधान की प्रस्तवाना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारम्भ है बौद्ध धर्म के चार तीर्थ स्थल हैं लुम्बिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर लुम्बिनी तीर्थ नेपाल में, बोधगया भारत के बिहार में, सारनाथ भारत के उत्तर प्रदेश में काशी क पास और कुशीनगर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास का एक जिला है। सभी से भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाने का अनुरोध हैं।

# भाजपा सरकार हम सभी का लोकतान्त्रिक अधिकार छीनना चाहती है: कुशल तिवारी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत हल्लौर में बुधवार की देर शाम सपा-गठबंधन द्वारा एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सपा-गठबंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी एवं विधायक सैय्यदा खातून ने सभा को सम्बोधित किया।

नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए सपा-गठबंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है। सरकार हम सभी का लोकतान्त्रिक अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा सरकार यह चाहती है कि इस चुनाव के बाद अब देश में 30-35 वर्ष तक कोई चुनाव न हो और देश में भाजपा का शासन चलता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार देश को चीन और रूस बनाना चाहती है। जिस प्रकार उन देशों में शासन चलता है, उसी तरह सरकार भारत में भी शासन चलाना चाहती है। सरकार की यह सोच देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार घोटालों और जुमले की सरकार है। इस सरकार में हजारों करोड़ों रुपये का घोटाला हो चुका है। लेकिन इस पर कोई बात नहीं किया जा रहा है। योगी सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि योगी सरकार में सिर्फ मासूम, गरीब, बेसहारा, मजबूर, निर्दोष पर बुल्डोजर चलवाया जा रहा है। जो कि संविधान के खिलाफ कार्य है, क्योंकि न्याय और सजा देना सरकार का नहीं बल्कि न्यायपालिका का कार्य है। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, लूट चरम पर है। लेकिन सरकार द्वारा इस तरफ ध्यान देने के बजाए सिर्फ कुछ व्यापारियों पर ध्यान दिया जाता है। अपने सम्बोधन में डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव हमारे बच्चों के भविष्य का चुनाव है। मोदी सरकार इस चुनाव में दोबारा जीतने के बाद देश का कानून और संविधान बदलना चाहती है। लेकिन बाबा साहब ने जो संविधान लिखा था उसी के बल पर देश के हर वर्ग, जाति और धर्म को प्रत्येक क्षेत्र में समान अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को अपने अधिकार और हक को समझना होगा। अन्यथा आने वाले समय में जनता को पछताना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग देश के संविधान

**बाबा साहब का संविधान बचाने के लिए साइकिल का बटन दबाएं : विधायक**

और कानून को बदलना चाहते हैं, जनता को चाहिए कि जनता ऐसी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंक दे। जब से यह सरकार आयी है, तब से नौजवान को नौकरी मिलना टेढ़ी खीर हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है। इसलिए इनके शासन में हर पर्चा लीक हो जाता है। नुक्कड़ सभा को अरशद खुर्शीद, इमरान लतीफ, अफ़सर रिज़्वी, घिसियावन यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। नुक्कड़ सभा का संचालन एसके मेंहदी ने किया। इस अवसर पर अय्यूब मलिक चिनने, उस्मान अली नन्हे, सरदार, शौकत रिज़्वी, मोहम्मद हैदर, नायाब अहमद, बबलू, कामयाब, मंटू, आफताब, तसकीन हैदर, फ़ुजैल अहमद, नन्हे भाई, इन्तेज़ार, सलमान, पप्पू, शब्बू, शकील, विनय शंकर तिवारी, काज़ी सुहेल, खुर्शीद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# तानाशाही सरकार को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करें : लालजी यादव

## संविधान बचाने को तैयार है सपा सरकार : चमनआरा

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** रोडवेज चौराहे पर पूर्व विधायक लालजी यादव के अगुवाई में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने अपने संबोधन मे कहा कि जिन मूद्दो पर भाजपा सरकार मे आई थी जैसे बेरोजगारी, न महगाई कम हुआ न ही भ्रष्ट्राचार कम हुआ न तो महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान दिया यह सरकार गरीबों व किसानों की हितैषी नहीं है बल्कि चंद अरबपतियों की हितैषी है जिनके 17 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया। इस निरंकुश व तानाशाही सरकार को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुशल तिवारी जी के चुनाव निशान साइकिल पर बटन दबा कर विजयी बनावे और इंडिया गठबंधन की सरकार बनावें ताकि किसान नवजवान, गरीब, छात्रों व महिलाओं के सुरक्षा पर काम करें जिससे देश की लोकतंत्र व संविधान सुरक्षित रहें। चमन आरा, मोहम्मद इदरीश पटवारी, आर एस पान्डेय, प्रदीप पान्डेय, डा. बीएन त्रिपाठी एडवोकेट रामकृपाल मौर्य ने संबोधन किया। इस दौरान किरन शुक्ला, राधेमोहन शर्मा, शेखर शुक्ल, शारुखांन, जवाहिर यादव, ज्योतिमा पान्डेय सहित तमाम सपा नेता कार्यकर्ता व जनता मौजूद रहे। नुक्कड सभा का संचालक शिवम शुक्ल ने किया।

# ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की शहादत पर मजलिस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को क्षेत्र के हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन फरोग मातम के ज़ेरे निगरानी शहीद ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी और उनके साथ गए 8 मोमनीन की शहादत की याद में कुरानख्वानी व मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस से पूर्व स्थानीय शायरों में बेताब, अज़ीम, कौसर आदि ने अपने अपने कलाम के ज़रिए ताज़ियत पेश किया। मजलिस को सम्बोधित करते हुए ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की सख्सियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि जैसे ही ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हवाई हादसे में मौत की खबर मालूम हुई पूरी दुनिया में शिया समुदाय के लोगों ने गम का इजहार किया। वहीं भारत में रहने वाले शिया समुदाय के लोगों ने अलग-अलग जगह पर शोक मनाया जा रहा है। अंत मे कर्बला के 72 शहीदों व हज़रत इमाम हुसैन अस की शहादत बयान किया तो हर तरफ से रोने की आवाज़ सुनाई दी। मजलिस के बाद शहीदों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ की।

अंत में अंजुमन फरोग मातम हल्लौर के सेक्रेटरी तसकीन हैदर रिजवी ने शहीदों को ताज़ियत पेश किया। मजलिस के दौरान तशबीब हसन, काज़िम रज़ा, नौशाद हैदर, वजीहुल हसन, शब्बीर हसन, जलाल मास्टर, असग़र जमील, शराफत, मुनव्वर रिज़वी, वज़ीर हैदर बबलू, रज्जन, महफूज़, नियाज़, जहीर, अनवर, अतवार, शकील अहमद गुड्डू, शमशाद अली, पप्पू पल्सर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अमनमणि आए साथ,वीरेंद्र ने अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** इंडिया एलायंस के लोकसभा उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने गुरुवार को महराजगंज दीवानी कचहरी में अधिवक्ता साथियों से संपर्क कर समर्थन देने की अपील की। इस दौरान कचहरी में अपने निजी काम से आए नौतनवां के पूर्व विधायक अमन मणि ने वीरेंद्र चौधरी से मुलाकात कर उनके समर्थन की घोषणा की। कचहरी परिसर में मौजूद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस में हैं।

एलायंस उम्मीदवार जो कि कांग्रेस विधायक भी हैं, मैं उनके साथ हूं। उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए मैं पूरी शिद्दत से जुटा हुआ हूं। इस दौरान वीरेंद्र चौधरी ने अधिवक्ता साथियों से कहा कि आप से ज्यादा संविधान और लोकतंत्र को कौन समझता है? देश की मौजूदा हालात से आप सब वाकिफ हैं। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव होता है, लेकिन यह उत्सव कहीं नहीं नज़र आ रहा। ऐसे भयग्रस्त माहौल में शायद ही कभी कोई चुनाव हुआ हो। दिल्ली में हमारे नेताओं को टारगेट किया जा रहा है और यहां हमारे कार्यकर्ताओं को। उन्होंने कहा देश में समस्याओं की अंबार है। शिक्षा स्वास्थ सब मंहगा है। राशन तेल की मंहगाई आसमान पर है। बेरोजगारी हद दर्जे तक पंहुचा गई है लेकिन भाजपा इस मद्दे पर मुंह नहीं खोल रही। वह मंदिर मस्जिद,हिंदू मुसलमान पर ही वोट मांग रही है। भाजपा के बड़े बड़े नेता जो मन में आ रहा है,कह दे रहे हैं। उन्होंने सिद्धार्थनगर में मुख्यमंत्री के एक भाषण का हवाला भी दिया। कचहरी में जनसंपर्क के दौरान उनके सपा नेता निर्मेश मंगल,नगर पालिका अध्यक्ष पुष्प लता मंगल,बार एसोसिएसन के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, मंत्री राम राज चौधरी, अधिवक्ता आर पी सिंह, हमीदुल्ला, धर्मेंद्र त्रिपाठी, राजेश पटेल आदि उपस्थिति थे। कचहरी में जनसंपर्क के बाद वीरेंद्र चौधरी फरेंदा विधान सभा क्षेत्र के भैया फरेंदा, परसा बेनीसेमरा महराज, सिसवानियां बुजुर्ग, मणिकौरा, पिपरामौनी, बैकुंठपुर, लेजार महादेवा ग्रामसभा में चौपाल के माध्यम से जनता जनार्दन से जन संवाद किया।

## काम कमजोर है इसलिये राम के नाम पर वोट मांग रही भाजपाः ज्ञानेन्द्र

**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू ने कहा काम कमजोर है इसलिये चुनाव में भाजपा काम से ज्यादा राम पर भरोसा करती है। भारत निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद देशभर में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री धर्म और जाति के नाम पर जनता से वोट मांग रहे हैं। राम रग रग में हैं लेकिन राम प्रोडक्ट नही हैं जिस पर हर पांच साल बाद जीएसटी लगाकर भाजपा अपना कारोबार कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा मतदाताओं को गुमराह होने की जरूरत नही है, विकास को प्राथमिकता दें और इसी के नाम पर वोट करें। उन्होने कांग्रेस के घोषणा पत्र को नये भारत की तस्वीर बताया, कहा इसके लागू होने पर महिलायें आत्मनिर्भर होंगी, खाद्य सुरक्षा गारण्टी का विस्तार होगा, मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी और काम के दिन बढ़ाये जायेंगे। इसके साथ ही पुरानी पेंशन लागू होगी, एमएसपी लागू होगी, अग्निवीर समाप्त होगा, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

# बस्ती में तेजस्वी सूर्या ने युवाओं से किया आह्वान राष्ट्र रक्षा और विकसित भारत के लिए करें मतदान

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** लोकसभा चुनाव का प्रचार गुरुवार को शाम 5 बजे थम गया लेकिन अंतिम समय तक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में बड़े नेताओ के आने का सिलसिला जारी रहा। इसी क्रम में गुरुवार को प्रचार रुकने के 2 घंटा पहले बेंगलुरू दक्षिण के सांसद और भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बस्ती पदयात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में पदयात्रा में सम्मलित हुए रोडवेज स्थित गायत्री मन्दिर से सुरु हुआ पदयात्रा दक्षिण दरवाजा मंगल बाजार होते हुए पाण्डेय बाजार मारवाड़ी मन्दिर पर समाप्त हुआ। उनको देख युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने भारत माता का जयघोष किया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों का जोश देख पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या गदगद दिखे। युवाओं को बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र दिए गए। वहीं, युवाओं ने अपना मत राष्ट्रहित में करते हुए भाजपा के पक्ष में समर्थन करने का संकल्प लिया। उन्होंने इस मौके पर विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्र रक्षा और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने का है। नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर ही विकसित भारत की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकता है। 2014 से पहले हिंदू त्योहारों पर बम धमाके होते थे, लेकिन अब आतंकवादी मोदी का नाम सुनकर कांपते हैं। संबोधित करते हुए तेजस्वी सूर्या ने कहा कि 25 मई को बस्ती में वोटिंग है। यह चुनाव अगले पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री और विकसित भारत के संकल्प की मजबूत नींव रखने का है उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बूथ पर जाकर भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने के प्रेरित करने को कहा। लोगों से अपील की कि वो सुनिश्चित करें कि हरीश द्विवेदी तीसरी बार बस्ती से सांसद बनें। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले भारत की स्थिति आप सबने देखी है। उसके बाद पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है। कांग्रेस के कार्यकाल में अखबारों में घोटाले की बड़ी-बड़ी खबरें छपती थीं, लेकिन अब बदली व्यवस्था को खुद आप देख सकते हैं। कभी हिंदुओं के पर्व पर आतंकी संगठन मंदिरों के आसपास बम रख दहशत फैलाते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर जाति- वर्ग के लोग सुरक्षित और खुशहाल हैं। आज आतंकी संगठन दूर-दूर तक नजर नहीं आते हैं। युवाओ को संबोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि बस्ती लोकसभा के सभी बूथों पर युवाओं के बल पर विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडी गठबंधन के प्रत्याशी एवीएम पर सारा गुस्सा उतारेंगे।भाजपा के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारे सभी कार्यकर्ता पुरी तरह एलर्ट मोड़ में रहे। हमारे परीक्षा की अंतिम घडी आ चुकी है। इस मौके पर विधानसभा संयोजक अनूप खरे, संजय चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, अमृत कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष अलोक पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, दिवाकर मिश्र, गौरव अग्रवाल, अभिषेक सिंह, आशीष शुक्ल, आशा सिंह, रोली सिंह, तृप्ति गुप्ता, मीना पाण्डेय, शालिनी मिश्र, सुमन सिंह, अनिल पाण्डेय, रमेश गुप्ता, नन्द किशोर गुप्ता, राजन ठाकुर, राना तिवारी, ओम प्रकाश ठाकुर, भानु प्रकाश मिश्र, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, प्रफ्फुल श्रीवास्तव सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मलित हुए।

# एजाज़ अंसारी ने लालजी वर्मा को जिताने के लिए झोंकी अपनी पूरी सारी ताकत

## दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगा वोट

अवधनामा संवाददाता



**टांडा अंबेडकरनगर।** जिस तरह से चुनाव के दिन नजदीक आ रहे है, उसी के साथ सभी दल के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत लगाते हुए जनता से जनसंपर्क साधना तेजी से शुरू कर दिया हैं। लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क के तहत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एजाज़ अंसारी ने स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ दर्जनों गांवों में जाकर गठबंधन के प्रत्याशी लालजी वर्मा के पक्ष में वोट करने का अपील किया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एजाज़ अंसारी ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। इनको सर्व समाज का समर्थन मिल रहा हैं। भाजपा की नीतियों को अब कोई बर्दाश्त नहीं करना चाह रहा है। गठबंधन के प्रत्याशियों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हम सभी लोग अपने मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयासरत हैं, इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डाला है। सीबीआई-ईडी, इनकम टैक्स इनके एजेंट के रूप में कार्य कर विपक्षी नेताओं को टारगेट कर जबरन जेल में डाल रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता हासिल की पर मोदी सरकार के बुरे दिनों ने देश की जनता को त्रस्त कर दिया। मोदी सरकार की जनता पर महंगाई की भयंकर मार के चलते पेट्रोलियम से लेकर खाद्यान्न, तेल और रसोई गैस की कीमतें तो बेतहाशा बढ़ी हैं। आवश्यक वस्तुएं भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। इस दौरान सईद अहमद, जफर हयात, मिज्जो यादव, अहमद हसन, शकील अहमद उर्फ टाइगर आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व को मतदाता अपने मतो के प्रयोग कर मनाये

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** मतदान करो स्कूटी पाओ, जनपद में 25 मई 2024 को वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा अभिनव पहल करते हुए मतदाताओं के हर वर्ग महिला, पुरुष, युवा, दिव्यांग , वृद्ध सभी को उत्साह पूर्वक चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उपर्युक्त प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग लकी ड्रा निकाला जाएगा जिनमें 11- 11 लोगों को विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा जिसमें स्कूटी, जूसर मिक्सर, घड़ी ,इलेक्ट्रिक प्रेस सहित अनेक घेरलू उपयोग के वस्तुएं लकी ड्रा के माध्यम से दी जाएगी। लकी ड्रॉ पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए किसी छोटे बच्चे से कराया जाएगा। मतदान के दौरान दोपहर में मतदान गति बढ़ाने के लिए कूपन वितरित करने की रणनीति बनाई गई है। दोपहर मतदान करने पहुंचने वाले मतदाताओं को कूपन दिए जाएंगे। मतगणना के बाद कूपन का लकी ड्रा निकाला जाएगा। इसके आधार पर मतदाताओं को उपहार दिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संग ही समस्त मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए विगत कई माह से जनपद में जागरूकता कार्यक्रम कराया है। जिसमें मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हाल में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम किए गए हैं इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अकबरपुर तथा जलालपुर सहित अन्य जगहों पर बैंड के साथ पैदल मार्च किया गया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक मतदाता को मतदाता बनाने के साथ ही मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने लगातार कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया है।

# प्रचार के अंतिम चरण में गठबंधन के सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** देश में पांच चरणों के चुनाव निपट चुके हैं। अब छठें और सातवें चरण के चुनाव बचे हैं। इन दोनों चरणों को लेकर सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व इंडिया गठबंधन के अन्य पार्टियों ने जहां अपने प्रचार को पुरजोर ढंग से कर रही हैं, वहीं वह रणनीतिबद्ध तरीके से जमीनी मुद्दों को सामने रख रही है।

छठें चरण में होने वाले डुमरियागंज के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने एक-दूसरे के लिए साथ में मिलकर जमकर प्रचार करना शुरू कर दिया है, ताकि जमीन पर एक-दूसरे के काडर और वोटर्स के बीच समन्वय स्थापित हो सके। गठबंधन के सभी नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक साथ मंच और कार्यक्रम में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के पक्ष में बड़ी जोर शोर से लगे है। बुधवार को सपा विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हाज़ी अरशद खुर्शीद, कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनीस रजा खान, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद, आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष ई. काज़ी लतीफ, घिसियावन यादव, अफसर रिज़वी, अशोक गुप्ता, शमसुल हसन उमरा आदि ने माली मैनहा, डुमरियागंज, हल्लौर सहित दर्जनों गांवों में नुक्कड़ सभा व जनसंपर्क करके इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के पक्ष में जनता जनार्दन से सहयोग मांगा और आने 25 मई को ई.बी.एम. के तीसरे नंबर पर साइकिल के सामने वाले बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने का आवाहन किया। गठबंधन के सभी पार्टी के नेता एक साथ मंच साझा करते हुए अपने पदाधिकारियों को सुबह पहले मतदान करने और उनके बाद सभी मतदाताओं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने का आवाहन किया, जिसका सभी ने समर्थन किया। इस दौरान दौरान ज़हीर मलिक, उस्मान अली नन्हें, मलिक जफर, अजय यादव, जितेंद्र यादव, जुनैद मालिक, बबलू दूबे, गंगामणि पाठक, सुरेंद्र शुक्ला, पूजा बाबा, दिलीप चौरसिया, महफूज मालिक, राजाराम गौतम, डॉ नादिर सलाम, जुबेर खान, आसिफ रिज़वी, मो. सलाम, जमील खान, सुरेश शुक्ला, अनीस अहमद, जावेद, मैनुद्दीन प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगा वोट



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रचार के अंतिम दिन इण्डिया गठंधन के प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ़ कुशल तिवारी के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनीस रजा खान व शमसुल हसन उमरा ने सपा के पक्ष में वोट करने का अपील किया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनीस रजा खान ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। इनको सर्व समाज का समर्थन मिल रहा हैं। भाजपा की नीतियों को अब कोई बर्दाश्त नहीं करना चाह रहा है। गठबंधन के प्रत्याशियों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हम सभी लोग अपने मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयासरत हैं, इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डाला है। सीबीआई-ईडी इनके एजेंट के रूप में कार्य कर विपक्षी नेताओं को टारगेट कर जबरन जेल में डाल रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता हासिल की पर मोदी सरकार के बुरे दिनों ने देश की जनता को त्रस्त कर दिया। मोदी सरकार की जनता पर महंगाई की भयंकर मार के चलते पेट्रोलियम से लेकर खाद्यान्न, तेल और रसोई गैस की कीमतें तो बेतहाशा बढ़ी हैं। आवश्यक वस्तुएं भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। इस दौरान डॉ नादिर सलाम, जुबेर खान, राम प्रताप सिंह मंचपण्डेय, नवाब खान, अजीत अग्रहरि, सुहेल रैनि, जुगुल किशोर गुप्ता, राशिद खान, जमाल अहमद, उमेश प्रताप, अजीज अहमद, जमील खान, सुरेश शुक्ला, अनीस अहमद, जावेद, अजीदुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ काफी हाउस

बात उन दिनों की है जब महंगे शानदार रेस्टोरेन्ट लखनऊ में नही थे। तब काफी बोर्ड के अन्तर्गत कापी ऐक्ट 1942 के अन्तरगत इन्डियन काफी हाउस अस्तित्व में आया। प्रशासनिक अधिकार वाणिज्य और उद्योग मन्त्रालय का था। काफी हाउस को तब झटका लगा जब काफी बोर्ड कई आउटलेट बन्द कर दिये। ए.के.गोपालन और बोर्ड के कर्मचारियों ने जद्दो जहद कर लखनऊ काफी हाउस के बचा लिया। अपने शुरूआत से लेकर 1950 से 1980 तक शानदार उपलब्धियों का गवाह रहा। फिर 1990 आते आते उसके स्तर में गिरावट शुरू हो गई। 2010 में बन्द हो गया।

भारतीय जनता पार्टी के नेता स्वर्गीय लाल जी टन्डन ने लखनऊ वासियों खासकर मेयर दाउजी गुप्ता के अनुरोध पर फिर काफी हाउस को चालू करवाया। उस समय काफी हाउस में सीनियर सिलेबर्टीज, राजनितिज्ञ, कलाकर, लेखक, कवियों का जमघट लगा रहता था। इन्डिया काफी हाउस लखनऊ और देश की घड़कन बन गया था। यहां विचार जन्म लेते थे और परवान चढ़ते थे। स्वप्न हकीकत में बदल जाते थे। 1950-80 का समय लखनऊ काफी हाउस का पीक पीरियड था। चूकि शिखर के बाद ढलान शुरू हो जाता है इसलिये काफी हाउस का भी 80 के बाद ढलान शुरू हो गया। जिस जमाने में हर क्षेत्र के शीर्ष व्यक्तित्वों और कैरियर के आकांक्षी लोगो का जमघट लगा रहता था लड़कियां बरामदे में अपने मन चाहे कलाकारों, कवियों, लेखको का झलक पाने के लिये खड़ी रहती है।

उन दिनों गंजिग के नाम से हसरतगंज मशहूर था। डाकघर से लेकर सूचना कार्यालय तक दोनों तरफ खस की टटिटयां लगी रहती थी और पानी से तर रहती थी। उनकी फैलती ठन्ढक और खुशबू तथा लड़कियों का झुरमुट माहौल को रोमान्टिक बना देता था। शाम होते ही लखनऊ के लोग हजरतगज की ओर भागते थे। काफी हाउस नरही के तरफ था इसलिये वह शोरगुल और भीड़भाड़ से अलग रहता था। पुराने लोग याद करते है राम मनोहर लोहिया, इन्द्रा गांधी के पति फिरोज गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास, और सी.बी.गुप्ता जैसे लोंग काफी हाउस को रोशन किया करते थे। साहित्यकार यशपाल, नागर, भगवती चरण वर्मा आदी आ कर आसन जमाते थे। उन दिनों में एक कप काफी एक रूपये में और डोसा 1.60 पैसे में मिल जाता था। घन्टों बैठे रहिये कोई टोकने वाला नहीं होता था। यही पर चन्द्रशेखर, वीर बहादुर सिंह, हेमवती नन्दन बहुगुणा लालजी टन्डन हजरतगंज पर किताब लिखने वाले पत्रकार प्रदीप कपूर भी दिख जाते थे। यहां बैठकर लोग, लखनऊ, यूपी, और देश की नब्ज़ पर बहस करते थे और पहचानते थे। चूकि हर क्षेत्र की मानी हुई हस्तियों और आकांक्षी नौजवानों का जमघट लगा रहता था सारे विचारो का आदान प्रदान होता रहता था इसलिये खबरनवीसो के लिये काफी हाउस मुहमांगी मुराद सा था। इनका भी यहां आना जाना लगा रहता था। क्योकि खबर अखबार में छपवाना रहता था। नेशलन हेराल्ड के सम्पादक चलपत राव के रामाराव सीएन चित रन्जन, पानियर के सम्पादक एस एन घोष की उपस्थिति यहां नियमित थी। विदेशी भी काफी हाउस का नाम सुन यहां आया करते थे। 1984 में अमेरिकी राजदूत हैरी बारन्स भी रिक्शा पर यहां अपने होटल से आये थे भारत की ताजी राजनीति स्थिति जानने के लिये लखनऊ विश्वविद्यालय के बहुत से विद्यार्थी यहां आते थे जहां उनकी ग्रूमिंग होती थी और वे लखनऊ यूनियन के प्रेसिडेन्ट बनते थे। आम आदमी बिग पर्सनालटीज को देख वहां प्रवेश लेने में हिचकिचाते थे। काफी हाउस चल रहा है पर वह बात अब नहीं है। लखनऊ में तो काफी हाउस के अलावा बहुत से आकर्षण है। हर क्षेत्र की मानिन्द हस्तियों का जन्मस्थल और कार्यस्थल रहा है और है। लोग कहते है हम फिदा-ए-लखनऊ, लखनऊ हम पर फिदा। अच्छा अब शहरे लखनऊ तुझे मेरा सलाम है।

## मोदी को लेकर नेपाल में पहाड़ और मैदान की अलग राय

**यशोदा श्रीवास्तव**

भारत में हो रहे लोकसभा या विधान सभा चुनावों में नेपाल की दिल चस्पई खूब रहती है। नेपाल के सीमावर्ती कस्बा व गांवों से लगायत काठमांडू तक इसकी चर्चा होती है। यहां की तरह ही वहां भी सरकार बनाने से लेकर उम्मीदवारों के हार जीत पर जमकर बहस होती है। इस बार के लोकसभा चुनाव परिणाम पर नेपाल की दिलचस्पी दो तरफा है जो पहाड़ और मैदानी इलाकों में बंटे हुए हैं।

नेपाल में कुछ रोज पहले तक नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की मिली जुली सरकार थी तब प्रचंड के सुर भारत के प्रति बहुत तल्ख नहीं थे। उनके हाव भाव, पड़ोसी देशों के बाबत उनके बयान भारत के करीब होने जैसा लगते थे। लेकिन अब नेपाली कांग्रेस से उनकी दोस्ती टूट गई है। प्रचंड की मौजूदा सरकार एमाले गठबंधन के साथ है। केपी शर्मा ओली की छवि कट्टर भारत विरोध की है। उनकी नजदीकियां चीन से है यह सभी जानते हैं। ओली के साथ फिर आ जाने से प्रचंड हो सकता है भारत के खिलाफ कुछ न बोलें लेकिन ओली के भारत विरोधी रुख पर भी कोई प्रतिक्रिया देने की स्थिति में नहीं हैं। प्रचंड उत्तराखंड के काला पानी लिपुलेख और लिंपिया धुरा जैसे विवादित मुद्दे का हल बात चीत के जरिए चाहते थे अब वे इस क्षेत्र से जुड़े नक्शे को नेपाल के करेंशी पर छपवाने की बात पर खामोश हैं। नेपाल में भारत के प्रति नकारात्मक सोच रखने वाले ऐसे लोग चाहते हैं कि भारत में मोदी सरकार रिपीट न हो। मजे की बात है कि भारत के मौजूदा सरकार के कार्यकाल में नेपाल के विकास के लिए ढेर सारी सहुलियतें दी गई । सड़क,शिक्षा तथा स्वास्थ के लिए भारत की ओर से हर साल सहायता दी जाती है। कोरोना काल में भारत ही नेपाल का एक मात्र पड़ोसी मित्र था जो उसके साथ खड़ा था। इतना सबके बावजूद नेपाल की मौजूदा हुकूमत मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में वापसी का पक्षधर नहीं है। हालांकि ओली या प्रचंड की पार्टी का ऐसा कोई रुख खुले आम नहीं आया लेकिन इस पार्टी के नेताओं से बात करने पर उनकी मंशा का पता चल जाता है।

एमाले के एक नेता का कहना है कि भारत के मौजूदा सरकार की विस्तारवादी नीति नेपाल के लिए खतरा है। वहीं नेपाल का बड़ा वर्ग जो भारत सीमा से सटे नेपाल के तराई में बसता है वह 2024 में भी मोदी की सरकार का पक्षधर हैं। करीब 80 लाख यहां की हिंदू आबादी न केवल धार्मिक प्रवृत्त की है,अयोध्या में राम मंदिर बन जाने से मोदी के प्रति उनकी धारण भक्तिमय हो गई है। तराई के करीब 22 जिलों में हिंदू जनसंख्या बहुतायत है और ये राजावादी भी हैं। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बावजूद वे राजा समर्थक हैं। नेपाल में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को राजावादी पार्टी माना जाता है। यह पार्टी अभी भी राज सत्ता की मांग पर उतारू है। राजा को ये हिंदू वादी नेता मानते हैं। नेपाल के इस हिस्से में वे सारे हिंदूवादी संगठन सक्रिय हैं जो भारत में है। यहां आर एस एस, हिंदू युवा वाहिनी,हिंदू महा संघ,हिंदू जागरण मंच आदि हिंदूवादी संगठन खूब सक्रिय हैं। इन संगठनों की हिंदू राष्ट्र की मांग लगातार जारी है। इसके लिए आए दिन धरना प्रदर्शन होता रहता है। इस बड़ी आबादी को नेपाल के पुनर्हिंदू राष्ट्र की बहाली के लिए मोदी और योगी पर पूरा भरोसा है। एक बात यह भी है कि तराई के इन 22 जिलों की आबादी का बड़ा हिस्सा दोहरी नागरिकता वाले हैं। ये लोग अपने वोट के अधिकार का प्रयोग दोनों देशों के चुनाव में बेधड़क करते हैं। ऐसे वोटरों को रोकने की कोशिश के तहत मतदान के 24 घंटे पहले नेपाल सीमा को सील कर दिया जाता है लेकिन यह कवायद बेमतलब सिद्ध होती है। ऐसे वोटर सीमा सील के पहले भारत में आकर डेरा डाल देते हैं। अमूमन दोहरी नागरिकता वालों में ज्यादातर का एक घर ,दुकान या कोई और ठिकाना सीमावर्ती क्षेत्र भारत में भी होता है। 1755 किमी नेपाल सीमा पर ऐसे नागरिकों की संख्या करीब आठ लाख से ऊपर है और ये सीमावर्ती कई विधानसभा व लोकसभा क्षेत्रो में निर्णायक भूमिका में हैं। नेपाल सीमा पर सैकड़ों ऐसे गांव और कस्बे हैं जिसे मिनी नेपाल के रूप में जाना जाता है। ऐसे गांवों की शत प्रतिशत आबादी दोहरी नागरिकता धारी के साथ वे कट्टर हिंदूवादी भी हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

चुनावों में राजनीतिक दल प्रायः वही मुद्दे उठाते हैं जिनसे उन्हें वोट मिल सकें। नागरिक सरोकारों से जुड़े मसलों से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं होता। भारत में हर साल 15 लाख लोगों की मौत अकेले प्रदूषण से होती है। पिछले दिनों 60 हजार रिक्तियों के लिए 48 लाख से ज्यादा युवा परीक्षा में बैठे। प्रदूषण, बेरोजगारी और शिक्षा जैसे ये मूलभूत विषय किस राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार में विमर्श का विषय बने। जल, जंगल, जमीन, प्रकृति या पर्यावरण की सीढ़ी चढ़कर सत्ता तक पहुंचने की दृष्टि किस सियासी दल के पास है? गारंटी व वादों की चूसनी को मुंह में लिए किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति को प्राप्त मतदाता कब अपने फर्ज को पहचानेगा?

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों की बजाय आरोप प्रत्यारोप पर जोर

लोकसभा चुनाव की लहर पूरे देश में चल रही है। पांच चरणों का मतदान भी हो चुका है। लेकिन अभी तक कोई ऐसा मुद्दा सामने नहीं आया, जिसे लेकर ये चुनाव लड़ा जा रहा हो। राजनीतिक दल और नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, विवादित बयान देकर चुनावी रैलियों और सभाओं में तालियां पिटवा रहे हैं। राजनीतिक दलों के चुनावी वादों और गारंटी से भरे भाषण आकाशवाणी, टीवी चैनल के माध्यम से जनमानस के मन को लुभाने की कोशिशों में जुटे हैं। लेकिन इनमें ये गारंटी व वादे किस तरीके से पूरे किए जायेंगे, बेरोजगारी, महंगाई कैसे काबू में होगी इसका खुलासा कोई भी पार्टी नहीं कर रही है। आज गरीब पहले से भी ज्यादा गरीब हो रहा है उसे अमीर के समकक्ष कैसे लाया जाएगा। इसका जिक्र कहीं नहीं है, सिर्फ सीटों की संख्या कितनी जीतना होगी ये बता कर जरूरी मुद्दों से भटकाने की कोशिश है।



राजेश माहेश्वरी

चुनाव आते ही सभी राजनीतिक दल लुभावने वादों से जनता को रिझाने में लगे हैं मगर जिन मुद्दों को चुनाव विमर्श में आना चाहिए वे गायब हैं। सबसे पहला मुद्दा शिक्षा का होना चाहिए। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह नागरिक स्वास्थ्य का भी मुद्दा बनाएं। आज भी स्वच्छ पेयजल हर जगह उपलब्ध नहीं है। कृषि क्षेत्र जल संकट से जूझ रहा है। पर्यावरण सुरक्षा की भी बात होनी चाहिए। बढ़ते प्रदूषण पर कोई भी राजनीतिक दल बात नहीं करता। सबसे अहम मुद्दा बेरोजगारी का तो है ही। मतदाताओं को भी चाहिए कि उचित मुद्दों पर बात करने वाले दलों को ही अपना वोट दें।

आजादी के बाद देश में हुए पहले चुनाव में से लेकर ताजा आम चुनाव तक चुनाव आते ही राजनीतिक दल जनसाधारण का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसे-ऐसे मुद्दे लाते हैं जो मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। देश के आम चुनाव में चुनावी मुद्दे जनसाधारण की समस्याएं होनी चाहिए, जो उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं। आज के मेधावी युवा देश से विदेश में पलायन कर रहे हैं। मुद्दा यह होना चाहिए कि उनका पलायन रोका जाए। उन्हें रोजगार दिया जाए। देश का आर्थिक विकास के साथ आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो। आम जनता से जुड़े मुद्दे चुनाव का मुद्दा होना चाहिए। लेकिन सरकार और विपक्ष दोनों ही शायद आमजन से जुड़े मुद्दों से मुंह बचाते दिखाई देते हैं। चुनाव प्रचार के उफान पर न आने का सबसे बड़ा कारण मुद्दों को लेकर विपक्ष में निरंतरता प्रदर्शित करने का अभाव है। खासतौर से विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी विपक्ष मैदान में खुलकर उतरने के बदले सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने में ही उलझा रहा। इससे विपक्ष कोई मुद्दा तय ही नहीं कर सका। 2019 का आम चुनाव इस चुनाव से बिल्कुल अलग था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही सियासी मैदान भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद का रूप ले चुका था। कांग्रेस नेता राहुल



गांधी राफेल सौदे में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर चैकीदार चोर है, के नारे लगवा रहे थे, जबकि भाजपा पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ हुई एयर स्ट्राइक को मोदी है तो मुमकिन है नारा लगा रही थी। राफेल मामले में पीएम पर व्यक्तिगत हमले को भाजपा गरीब पर हमले से जोड़ रही थी। इन दोनों ही मुद्दों पर तब राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो चुकी थी।

चुनावों में राजनीतिक दल प्रायः वही मुद्दे उठाते हैं जिनसे उन्हें वोट मिल सकें। नागरिक सरोकारों से जुड़े मसलों से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं होता। भारत में हर साल 15 लाख लोगों की मौत अकेले प्रदूषण से होती है। पिछले दिनों 60 हजार रिक्तियों के लिए 48 लाख से ज्यादा युवा परीक्षा में बैठे। प्रदूषण, बेरोजगारी और शिक्षा जैसे ये मूलभूत विषय किस राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार में विमर्श का विषय बने। जल, जंगल, जमीन, प्रकृति या पर्यावरण की सीढ़ी चढ़कर सत्ता तक पहुंचने की दृष्टि किस सियासी दल के पास है? गारंटी व वादों की चूसनी को मुंह में लिए किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति को प्राप्त मतदाता कब अपने फर्ज को पहचानेगा?

ज्यादातर पार्टियों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में फ्रीबिज की बात की है। हमारे देश में उस तरह से पब्लिक ओपिनियन बनाने की कोशिश नहीं हुई इसलिए मतदाता जाति समाज जैसे मुद्दों पर सिमट जाता है। घोषणा पत्र की दृष्टि से क्या नेता लोगों को बीच जा रहे हैं या नहीं यह भी समस्या होती है। क्या अभी भी हमारा चुनाव मंडल के दौर पर रहेगा, क्या हमारा चुनाव रोजगार के मुद्दे पर होगा? सनातन का मुद्दा हो, सीएए का मुद्दा हो मुद्दे सभी थे। ये और बात है कि चाहे पक्ष हो या विपक्ष दोनों उसे उस तरह से नहीं उठा पाए हैं।

देश के राजनीतिक दल विजन से ज्यादा टेलीविजन पर निर्भर है। टेलीविजन प्रभावित जो राजनीति हो गई है उसकी वजह से विजन कहीं मिसिंग है। जहां तक घोषणा पत्र की बात है तो भाजपा का घोषणा पत्र अच्छा है और कांग्रेस का भी घोषणा पत्र अच्छा है, लेकिन देश में घोषणा पत्र पर कभी चुनाव नहीं हुए। यह बस औपचारिकता भर रह गया है। जहां तक मुद्दे की बात है तो यह पूरा चुनाव विकेंद्रित हो गया है। जैसे जम्मू-कश्मीर के मुद्दे जो है वो वहां के लोगों के मुद्दे हैं। यहां तक कि चुनाव क्षेत्र तक के हिसाब से मुद्दे विकेंद्रित हो गए हैं। 2014 और 2019 के चुनाव हमने राष्ट्रीय मुद्दे पर देखे। इस बार का चुनाव स्थानीय मुद्दे पर हो रहा है। विपक्ष अगर कमियां गिनाएगा तो वह किसे इसके लिए जिम्मेदार बताएगा। मुद्दे बनाना विपक्ष का काम होता है। सरकार ये कहती है कि हमने बहुत अच्छा काम किया, हमने यह बना दिया इतनी सड़कें बना दीं, इतना रोजगार दे दिया हमें वोट दीजिए। अगर विपक्ष की बात करेंगे तो पिछले एक साल में मुद्दा बनाने की जगह विपक्ष गठबंधन बना रहा है नहीं बना रहा इसी पर उलझा रहा। सरकार की बात करेंगे तो वह कह रही है कि हमने राम मंदिर बनाने की बात कही थी हमने बना दिया। विपक्ष ने जितने मुद्दे उठाए वो सभी चूचू का मुरब्बा निकले। हर चुनाव में विपक्ष ईवीएम का मुद्दा उठाता है। अगर यह इतना बड़ा मुद्दा होता तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर देता। जनता भी सड़कों पर उतर आती। विपक्ष ने इलेक्टोरेल बांड के मुद्दे को चुनाव में मुद्दा बनाने की कोशिश तो की लेकिन वो इसमें कामयाब नहीं हो सका।

असल में जो मुद्दा या मसला आम आदमी को सीधे तौर पर प्रभावित करता है, उसी को लेकर राजनीतिक दलों को जनता का समर्थन प्राप्त होता है। मोटे तौर पर देखा जाए तो इलेक्टोरल बांड से आम आदमी का क्या लेना देना है। चुनावी चंदे में पारदर्शिता होनी चाहिए, इससे किसी का इंकार नहीं है, लेकिन आम आदमी राजनीतिक दलों का कितना चंदा देता है, वो किसी छिपा नहीं है। चंदे का स्रोत जगजाहिर है। वहीं इलेक्टोरल बांड के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार के दामन पर भ्रष्टाचार के धब्बे लगाने की कोशिश तो की लेकिन इसमें वो नाकाम ही रहा। आज चुनाव आकर्षक वादों और आधारहीन दावों के बल पर लड़ा-लड़ाया जा रहा है। जनता से जुड़े मुद्दों को नजरंदाज कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। मतदाता को राजनीतिक दलों से उनके दावों और वादों के आधार के बारे में पूछना चाहिए। वास्तविकता तो यह है कि चुनावी मुद्दों के नाम पर अनावश्यक मुद्दे उछाल कर जनता का ध्यान विकेंद्रित किया जा रहा है।

# लड़कियों को पढ़ाने के लिए क्यों गंभीर नहीं है समाज?

संध्या कुमारी का घर है। घर के गंदे बर्तनों के ढेर को धोते हुए वह बताती हैं कि उसके घर में बड़े भैया की मर्जी चलती है। किसे कितना पढ़ना है और नहीं पढ़ना है इसका फैसला वही करते हैं। 10वीं में उसके कम नंबर आने की वजह से भैया ने उसकी पढ़ाई छुड़वा कर मां के साथ घर के कामों में हाथ बटाने को कहा है। हालांकि वह आगे पढ़ना चाहती थी लेकिन भैया ने उसे पढ़ाई छोड़ कर घर का काम करने को कहा है। वह बताती है कि उसके भैया स्वयं 12वीं से आगे नहीं पढ़े हैं। संध्या के अनुसार घर में अब उसकी शादी की बात की जा रही है।

पिछले कुछ वर्षों में बिहार में जिन क्षेत्रों में सबसे अधिक बदलाव और प्रगति हुई है उसमें शिक्षा का क्षेत्र प्रमुख है। समय पर शिक्षकों के आने और सभी कक्षाओं का समय पर संचालित होने से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ने लगी है। शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचों में सुधार किया गया है। माना जाता है कि इसका सबसे अधिक लाभ बालिका शिक्षा में देखने को मिलेगा। एक ओर जहां राज्य सरकार लड़कियों की शिक्षा का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोशाक योजना और साइकिल योजना जैसी अनेकों योजनाएं चला रही है वहीं स्कूलों की दशा को सुधारने से उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना आसान हो गया है।



ऋचा पांडे

प्रशासनिक स्तर पर किशोरी शिक्षा के मामले में भले ही प्रगति हुई हो लेकिन सामाजिक स्तर पर आज भी लड़कियों को पढ़ाने के प्रति सोच बहुत अधिक विकसित नजर नहीं आता है। केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में आबाद कई ऐसे स्लम एरिया हैं जहां लड़कियों को उच्च शिक्षा मिलने के अवसर बहुत सीमित होते हैं। बिहार की राजधानी पटना शहर के बीचों बीच आबाद स्लम एरिया अदालतगंज इसका एक उदाहरण है। पटना जंक्शन के करीब आबाद इस स्लम बस्ती की आबादी लगभग एक हजार के आसपास है। तीन मोहल्ले अदालतगंज, ईख कॉलोनी और ड्राइवर कॉलोनी में बटे इस इलाके में शिक्षा की लौ तो पहुंच गई है लेकिन अभी भी पूरी तरह से जगमगाती नजर नहीं आती है। इन कॉलोनियों में कुछ ही किशोरियां हैं जो 12वीं के बाद आगे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सफल हो पाई हैं।

इस स्लम एरिया में अधिकतर परिवार रोजी रोटी की तलाश में दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर आबाद हुआ है। इसमें अनुसूचित जाति और ओबीसी समुदाय की बहुलता है। ड्राइवर कॉलोनी में रहने वाले अधिकतर परिवारों के पुरुष ऑटो चलाने का काम करते हैं वहीं ईख कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के पुरुष पटना शहर के विभिन्न इलाकों में गन्ने का जूस बेचने का काम करते हैं। काम के अनुरूप ही इन दोनों कॉलोनियों का नाम स्थापित हो गया है। इन निम्न मध्यवर्गीय परिवारों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर अभी भी बहुत अधिक जागरूकता देखने को नहीं मिलती है। यहां आज भी लड़कियों की तुलना में लड़कों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती है।

इस संबंध में 18 वर्षीय कविता (बदला हुआ नाम) कहती है कि 12वीं के बाद उसकी पढ़ाई छुड़वा दी गई क्योंकि उसके भाई को आगे पढ़ना था। वह कहती है कि ÷हम 3 बहनें और एक भाई है। भाई अभी 10वीं में है जबकि बाकी दो बहनें छठी और आठवीं में पढ़ रही हैं। घर में पैसों की कमी है। पिताजी को ड्राइवरी से इतनी आमदनी नहीं होती है कि वह घर का खर्च चलाने के साथ साथ हम भाई-बहनों की शिक्षा का भी खर्च उठा सकें। इसलिए 12वीं के बाद मेरी पढ़ाई छुड़वा दी गई ताकि भाई की शिक्षा पर



पैसा खर्च किया जा सके। वह कहती है कि मुझे भी कॉलेज जाने का शौक था, लेकिन जब बात पैसों की आती है तो पहले लड़की की पढ़ाई छुड़वा दी जाती है।

कविता के पड़ोस में संध्या कुमारी (नाम परिवर्तित) का घर है। घर के गंदे बर्तनों के ढेर को धोते हुए वह बताती हैं कि उसके घर में बड़े भैया की मर्जी चलती है। किसे कितना पढ़ना है और नहीं पढ़ना है इसका फैसला वही करते हैं। 10वीं में उसके कम नंबर आने की वजह से भैया ने उसकी पढ़ाई छुड़वा कर मां के साथ घर के कामों में हाथ बटाने को कहा है। हालांकि वह आगे पढ़ना चाहती थी लेकिन भैया ने उसे पढ़ाई छोड़ कर घर का काम करने को कहा है। वह बताती है कि उसके भैया स्वयं 12वीं से आगे नहीं पढ़े हैं। संध्या के अनुसार घर में अब उसकी शादी की बात की जा रही है। जबकि वह शादी नहीं बल्कि आगे पढ़ना चाहती है। वहीं 15 वर्षीय पूजा बताती है कि दो वर्ष पूर्व किन्हीं कारणों से उसका स्कूल से नाम काट दिया गया था। जिसके बाद वह फिर कभी स्कूल नहीं गई। वह कहती है कि ÷स्कूल में दोबारा नामांकन के लिए उसके पिता या घर के किसी सदस्यों ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई, इसलिए अब उसे भी पढ़ने में रुचि खत्म हो चुकी है।

हालांकि इसी कॉलोनी में रहने वाली प्रतिमा बताती है कि वह बीए सेकेंड ईयर की छात्रा है। उसे घर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिले हैं। वह कहती है कि जब तक उसकी शादी नहीं हो जाती है तब तक उसे पढ़ने की आजादी मिली हुई है। मोहल्ले की अधिकतर लड़कियों के साथ यही होता है। कुछ घरों में उन्हें पढ़ने की तबतक छूट रहती है जब तक उनकी शादी नहीं हो जाती है। प्रतिमा के अनुसार इन स्लम बस्तियों में अधिकतर लड़कियां 12वीं से आगे नहीं पढ़ पाती हैं। वह बताती है कि स्कूल के दिनों में वह खेलकूद में भी भाग लिया करती थी लेकिन जब कॉलेज में एडमिशन लिया तो घर वालों ने कॉलेज में किसी भी प्रकार की खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने से मना कर दिया क्योंकि खेलने के लिए उसे पटना से बाहर भी जाना पड़ सकता था। घर वालों का कहना है कि खेलकूद करने वाली लड़की की शादी में अड़चन आती है।

इस संबंध में समाज सेविका फलक का कहना है कि ÷अदालतगंज भले ही राजधानी पटना शहर के बीचो बीच स्थित है लेकिन यहां अभी भी जागरूकता का काफी अभाव है। विशेषकर लड़कियों की शिक्षा और उनसे जुड़े मुद्दों पर परिवार वालों की सोच बहुत संकुचित है। वह लड़कियों को शिक्षित करने के प्रति अभी भी बहुत अधिक गंभीर नहीं हैं। 12वीं के बाद या तो उनकी शादी करा दी जाती है या फिर पढ़ाई छुड़वा कर घर के कामों में लगा दिया जाता है। बहुत कम संख्या में ऐसा परिवार है जहां लड़कियों ने ग्रेजुएशन में एडमिशन लिया हो और उसे पूरा भी किया हो। वह कहती हैं कि बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बावजूद अदालतगंज स्लम बस्ती में लड़कियों की शिक्षा के प्रति बहुत अधिक जागरूकता का नहीं होना चिंता का विषय है।

हमारे देश में शिक्षा आज भी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। विशेषकर जब महिला साक्षरता दर की बात की जाती है तो इसमें काफी कमी नज़र आती है। इंडियास्पेंड की एक रिपोर्ट के अनुसार माध्यमिक स्तर पर लड़कियों की नामांकन दर में पर्याप्त सुधार हुआ है। वर्ष 2012-13 में 43.9 फीसद की तुलना में वर्ष 2021-22 में बढ़कर 48 फीसद पर पहुंच गई है। लेकिन बड़ी संख्या में किशोर लड़कियां अभी भी स्कूल से बाहर हैं। साल 2021-22 में जहां देश में शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर 1.35 फीसदी है, वहीं माध्यमिक स्तर पर यह बढ़कर 12.25 फीसदी हो गई है। वहीं अगर बिहार की बात करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार देश में महिला साक्षरता का राष्ट्रीय औसत जहां करीब 65 प्रतिशत है वहीं बिहार में महिला साक्षरता की दर मात्र 50.15 प्रतिशत दर्ज किया गया है। जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। यह इस बात को इंगित करता है कि केवल योजनाओं के क्रियान्वयन से नहीं बल्कि धरातल पर जागरूकता फैलाने की भी ज़रूरत है। सामाजिक स्तर पर बालिका शिक्षा के प्रति चेतना जगाने की आवश्यकता है ताकि समाज लड़कों की तरह लड़कियों की शिक्षा के महत्व को भी समझ सके। (चरखा फीचर)

# भारत का चाबहार बंदरगाह बनाम चीन का ग्वादर बंदरगाह

पाकिस्तान में चीन के ग्वादर बंदरगाह और ईरान में भारत के चाबहार,जो केवल 72किलोमीटर की दूरी पर हैं, को क्रमशः चीन और भारत के लिए रणनीतिक भू-राजनीतिक लॉन्च पैड के रूप में संदर्भित किया गया है ।दक्षिण-पूर्व ईरान में ओमान की खाड़ी पर चाबहार का बंदरगाह शहर है।सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के मकरान तट पर ओमान की खाड़ी के करीब और होर्मुज जलडमरूमध्य का मुहाना है जहाँ हमको चाबहार बंदरगाह मिलेगा।

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ दिनों से पूरी दुनियां केसोशल प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में चाबहार व ग्वादर नाम की चर्चा खूब देखने व सुनने को मिल रही है,शुरू में तो मैं स्वयं भी चाबहार और ग्वादर का नाम बहुत दिनों से सुन रहा था परंतु दोनों क्या है उसपर ध्यान नहीं दिया। फिर दिनांक 13 मई 2024 को जब अमेरिकी विदेश विभाग की एक सख्त चेतावनी सुनी जिसमें इस बातपर जोर दिया गया था कि ईरान के साथ व्यापार करने वाली संस्थाओं जिसमें चाबहार बंदरगाह से जुड़े लोग भी शामिल है,को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम का संभावित सामना करना पड़ सकताहै, तो मेरा सटीक ध्यान इस मुद्दे पर गया कि आखिर क्यों बार बार चाबहार और ग्वादर नाम सुनने को मिल रहे हैं, इसपर मैंने फिर आर्टिकल बनाने का निर्णय लिया और मीडिया, रेडियो, टीवी चैनलों पर रिसर्च शुरू किया तो पिछले तीन-चार दिनों में रिसर्च कर पूरी जानकारी निकाली और इसपर आर्टिकल तैयार किया। असल में चाबहार भारत का ईरान में एक बंदरगाह है, व ग्वादर चीन का पाकिस्तान में एक बंदरगाह है व दोनों बंदरगाहों के बीच मात्र 72 किलोमीटर की दूरी है व इससे दुनियां के कई देशों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हित जुड़े हुएहैं,तो यह एक रणनीतिक भूराजनीतिक लॉन्च पैड भी संदर्भित किया गया है,जिसे भारत अमेरिका चीन पाकिस्तान ईरान अफगानिस्तान सहित कई देशों की चिंताएं व बंदरगाहों की समानताओंसे प्रभावित कई दूरगामी रणनीतियां शामिल है। चुंकि अभी वैश्विक स्तरपर चाबहार व ग्वादर बंदरगाहों ने दुनियां का ध्यान आकर्षित किया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के ईरान में चाबहार बंदरगाह वह चीन के पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह में केवल 72 किलोमीटर की दूरी है, रणनीतिक भू राजनीतिक लॉन्च पैड संदर्भित किया जा सकता है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम भारत का चाबहार बंदरगाह बनाम चीन का ग्वादर बंदरगाह की करें तो, पाकिस्तान में चीन के ग्वादर बंदरगाह और ईरान में भारत के चाबहार,जो केवल 72किलोमीटर की दूरी पर हैं, को क्रमशः चीन और भारत के लिए रणनीतिक भू-राजनीतिक लॉन्च पैड के रूप में संदर्भित किया गया है ।दक्षिण-पूर्व ईरान में ओमान की खाड़ी पर चाबहार का बंदरगाह शहर है।सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के मकरान तट पर ओमान की खाड़ी के करीब और होर्मुज जलडमरूमध्य का मुहाना है जहाँ हमको चाबहार बंदरगाह मिलेगा। केवल ईरान के इस बंदरगाह की हिंद महासागर तक सीधी पहुंच है। इन लैंडलॉक देशों में इसे गोल्डन गेट के रूप में जाना जाता है।समानताएँ-दोनों बंदरगाहों का मेजबान देशों पाकिस्तान और ईरान और उन देशों (चीन और भारत) के लिए जो दोनों बंदरगाहों पर शिपिंग कंटेनरों और अन्य सुविधाओं के निर्माण में निवेश करते हैं, दोनों के लिए व्यापक आर्थिक महत्व है।हालांकि, उस क्षेत्र में मौजूद



उग्रवाद का स्तर जहां दो बंदरगाह स्थित हैं, उनके बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है।अंतर,एक अलग स्तर पर, भारत और चीन की निवेश सहायता की प्रकृति में कई जटिलताएं हैं जो मेजबान देशों पर उनकी आर्थिक निर्भरता की डिग्री को प्रभावित करती हैं और प्रभावित करती हैं।इसके अतिरिक्त चाबहार के विपरीत जहां भारत से कोई बाहरी जनसांख्यिकीय प्रवाह नहीं है ग्वादर ने बंदरगाह में काम कर रहे चीनी लोगों को समायोजित करने के लिए निपटान निर्माण में वृद्धि देखी है।अफगानिस्तान की स्थिति और प्राथमिकताएं जो मध्य एशिया के लिए इन देशों के भूमि पुल के रूप में कार्य करती हैं, एक अन्य कारक हैं।अपनी समुद्री कनेक्टिविटी के लिए पाकिस्तान के बंदरगाहों पर अपनी निर्भरता के विकल्प के रूप में अफगानिस्तान चाबहार के घटनाक्रम को एक सकारात्मक और लाभप्रद कदम के रूप में देखता है।

साथियों बात अगर हम ग्वादर बंदरगाह के साथ जुड़ी पड़ोसी देशों व पश्चिमी देशों की चिंताओं की करें तो,ग्वादर ने पड़ोसी दक्षिण एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत के साथ-साथ पश्चिमी देशों में भी चिंता पैदा कर दी है।पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने की अपनी क्षमता के संदर्भ में। इनमें से कुछ चिंताएं हैं;सामान्य चिंताएं-प्रत्येक राष्ट्र ग्वादर को रणनीतिक रूप से अलग तरह से देखता है।चीन के लिए यह एक महत्वपूर्ण पारगमन मार्ग है जो इसे बीजिंग से दुबई की यात्रा करने की अनुमति देता है।यह चीन को अपने पश्चिमी क्षेत्र को निकटतम बंदरगाह से जोड़ने और विस्तार करने में भी मदद करता है।इस क्षेत्र के राष्ट्र सबसे अधिक चिंतित हैं कि बंदरगाह को सैन्य रूप से रणनीतिक स्थिति में बदल दिया जा सकता है जहां चीन अपना नौसैनिक अड्डा स्थापित कर सकता है।इसके अतिरिक्त चीन उद्देश्यपूर्ण रूप से रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपना रहा है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा में किसी भी संभावित वृद्धि की प्रत्याशा में, अपने चयन के एक पल में नौसेना कार्रवाई को बढ़ावा देने का विकल्प प्राप्त कर रहा है।परिणामस्वरूप पड़ोसी देशों में सुरक्षा की स्थिति और अधिक समस्याग्रस्त होती जा रही है।इसके अतिरिक्त, यह संवेदनशील क्षेत्रीय सुरक्षा प्रणाली को और अधिक जटिल बनाता है।भारत की चिंता,भारत हमेशा चीन की मुखर क्षेत्रीय व्यस्तताओं से परेशान रहा है।प्रचलित सर्वसम्मति यह रही है कि ईरान के चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भारत की भागीदारी ग्वादर में व्यापक निर्माण परियोजनाओं की प्रतिक्रिया है।जबकि ग्वादर एक सैन्य रणनीतिक पहल है, चाबहार केवल एक वाणिज्यिक उद्यम है।चाबहार के लिए खतरे के रूप में देखे जाने वाले ग्वादर के विकास के बारे में चिंता ईरान में भी मौजूद है।ईरानी सरकार ने प्रतिद्वंद्विता पर सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सद्भावना के रूप में ग्वादर और चाबहार के बीच एक कड़ी बनाने का सुझाव दिया है।संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंता-पश्चिम एशियाई क्षेत्र में चीन के भू-राजनीतिक उद्देश्यों को लेकर अमेरिका (अमेरिका) में भी चिंता जताई गई है।हालांकि अमेरिका ने इस संबंध में सार्वजनिक रूप से कोई बड़ी घोषणा नहीं की है, लेकिन वह ग्वादर के घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए है।प्रशांत क्षेत्र में चीनी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंताओं के विपरीत, सामान्य रूप से पश्चिमी हिंद महासागर और विशेष रूप से ग्वादर में चीनी उपस्थिति के बारे में अमेरिका की बेचैनी निचले स्तर पर स्पष्ट है। साथियों बात अगर हम ग्वादर पोर्ट के भू-राजनीतिक प्रभाव की करें तो, भारत ने चीन के एक मोतियों की माला से घिरे होने पर चिंता व्यक्त की है। शत्रुता की स्थिति में,भारत चीनी आयात को जलडमरूमध्य से गुजरने से रोक सकता है।ग्वादर बंदरगाह का विकास ओमान की खाड़ी और अरब सागर में इसकी नौसैनिक सुरक्षा के माध्यम से भारत के ऊर्जा और तेल के आयात के एक महत्वपूर्ण हिस्से के लिए खतरा है।अंडमान सागर में भारतीय समुद्री निगरानी केपरिणामस्वरूप पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह में चीनी रुचि बढ़ सकती है।भारत ने चाबहार बंदरगाह विकसित करके जवाब दिया, जो पाकिस्तान में चीन द्वारा निर्मित ग्वादर बंदरगाह से सिर्फ 76 समुद्री मील की दूरी पर है।

# नौकरशाहों से घिरी है ओड़िशा की नवीन पटनायक सरकार : योगी

अवधनामा संवाददाता



■ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गुरुवार को ओड़िशा में की चुनावी रैली

पुरी/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को ओड़िशा के चुनावी दौरे पर रहे। उनकी पहली रैली पुरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लोकसभा प्रत्याशी उम्मीदवार डॉ. संबित पात्रा और चिल्का विधानसभा से उम्मीदवार पृथ्वीराज हरिचंदन के लिए हुई। मुख्यमंत्री ने पुरी के लोगों को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्मान, सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण और विरासत का संरक्षण है। एक तरफ अयोध्या में 500 वर्ष का इंतजार समाप्त होकर राम मंदिर बन गया है। अयोध्या पुरी में प्रभु राम के समय की चमकती हुई अयोध्या दिखाई देगी। वहां गुलामी के सारे ढांचे हट गए हैं। कोई गुलामी की बात नहीं कर सकता, वहां जयश्रीराम के नारे लगते हैं तो दूसरी तरफ नवीन पटनायक सरकार के संरक्षण में भगवान जगन्नाथ पुरी के मुख्य खजाने की चाबी ही गुम हो गई। यह लोग भगवान के खजाने में डकैती डाल रहे हैं। मां भगवती के श्रीचरणों में प्रार्थना करता हूं कि हमें इतनी ताकत मिले कि डबल इंजन सरकार लाकर ओड़िशा के अंदर लैंड माफिया, सैंड माफिया, कैटल माफिया और फॉरेस्ट माफिया पर यूपी जैसा बुलडोजर चला सकें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब सरकार भाजपा की बनती है और नरेंद्र मोदी जैसा नेतृत्व मिलता है तो देश में परिवर्तन आता है। आतंकवाद-नक्सलवाद नियंत्रित हुआ है। यह मोदी का नया भारत है, किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले छेड़ता नहीं है। यहां विकास तेजी से हो रहा है। आज टू-लेन, फोरलेन बन रहे हैं। मीटर गेज की नहीं, वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत के रूप में बुलेट स्पीड से चलने वाली विश्वस्तरीय ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को चार वर्ष से फ्री राशन मिल रहा है और अगले पांच वर्ष तक मिलेगा, लेकिन ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार फ्री राशन की सुविधा को भी अपने नाम से भुनाने का कार्य करती है। नवीन पटनायक सरकार आयुष्मान भारत की सुविधा लागू नहीं होने देना चाहती है। मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावनाओं के साथ विकास योजनाएं लागू हो रही हैं, लेकिन आज भी देश में ऐसे कुछ लोग हैं, जो रहते-खाते भारत का हैं और गाते पाकिस्तान का हैं। वे पाकिस्तान का राग अलापते हुए भारत के दुश्मनों का महिमा मंडन करते हैं। ऐसे लोगों पर बिफरे योगी ने कहा कि वे भारत पर बोझ न बनें, वे पाकिस्तान ही चले जाएं, जहां 23 करोड़ की आबादी एक किलो आटा, गेहूं के लिए तड़प रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 12 राज्यों में दौरा किया हूं, हर जगह से यही आवाज आ रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार-400 पार।

## सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व विधायक के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं श्रीमती आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका प्रतापगढ़ हरि प्रताप सिंह जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

नेता द्वय ने कहा है कि स्व. हरि प्रताप सिंह जी सरल स्वभाव के एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, जिनका संपूर्ण जीवन समाज के पिछड़े तपके के लोगों के लिये समर्पित रहा है, और उनके जीवन के उत्थान के लिये हमेषा संहर्घ करते रहे हैं, उनके निधन से गरीबों का एक सच्चा हितैषी तथा शुभचिन्तक सदा सर्वदा के लिये चला गया है । हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. हरि प्रताप सिंह जी की आत्मा को चिरषांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों तथा समर्थकों को इस दारुण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# अग्निवीर योजना बंद करके युवाओं को देंगे पक्की नौकरी : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता



प्रतापगढ़। सपा मुखिया और पर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतापगढ़ में कहा कि सपा और कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो अग्निवीर योजना बंद कर युवाओं को सेना में स्थायी नौकरी देने का कार्य करेंगे। भाजपा सरकार ने रेल बेच दिया, स्टेशन बेच दिया, हवाई जहाज बेच दिया, प्लेटफार्म बेच दिया, सारी नौकरियां खत्म कर संविदा भर्ती शुरू कर दी। नोटबंदी करके लोगों को बर्बाद कर दिया। अब जनता भाजपा का हिसाब करेगी। अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रतापगढ़ में सपा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश यादव की सभा के दौरान एक युवक पंडाल के पोल पर चढ़ गया और करतब दिखाने लगा। अखिलेश यादव ने उससे नीचे उतरने का आग्रह करते हुए उसके करतब की तारीफ की और कहा कि इन सब नौजवानों को सेना में स्थायी नौकरी मिलेगी। भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। अस्पतालों में उपचार नहीं हो रहा है। प्रदेस में ऐसा कोई जिला अस्पताल नहीं है जहां पर गरीबों को मुफ्त में उपचार हो जाए। पहले तो एंबलेंस खराब थी भाजपा ने अस्पताल ही खराब कर दी है। कहा कि प्रतापगढ़ के भाजपा सांसद संगमलाल मंच पर ही रो रहे हैं। उनको हार सामने दिख रहा है। जनता उन्हें इस बार लाखों वोटों से हराने का कार्य करेगी।

### मुंबई से अयोध्या के रास्ते जौनपुर पहुंचेंगे सवा लाख मतदाता

जौनपुर। जौनपुर के बारे में कहा जाता है कि हर छठे घर से एक व्यक्ति मुंबई में है। इसीलिए उत्तर प्रदेश की जौनपुर लोकसभा सीट की चर्चा मुंबई तक है। मतदान के लिए प्रचार सिर्फ जौनपुर में ही नहीं हो रहा है, मुंबई में भी इसके लिए जनसभाएं आयोजित हो चुकी हैं। अभी भी हो रही हैं। मतदान के दिन मतदाताओं को जौनपुर बुलाया जाएगा। भाजपा ने इसके लिए खास तैयारी कर ली है। कई टीमें वहां जौनपुर के लोगों के बीच छोटे-छोटे सम्मेलन कर रही हैं। करीब सवा लाख मतदाताओं को पहले अयोध्या लाया जाएगा, फिर रामलला का दर्शन कराके जौनपुर के मतदाताओं से वोट डलवाया जाएगा। मुंबई में रह रहे जौनपुर के लोगों की संख्या करीब छह लाख मानी जाती है।

## 'राजाभैया के बल पर नहीं, भाजपा काम के बल पर जीतेगी चुनाव'

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में भाजपा राजाभैया के बल पर नहीं बल्कि अपनी पार्टी के काम और कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का दावा कभी भी हवा हवाई नहीं रहता है।

सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा अपने संगठन और काम के दम पर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। राजाभैया के विरोध के बारे में पूछा जाने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा राजाभैया के दम पर नहीं अपने दम पर चुनाव जीतेगी। भाजपा का दावा कभी हवा हवाई नहीं रहा। 2014 के बाद से भाजपा ने जो भी वादे किए उसको जनता के आशीर्वाद से पूरा किया है। हवा हवाई वादे करना विपक्ष के दलों का काम है। भाजपा धरातल के दावे धरातल पर उतरते हैं।

### राजस्थान के सीएम बोले- आजादी के बाद देश की जनता ने जो भी सपने देखे उन्हें पूरा कर रहे पीएम मोदी

लखनऊ। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि यूपी में विपक्षी गठबंधन ने अभी से हार मानकर हथियार डाल दिया है। जनता ने इस विपक्षी गठबंधन को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व किया है।

# सोनू के फैसले से मेनका गांधी को टेंशन!

अवधनामा संवाददाता





■ अखिलेश की मौजूदगी में थामा सपा का हाथ

सुलतानपुर। पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने के दूसरे दिन पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि सपा की नीतियों से प्रभावित होकर, अंतरात्मा की आवाज पर यह निर्णय लिया है। उनका यह फैसला जिले के भावी विकास की संभावनाओं व भाईचारे को बढ़ावा देने में निर्णायक साबित होगा।

उन्होंने भाजपा सरकार पर तानाशाही, भ्रष्टाचार व कमजोर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने कहा कि वह पहले भी पार्टी में रह चुके हैं। मुलायम सिंह यादव उनके लिए अभिभावक के तौर पर थे और अखिलेश यादव से उनके अच्छे संबंध हैं।

गौरतलब है कि पिछली बार बसपा से सुलतानपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू मंगलवार को सपा में शामिल हो गए। उन्हें लखनऊ में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी में शामिल कराया। सोनू के सपा में शामिल होने से एक ओर जहां गठबंधन प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी, वहीं भाजपा प्रत्याशी व सांसद मेनका गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

कारण, दो विधानसभा क्षेत्र में भद्र परिवार का खासा प्रभाव है। साथ ही क्षत्रिय बिरादरी में भी उनकी गहरी पैठ है। वर्ष 2002 में सपा के सिंबल पर इसौली विधानसभा सीट से जीत दर्ज चन्द्रभद्र सिंह पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 2007 में फिर सपा के टिकट पर विधायक बने थे।

वर्ष 2009 में सपा से इस्तीफा देकर बसपा में शामिल हो गए। इसके बाद हुए उपचुनाव में भी वह विजयी हुए थे। वर्ष 2012 आते-आते बसपा को अलविदा कह दिया और पीस पार्टी के बैनर तले सुलतानपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े। इसमें हार का सामना करना पड़ा।

बदलते राजनीतिक रुख को भांपते हुए चन्द्रभद्र सिंह वर्ष 2013 में बीजेपी में शामिल हो गए। 2014 के लोकसभा चुनाव में वरुण गांधी की जीत में उनका अहम योगदान था। इस कारण उन्होंने चन्द्रभद्र को इसौली से अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया था। इसके बाद सोनू 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले बसपा में शामिल हो गए।

गठबंधन में यह सीट बसपा को मिली तो पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ाया। भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी से सोनू 14 हजार 526 मतों के अंतर से पराजित हो गए। कुछ दिनों से सोनू के भाजपा या सपा में जाने की चर्चा चल रही थी, जिस पर बुधवार को विराम लग गया। सोनू के पिता स्व. इन्द्रभद्र सिंह भी विधायक थे, जिनकी हत्या कर दी गई थी। वहीं, भाई यशभद्र सिंह मोनू प्रमुख रहे चुके हैं। साथ कई विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने परिवार के साथ बांके बिहारी जी के किए दर्शन



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस परिवार के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने सपरिवार ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर में पूजा आराधना की। इसके बाद श्रीराधारमण मंदिर में दर्शन किया।

राज्यपाल परिवारजनों के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच पहले ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना करके दीप प्रज्ज्वलित किया। सेवायत बालकिशन गोस्वामी ने राज्यपाल को ठाकुरजी की प्रसादी अंग वस्त्र और छप्पन भोग प्रसाद भेंट किया। इसके बाद उन्होंने श्री राधारमण मंदिर में दर्शन किए। धार्मिक यात्रा पर तीर्थनगरी पहुंचे राज्यपाल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने कहा कि यहां आना और भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन करना बड़ा अच्छा अनुभव रहा। भगवान देश पर कृपा बनाए रखें। यहां आकर अलग ही अनुभूति हो रही है, मन प्रसन्न हो गया।

# योगी आदित्यनाथः 54 दिन में 12 राज्यों में सीएम ने किया प्रचार

अवधनामा संवाददाता



■ 270 सभाओं को किया संबोधित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में बीते 54 दिन से 12 राज्यों में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 170 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने 137 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड शो किए हैं। इसके अलावा काशी में नारी वंदन-कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने लोकसभा संचालन समिति की दो बैठकें भी की।

बता दें कि छठे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी सीएम दो राज्यों में पहुंचे। वहीं जिन 12 राज्यों में उन्होंने चुनाव प्रचार किया, इनमें महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व चंडीगढ़ शामिल हैं। योगी ने यूपी में छठे चरण की सभी 14 सीटों पर प्रचार किया है। दरअसल, योगी ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया था। इसके बाद से वे निरंतर चुनावी कार्यक्रम कर रहे हैं। सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेगा। इससे पहले छठे चरण तक योगी यूपी की शेष 67 सीटों पर एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार चुनाव प्रचार में पहुंच चुके हैं। सातवें चरण की गोरखपुर, वाराणसी आदि में भी योगी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर ज्ञान प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता

■ बुद्ध पूर्णिमा पर सनातन महासभा की 125वी मां गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित बैशाख पूर्णिमा पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 125वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन गुरुवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर 07 भव्य मंचो से, पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी,स्वामी कौशिक चैतन्य, देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख का खूब प्रयोग किया गया। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों द्वारा विभिन्न देवताओं के रूप में महाआरती के पूर्व कार्यक्रम का आरंभ मोनिका अग्रवाल के गणेश वंदना और बाद में सुमित सिंह के कथक नृत्य से हुआ। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 2024 में हाइस्कूल/इंटर में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक पाए 108 मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र, मैडल इत्यादि से राज्यपाल जी के पूर्व सलाहकार न्यायाधीश एस0एस0 उपाध्याय द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भगवान बुद्ध की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण के साथ सभी गणमान्यों द्वारा पुष्पांजलि दी गयी। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि महाआरती के बाद 501 दीपो से घाट दिवाली की तरह जगमगा उठा साथ ही सभी ने नशा व तम्बाकू मुक्त लखनऊ करने को लेकर संकल्प लिया और सभी ने राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र शुक्ल व डॉ0 आहुति बाजपेयी ओझा के नेतृत्व में लखनऊ को तम्बाकू मुक्त करने का संकल्प दीपो से सभी भक्तों को कराया।

## देश में सुरक्षा और प्रगति के लिए शतप्रतिशत मतदान परमावश्यक : राम मूरत

अवधनामा संवाददाता




■ दारागंज में संदेशयुक्त जादू कार्यक्रम के द्वारा मतदान के लिए किया गया प्रेरित

प्रयागराज। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा आज माधव ज्ञान कोचिंग सेंटर दारागंज में ज्ञान आरोग्य चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष योगाचार्य कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव ही नहीं लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग होली, दीवाली, विजयादशमी आदि के त्योहार में खुशी और उत्साह दिखाते हैं ठीक उसी प्रकार इस महापर्व में उत्साह दिखाकर सभी मतदान करें।

ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में सुरक्षा, शान्ति और प्रगति के लिए शत प्रतिशत मतदान परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 मई को बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। स्वीप पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आठ विजेता जय बहादुर, सबिता, भोला, करीमउल्ला, पवन कुमार, अली मुर्तजा, संदीप पाल, दीनदयाल को बालमुकुन्द सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सभी निर्वाचनों में प्रतिभाग कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए राम मूरत द्वारा शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर जादूगर योगेन्द्र कुमार एण्ड पाटी प्रयागराज ने अपने संदेशयुक्त कार्यक्रम के द्वारा नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन सेंटर के निदेशक एमपी मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान सागर निषाद, सुषमा देवी, रंजना, आरती वर्मा, सबिता, शान्तनु निषाद, सतीश पाण्डेय, विवेक द्विवेदी, रंजीत कुमार यादव, आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## पूंजीपतियों के लिए काम करती हैं दोनों पार्टियां : बसपा सुप्रीमो

मिर्जापुर। पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती ने विंध्याचल मंडल के मड़िहान तहसील के समीप चुनावी जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या और मंडल के तीनों जिलों में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस, भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में गरीब परिवारों को फ्री में थोड़ा सा राशन दिया जा रहा है, इससे उनका कोई भला होने वाला नहीं है। जब चुनाव आता है तो मुफ्त राशन की आड़ में भाजपा, आरएसएस लोगों को गुमराह कर वोट लेने का प्रयास कर रही है। यह राशन पार्टियां अपने जेब से नहीं देतीं बल्कि जनता जो टेक्स देती है, उससे यह राशन आता है। उन्होंने कहा कि जनता को किसी बहकावे में नहीं आना है। गरीबी, बेरोजगारी राशन से नहीं बल्कि हर हाथ में काम देने से दूर होगी और यह कार्य बसपा करेगी। आगे कहा कि इस बार कांग्रेस की तरह ही भाजपा सत्ता में आने वाली नहीं है।

## बीएचयू के प्रो. ओमशंकर के आमरण अनशन को माले का समर्थन

अवधनामा संवाददाता



■ कहा, पीएम के चुनाव क्षेत्र में 12 दिनों से अनशन पर बैठे वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक के मुद्दे जनहित के हैं

लखनऊ। भाकपा (माले) ने आमरण अनशन पर बैठे बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल के हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर ओमशंकर का समर्थन किया है। पार्टी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र में 12 दिनों से अनशन कर रहे वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक के मुद्दे जनहित के हैं और सच से भाजपा सरकार के परहेज के कारण उनकी अनदेखी हो रही है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को कहा कि माले की एक टीम पार्टी का समर्थन देने के लिए अनशनकारी प्रोफेसर से मिलने जाएगी। वरिष्ठ चिकित्सक कोरोना महामारी के बाद हृदय रोगियों में बढ़ोतरी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से कार्डियोलॉजी विभाग के लिए ज्यादा बेड आवंटित करने की मांग के साथ चिकित्सा संस्थान में भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठा रहे हैं। एम्स का दर्जा प्राप्त यह संस्थान न सिर्फ पूर्वांचल, बल्कि पड़ोसी राज्यों के हृदय रोगियों के लिए भी महत्वपूर्ण चिकित्सा केंद्र है। हृदय के गंभीर मरीजों को भी बेड के अभाव में वापस होना पड़ता है, जबकि संस्थान में बनी नई बिल्डिंग में उपलब्ध अतिरिक्त बेड को प्रशासन उक्त विभाग को नहीं दे रहा है। ऐसे में अनशनकारी प्रोफेसर की मांग जनता के स्वास्थ्य के अधिकार के हित में है।

माले नेता ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक कारणों से प्रोफेसर द्वारा उठाये जा रहे जनस्वास्थ्य के मुद्दे की अनदेखी कर रही है। प्रो0 ओमशंकर ने अपने चिकित्सीय अनुभव व शोध के आधार पर कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभावों को सामने लाया और वैक्सीन का विरोध किया। वे वैक्सीन के दुष्प्रभावों के मद्देनजर सुरक्षा उपाय करने का भी सवाल उठा रहे हैं। अनशनकारी प्रोफेसर वैक्सीन (कोविशिल्ड) के साइड इफेक्ट को लेकर वही सच्चाई सामने ला रहे हैं, जिसे इसका फार्मूला बनाने वाली मूल कंपनी एस्ट्राजेनेका ब्रिटेन की अदालत में स्वीकार कर चुकी है।

# दो चरणों में इंडिया गठबंधन की चलेगी सुनामी



अवधनामा संवाददाता

वाराणसी। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि बाकी बचे दो चरणों के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सुनामी चलेगी। गुरुवार को अंधरापुल स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने दो टर्म के कार्यकाल में जनता के साथ छल किया है। पूर्वांचल की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीत रहे हैं। इंडिया गठबंधन यूपी में सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

किरणमय नंदा ने कहा कि भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। 400 के बाद 143 सीटें बचती हैं। भाजपा गठबंधन यहीं पर सिमट जाएगी। भाजपा भाईचारा खत्म कर रही है। वर्ष 2014 तथा 2019 में जुमलाबाजी कर भाजपा सत्ता में आई। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस चुनाव में भाजपा विकास की बात नहीं कर रही है। कहा कि तीसरी बार भाजपा सत्ता में आई तो आम लोगों का पैसा लूटकर उद्योगपतियों को दे देगी। इस बार संविधान बदल देगी, फिर चुनाव नहीं हो सकेगा। इंडिया गठबंधन पूरे देश में मजबूती से चुनाव लड़ रहा है।

हर चरण में इंडिया गठबंधन बढ़ रहा है। पहले से लेकर छठवें चरण तक आंधी है, जो सातवें चरण में तूफान का रूप ले लेगी। बनारस में किसी को कोई खरीद नहीं पाएगा। जितना चरण बीच रहा है, उतना इंडिया गठबंधन का ग्राफ बढ़ता चला जा रहा है। अभी 25 मई को पूरी तरीके से आंधी और एक जून तूफानी और सुनामी का रूप लेने जा रहा है।

## युवा कार्यकर्ता बदलेंगे चुनौती वाले बूथों की तस्वीर

लखनऊ। इंडी गठबंधन ने छठवें व सातवें चरण की 27 सीटों के लिए नई रणनीति अपनाई है। सपा की ओर से बनाई गई इस रणनीति में अब कांग्रेस की टीम भी शामिल हो गई है। इसके तहत गठबंधन ने पिछले चुनावों में कम वोट वाले बूथों पर फोकस किया है। इन बूथों की जिम्मेदारी फ्रंटल संगठनों को सौंपा गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 160 बूथ चिह्नित किए गए हैं। एक संगठन को 40 बूथ का प्रबंधन सौंपा गया है।

समाजवादी पार्टी ने लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, युवजन सभा और छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को चिह्नित बूथों को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी की जिला कमेटी की ओर से तय की गई बूथ कमेटी पहले की तरह कार्य कर रही है। जबकि फ्रंटल संगठन के पदाधिकारियों ने चिह्नित बूथ पर नए लोगों को जोड़ते हुए बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल ली है। इस रणनीति के जरिये पार्टी अपना वोटबैंक बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। गठबंधन के तहत कांग्रेस को 17 और एकमात्र भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस को मिली है। जिन 27 सीटों पर चुनाव होना है, उनमें पांच सीटें कांग्रेस के पास हैं।

# बौद्ध अनुयायियों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली

वहाज अली निहाल



**इटावा।** महामानव सम्यक बुद्ध की 2587 वीं जयंती के अवसर पर यूथ बौद्धिष्ट सोसायटी के तत्वावधान में बौद्ध अनुयायियों द्वारा शहर में विशाल भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। पंचशील ध्वज दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। भर्थना रोड़ स्थित लक्ष्मण वाटिका समारोह स्थल से शोभायात्रा प्रारंभ होकर भर्थना चौराहा, अशोक नगर, शास्त्री चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, नगरपालिका चौराहा, पुरबिया टोला, पक्का तालाब चौराहा, नुमाईश चौराहा होते हुए गौतम बुद्ध पार्क प्रदर्शनी पंडाल पर जाकर समाप्त हुई। ÷बुद्धम् शरणम् गच्छामि, धम्मम् शरणम् गच्छामि, संघम् शरणम् गच्छामि÷व बैंड-बाजे की धुन से शहर का वातावरण बुद्धमय हो गया। शहर में कई स्थानों पर धम्म बंधुओं ने पुष्पवर्षा कर बौद्ध शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पंकज कुशवाहा, रोहित शाक्य, नरेंद्र कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, शशांक शाक्य ने बीएसए ऑफिस के पास पुष्प वर्षा कर बौद्ध शोभा यात्र का स्वागत किया। बौद्ध शोभा यात्रा में धम्म बंधु, बौद्ध धर्म की क्या पहचान गौतम बुद्ध अशोक महान, बौद्ध धर्म की क्या पहचान मानव-मानव एक समान आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

बौद्ध शोभायात्रा में भगवान बुद्ध, माता महामाया, राजा शुद्धोधन, यशोधरा एवं राहुल, डॉ भीमराव अंबेडकर, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य, चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान, सिद्धार्थ द्वारा हंस की रक्षा, ज्योतिबाफुले, सावित्री फुले, डाकू अंगुलिमाल की झांकियों ने लोगों के मन को मोह रहीं थी। समस्त धम्म बंधुओं ने गौतम बुद्ध पार्क प्रदर्शनी पंडाल पहुँचकर अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाकर विधिपूर्वक पूजन-अर्चन किया।

बौद्ध गुरु ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी महात्मा बुद्ध के अनुयायी हैं। हमारा काम लोगों को जोड़ना है। महात्मा बुद्ध ने सपना देखा था कि सभी लोग एक साथ रहें। उन्होंने कहा था कि पशु-पक्षी आदि का समान अस्तित्व है। बौद्ध धर्म सबको जोड़ने का मार्ग है। बुद्ध शोभायात्रा में प्रमुख रूप से बौद्ध भिक्षु उपनंद, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, सर्वेश शाक्या, प्रदीप शाक्य बबलू, अरविंद शाक्य, विक्रम बौद्ध, सूरज सिंह शाक्य, रोहित शाक्य, पंकज कुशवाहा, जितेंद्र शाक्य, सभासद महिपाल शाक्य, अविनाश कुशहवाहा, विवेक शाक्य सोनू (राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्ध आर्मी), चंद्रपाल शाक्या लारा हेमंत शाक्य, रामकरन शाक्या, राधे श्याम शाक्य, अनिल शाक्य, नबाब कुशवाहा, रंजीत शाक्या सहित धम्म प्रेमी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बिजली अभियंता संघः लखनऊ में 27 जून को होगा महाधिवेशन

**मथुरा।** आगामी माह 27 जून को लखनऊ में होने वाले अभियंता संघ के वार्षिक महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर केन्द्रीय पदाधिकारियों ने मथुरा में बैठक की और इसको सफल बनाने की रणनीति को लेकर गहन मंथन किया। लखनऊ में होने वाले अभियंता संघ के 39वें वार्षिक महाधिवेशन की तैयारियों एवं प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने व अन्य मुख्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हेतु मथुरा में गत दिवस बैठक हुई इससे इंजीनियरों ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अभियंता संजय कुमार जैन ने की। बैठक में एसई प्रभाकर पांडेय, एसई विजय मोहन खेड़ा, एक्सईएन अनिल कुमार पाल, एक्सईएन गौरव कुमार, एसडीओ सचिन द्विवेदी, एसडीओ रमेश सोनी, मानवेन्द्र गौतम, सौरभ मिश्रा आदि इंजीनियर मौजूद रहे।

# विश्व कछुआ दिवसः जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नमामि गंगे के अंतर्गत विश्व कछुआ दिवस 2024 के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के संयुक्त तत्वाधान में रेंज चकरनगर परिसर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन प्रभागीय निदेशक अतुल कांत शुक्ला के निर्देशन मै किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने बताया कि कछुए नदियों के जल को साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। प्राय कछुए दो प्रकार के होते है कठोर कवच एवं मुलायम कवच वाले कछुए। कछुए जहाँ एक ओर सड़ी-गली लाशो को खाकर खत्म करते है। वही दूसरी ओर कठोर कवच वाले कछुए पानी मे पैदा होने वाले हरित शैवाल को खाकर नदियों के जल के प्रदूषण को कम कर देते है। क्षेत्रीय वन अधिकारी चकरनगर सत्यनारायण यादव ने कहा कि विश्व कछुआ दिवस प्रत्येक वर्ष 23 मई को सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान कछुओं की तरफ आकर्षित करने और उन्हें बचाने के लिए किए जाने वाले मानवीय प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव कुमार ने कहा कि कछुओं की प्रजाति लगभग 200 मिलियन वर्ष पूर्व से पृथ्वी पर पाई जाती है इन्हें विश्व की सबसे पुरानी जीवित प्रजातियों में से एक माना जाता है आज कछुआ धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर है यदि उनके प्रति लोगों में जागरूकता नहीं फैलाई गई तो यह प्रजातियां पूरी तरह से खत्म हो सकती हैं। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि हिंदू धर्म में कछुओं को भगवान विष्णु के बारह अवतारों में से एक कच्छप अवतार के रूप में जाना जाता है इसलिए आज भी अनेकों मंदिरों में कछुओं के विग्रह विराजमान हैं और लोग उनकी पूजा करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना, वनरक्षक अमरेश कुमार, विपिन कुमार, सौरभ सिंह रुद्र प्रताप सिंह व अनुज तिवारी आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# बाल यौन शोषण वैश्विक समस्याः रजत पांडे

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में कैप्टन मनोज पाण्डेय, पी वी सी कॉम्प्लेक्स (मथुरा) में चल रहे 11 यू पी वाहिनी एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में दिनांक 23 मई को ÷बचपन सेव द इनोसेंस से आयी टीम ने बाल यौन शोषण जो कि एक वैश्विक स्तर की समस्या का रूप लेती जा रही है पर संभाषण दिया। इस टीम की समन्वयक मानसी कटारा ने व्यापक रूप से कैडेटों को बाल यौन शौषण के संबध में बताया। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग केवल बाल यौन शोषण में सामान्यतः शारीरिक और यौनिक शोषण को ही शोषण समझते हैं लेकिन इन्होंने स्पष्ट कर बताया कि मानसिक तथा भावनात्मक स्तर पर होने वाला शोषण भी बच्चो की मानसिकता पर दीर्घकालीन प्रभाव डालता है। साथ ही साथ इन्होंने बाल यौन शौषण के विरुद्ध सक्रिय हेल्पलाइन न. 1098 भी साझा किया जिससे ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कानूनी और प्रभावी कार्यवाही हो सके। कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने भी कैडेटों से कहा के निःसंदेह बाल यौन शौषण एक जघन्य कृत्य है। इसके लिए जरूरी है सजकता और जागरुकता साथ ही साथ इंटरनेट साइट्स पर पैरेंटल कंट्रोल मजबूत होना चाहिए। संस्था से आए अन्य सदस्यों में आशीष शर्मा, हिमांशु शर्मा, अमित चौधरी, दीपक सिंह, वंदना, ने भी कैडेटों को यौन शोषण के उदाहरण दिये। डिप्टी कैंप कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल एस.एस.नेगी, कैंप एडजुडेंट एवं ट्रेनिंग ऑफिसर कैप्टन अतुल शर्मा, कल्चर प्रोग्राम इंचार्ज और मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल कौशिक एवं लेफ्टिनेंट अभिषेक सोलंकी, क्वार्टर मास्टर लेफ्टिनेंट विष्णु सिंह, लेफ्टिनेंट हरिओम सिकरवार, कैडेट मनीष, कैडेट शुभम् इत्यादि इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# अध्यक्ष पद पर यतेन्द्र, अशोक, श्याम ने किया नामांकन

**इटावा डीबीए चुनाव**

- महामंत्री पद पर देवेन्द्र पाल सिंह, अम्बरीश कुमार पाण्डेय, डा.राजीव कुमार त्रिपाठी ने नामांकन किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2024 के लिये 57 नामांकन पत्र खरीदे गये थे जिसमें पहले दिन 25 नामांकन पत्र भरे गये तथा दूसरे दिन 26 नामांकन पत्र दाखिल हुये कुल मिलाकर 51 प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किय 6 अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पर्चे दाखिल नहीं किये। एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान ने गुरुवार को संयुक्त रूप से बताया कि नामांकन के दूसरे दिन एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी एडवोकेट तथा सदस्यगण शान्ती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी एडवोकेट के समक्ष अध्यक्ष पद पर यतेन्द्र कुमार दीक्षित, अशोक बाबू दुबे, श्याम सिंह यादव, महामंत्री पद पर देवेन्द्र पाल सिंह, अम्बरीश कुमार पाण्डेय, डा.राजीव कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र कुमार मिश्रा, राम शरन सिंह यादव, कृष्ण मुरारी यादव, अजय द्विवेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र सिंह कुशवाहा, वेद प्रकाश शर्मा, मध्यम उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार, रजिया, शशिवाला चतुर्वेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित नारायण पाण्डेय, शिवम, गजेन्द्र पाल सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर दीपांशू तोमर, संदीप अग्रवाल, मो.शाहनवाज, वरिष्ठ सदस्य पर मुकेश यादव, वीरपाल सिंह, उदय प्रताप सिंह तोमर, कनिष्ठ सदस्य पद पर सुबोध कुमार व हिमांशू यादव ने पर्चा दाखिल किये। गुरुवार को नामांकन में सबसे खास बात यह रही कि मध्यम उपाध्यक्ष पद पर शशिवाला चतुर्वेदी के नामांकन में महिला अधिवक्ताओं की एक जुटता तथा महिलाओं का चुनाव के प्रति जोश उनके लगाये गये नारों से देखने को मिल रहा था। पर्चा बिक्री व दाखिल करवाने में एल्डर्स कमेटी के सहयोगी अधिवक्ता किरन माथुर तथा राघवेन्द्र त्रिपाठी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

## भाजपा नेता की कार का एक्सीडेंट, छूकर निकल गई मौत

**मथुरा।** थाना बरसाना के नंदगांव कस्बे में वरिष्ठ भाजपा नेता की गाड़ी को सामने से टक्कर मारते हुए अनियंत्रित डंपर 50 मीटर तक घसीटता ले गया। आगे से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन गाड़ी में सवार भाजपा नेता और उनके चालक को खरोंच तक नहीं आई। बुधवार को भाजपा नेता दान बिहारी चौधरी उर्फ दानो नेता नंदगांव से कोसी जा रहे थे। गाड़ी उनका चालक रोहताश तिवारी चला रहा था। दोपहर करीब पौने दो बजे सिंडीकेट बैंक के पास कोसी की ओर से गलत दिशा में तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी कार में सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। डंपर कार को लगभग 50 मीटर तक घसीटता ले गया। इससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें जैसे-तैसे बाहर निकाला। दोनों सुरक्षित हैं। चालक डंपर छोड़ भाग गया, उसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नाथ चिकित्सालय ने किया शरबत का वितरण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नाथ चिकित्सालय के सौजन्य से राजागंज चौराहे पर बौद्ध यात्रा के रास्ते में कैंप लगाकर शरबत का वितरण किया। नाथ चिकित्सालय के संरक्षक मोहन गुप्ता ने बताया बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर इस भीषण गर्मी में बौद्ध यात्रा में नगर भ्रमण कर रहे श्रद्धालुओं के लिए नाथ चिकित्सालय के समस्त स्टाफ और डॉक्टर्स ने राजागंज चौराहे पर कैंप लगाकर लगाकर शरबत का वितरण किया। नाथ चिकित्सालय का समस्त स्टाफ रोगियों के लिए उचित इलाज के साथ साथ सामाजिक कार्यो के लिए तत्पर रहता है। आयोजन में मुख्य रूप से डा.विप्लव चौधरी, डा.शुभांकर गौतम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता मंडल महामंत्री प्रशांत दीक्षित ब्रिटिश इंस्टीट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज के संस्थापक अभिषेक ज्ञानार्थी आकाश गुप्ता, अनुरुद्ध गुप्ता, कुलदीप तिवारी, आशीष शर्मा अमित राठौर, अनिल सक्सैना, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### अभिषेक को अधिवक्ता सुरक्षा परिषद में कानपुर मंडल का महासचिव बनाया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अधिवक्ता सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक दीपक बाबू एडवोकेट की संतुष्टी पर जनपद इटावा के रहने वाले अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह को अधिवक्ता सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश में कानपुर मंडल का महासचिव के पद पर प्रदेश उपाध्यक्ष/मुख्य मंडल प्रभारी मैराज अली खान ने नियुक्त कर उनको प्रमाण पत्र दिया साथ जिला अध्यक्ष गुलजार वारसी व वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर यादव, रामशरण यादव, अमित पांडे, चंद्र प्रकाश दीक्षित, राजुल शुक्ला, आदि अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अभिषेक कुमार ने कहा जो हमको जिम्मेदारी दी गई उसको हम संगठन के प्रति पूर्ण ईमानदारी से निभायेगे।

# तथागत गौतम बुद्ध की जयंती मथुरा में विभिन्न आयोजन हुए खीर प्रसाद का वितरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तथागत गौतम बुद्ध की जयंती के अवसर पर बुद्ध कारवां यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ धोरेरा से होकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए चंदनवन स्थित बुद्ध पार्क मैं समापन हुआ। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया समापन स्थल पर खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा विश्व को शांति का संदेश देकर मानवीय मूल्यों के संरक्षक महान दार्शनिक, विचारक तथागत गौतम बुद्ध जी के जन्मोत्सव ,बोधोत्सव, महपरिनिर्वाण दिवस अर्थात( त्रिविधि दिवस ) पर कृष्णा नगर बिजली घर मथुरा पर मानवीय मूल्यों के संरक्षण में, तथागत बुद्ध का योगदान, विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर नरेश कुमार जी ने की। संचालन अंकित सागर जी ने किया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम महात्मा तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात पंचशील के उच्चारण उपरांत संगोष्ठी में मुख्य रूप से पधारे माननीय रमेश सैनी अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछडा वर्ग मथुरा वृंदावन एवं माननीय लक्ष्मण सैनी जी पार्षद वार्ड नंबर 48 ने संयुक्त रूप से तथागत बुद्ध के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला और बताया बुद्ध ने मनुष्य को करुणा, प्रेम, प्रज्ञा ,शील जैसे मूल्य देकर चरित्रवान व्यक्तित्व के निर्माण का सिद्धांत दिया।

संगोष्ठी में अध्यक्ष लुकेश केकुमार राही ने वर्तमान परिपेक्ष में तथागत गौतम बुद्ध के बताएं सिद्धांत और विचारों की प्रासंगिक है, तथागत गौतम बुद्ध के बताएं मध्य मार्ग पर चलकर वर्तमान संसार की समस्त समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है इसलिए तथागत गौतम बुद्ध ने सबको ज्ञान की शरण ,संघ की शरण धर्म की शरण में रहकर चरित्रवान बनने एवं इंसानियत को सुरक्षित करते हुए जियो और जीने दो ,का सिद्धांत दिया। संगोष्ठी में दर्जन भर वक्ताओं ने प्रतिभा किया जिनमें प्रमुख रूप से आर के फाइटर कन्हैया लाल ठेकेदार उपाध्यक्ष चित्रसेन मौर्य सुभाष कुमार राज गब्बर नेता अंकित सागर सौदान सिंह विवेक कुमार आकाश कुमार राजू माहौर गौरव कुमार आयुष कुमार आशीर्वाद नंदिनी वंदना आयुषी अंशिका पल्लवी राही ने पुष्प अर्पित कर मानवीय मूल्यों के संरक्षण की प्रतिबद्धता ली। फ़रह में मनाई बुद्ध पूर्णिमा डॉ भीमराव अंबेडकर समाज सुधार समिति रजिस्टर्ड फ़राह मथुरा द्वारा महुअन बुद्ध बगीची पर बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समिति व क्षेत्र के मा, किरोड़ी लाल, कालीचरन सुमन, दिनेश बाबू वाचा, दिनेश चंद्र प्रवक्ता विनोद कुमार आजाद ,दर्याब सिंह, ओम प्रकाश प्रवक्ता, संजीव कुमार आजाद, धर्मेंद्र सिंह प्रधान, लाल सिंह प्रधान,लोहरे, साधना बाचा निर्मल कुमारी, डॉ रणवीर सिंह, राम प्रसाद दरोगा जी, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव बनी सिंह सागर द्वारा किया गया।

# मथुरा के इंड्रस्ट्रियल एरिया में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

- प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का मिला जखीरा

**मथुरा।** नगर निगम द्वारा महानगर क्षेत्रान्तर्गत प्रतिदिन प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करने के साथ जुर्माना वसूल किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने सभी अपर एवं सहायक नगर आयुक्तों को कड़े निर्देश दिए है कि धर्म नगरी में प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री उसका इस्तेमाल कदापि नहीं होने चाहिए।

इसी क्रम में बुधवार को श्रीमती कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त द्वारा इंड्रस्ट्रियल एरिया ई 39 में प्रतिबंधित प्लास्टिक होने की सूचना प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुए लगभग 170 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करते हुये जुर्माने के रूप में रू. 1 लाख 30 हजार रु. की वसूली की गयी है। सहायक नगर आयुक्त द्वारा चेतावनी देते हुये कहा है कि प्रतिदिन प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा।

सिंगल यूज प्लास्टिक के जब्तीकरण के दौरान नगर निगम टास्क फोर्स से राजेश सूबेदार पदम सिंह राजकुमार लवानिया सफाई निरीक्षक दीपक शर्मा आदि नगर निगम टीम उपस्थित रही।

# आफताब हुये सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में किया गया सम्मानित




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कंपोजिट विद्यालय महोला के प्रधानाध्यापक व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ आफताब हुसैन की सेवानिवृत्त विदाई समारोह बुधवार को बहुत ही भव्य तरीके से किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ पूर्व प्रधान प्रदीप यादव एस.एम.सी अध्यक्ष एवं समस्त ग्राम वासियों छात्रों द्वारा श्रद्धा भाव से सभी ने श्री हुसैन का माल्यार्पण कर, शाल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भी अपने गुरुजी को पुष्प भेंट किये।

# पुलिस कस्टडी में ला रही थी प्रेमी प्रेमिका को, प्रेमी की संदिग्ध मौत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के गांव बंदी से दो दिन पहले घर से भागे प्रेमी युगल को पुलिस ने दतिया ग्वालियर से बरामद कर लिया। निजी वाहन से बलदेव लाते समय रास्ते में युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। पुलिस ने उसे ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मंगलवार रात मौत हो गई।

बुधवार शाम जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गांव बंदी के बाहर बलदेव-राया मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। अधिकारियों ने तहरीर लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब परिजन माने और देररात शव का अंतिम संस्कार किया गया।

गांव बंदी निवासी युवक मोनू (18) पुत्र भीमसेन जादौन का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 20 मई को वह युवती को लेकर भाग गया। इस मामले में लड़की पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोनू के भाई सोमू उर्फ पंकज ने बलदेव पुलिस को बताया कि दतिया ग्वालियर में मौसी रहती हैं। उन्हीं के पास मोनू रहता था। इसलिए वह वहीं गया होगा। इस पर थाने से एक दरोगा, एक महिला सिपाही और कांस्टेबल, सोमू और लड़की के पिता को साथ लेकर निजी वाहन से दतिया पहुंचे, जहां दोनों पुलिस को मिल गए। बताते हैं कि पुलिस दोनों को लेकर मंगलवार की रात बलदेव आ रही थी, करीब साढ़े तीन बजे रास्ते में मोनू ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। जैसे ही पुलिस को पता चला तो खलबली मच गई और उसे ग्वालियर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार शाम गांव बंदी में जैसे ही युवक का शव पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव रखकर जाम लगा लिया। सूचना मिलते ही एसपी देहात त्रिगुण बिसेन, एसडीएम दीपिका मेहर, नायब तहसीलदार शाविका शर्मा, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, थाना महावन प्रभारी आशा चौधरी, बलदेव थाना प्रभारी संजय त्यागी व बड़ी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंच गई और कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। गांव में तनावपूर्ण शांति है। देररात तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी।

क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा व थानाध्यक्ष बलदेव संजय त्यागी ने बताया दोनों युवक-युवती नाबालिग थे, लड़के ने रास्ते में भयभीत होकर विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। शव का ग्वालियर में पोस्टमार्टम हुआ। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़ित पक्ष से तहरीर ली गई है, जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई होगी।

मृतक मोनू के भाई सोमू जादौन का आरोप है कि दतिया रेलवे स्टेशन से दोनों को पुलिस को सौंपा था। रास्ते में लड़की पक्ष ने पुलिस के साथ मिलकर उसके भाई को मारा है। एंबुलेंस से शव को गांव भेज दिया गया। शव के साथ कोई पुलिसकर्मी नहीं आया। लड़की और उसके पिता दोनों ग्वालियर से फरार हैं। पुलिस की कस्टडी में मौत हुई है। वहीं, मृतक की मां इंदिरा देवी ने बिलखते हुए आरोप लगाया कि मेरे बेटे को मार डाला है, मुझे न्याय दिलाया जाए, मेरे बेटे को पुलिस ने जीवित पकड़ा था, रास्ते में कैसे और क्यों मर गया उसके पास जहर कहां से आया।

# भगवान बुद्ध का ब्रज से अटूट संबंध

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संपूर्ण भारत वर्ष आज देश मै बुद्ध पूर्णिमा पर्व मना रहा है भगवान बुद्ध और ब्रज का अटूट संबंध रहा है जिसका प्रमाण भी देखने को मिलता है।भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में ब्रज की दो यात्राएं की थीं। मथुरा संग्रहालय में बुद्ध की 1962 में मिली प्रतिमा संरक्षित है। इसे दो हजार साल पुराना बताया जाता है, जो कि कटरा (श्रीकृष्ण जन्मस्थान के निकट) के टीले से प्राप्त हुई थी। इसे भगवान बुद्ध की प्रथम प्रतिमा माना जाता है।

ब्रज एवं श्रीकृष्ण पर शोध कर रहे जानकर बताते हैं कि मथुरा संग्रहालय की परिचय पुस्तिका में उल्लेख है कि भगवान बुद्ध ने दो बार मथुरा की यात्रा की थी। एक और मथुरा के बारे मैं जानकारी रखने वाले महानुभाव बताते हैं कि दो हजार वर्ष पुरानी बुद्ध प्रतिमा कटरा (श्रीकृष्ण जन्मस्थान के निकट) के टीले से प्राप्त हुई थी। 1962 में मिली यह प्रतिमा भगवान बुद्ध की प्रथम प्रतिमा मानी जाती है।

यह प्रतिमा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की प्रतीक है। भगवान बुद्ध बोधि वृक्ष के नीचे पत्थर के सिंहासन पर आसीन हैं। एक हाथ अभय मुद्रा में कंधे तक उठा है। प्रभामंडल, हस्तिनख आकृति से अंकित हैं। दोनों भौंहों के बीच ज्ञान प्राप्ति का सूचक ऊर्णा का उभरा हुआ चिह्न है। केवल एक कंधे पर उत्तरीय पड़ा है और हाथ एवं तलुओं पर स्वास्तिक, त्रिरत्न आदि अंकित हैं। यह मूर्ति साधुवेश में है, इसका अभिलेख इसे बोधिसत्व बताता है। सिंहासन के नीचे दोनों ओर सिंह विराजमान हैं। यह मूर्ति भगवान बुद्ध के ज्ञान की सूचक है। वहीं, इससे पूर्व मथुरा कचहरी स्थित जमालपुर टीले से 1864 में मिली बुद्ध की प्रतिमा भारतीय मूर्तिकला का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण मानी जाती है। दोनों प्रतिमाओं में से एक संग्रहालय में और एक राष्ट्रपति भवन की शोभा बढ़ा रही हैं। करीब 1500 वर्ष पुरानी प्रतिमा के नेत्र कमल के समान, सुंदर घुंघराले बाल, लंबे कान, चारों दिशाओं में ज्ञान के प्रकाश की किरणों को बिखेरता अलंकृत प्रभामंडल और सबसे महत्वपूर्ण है प्रतिमा का ध्यान भाव।

मथुरा के इतिहास की जानकारी रखने वालों ने बताया कि बुद्ध के विषय में उल्लेख है कि उन्होंने ब्रज की दो यात्राएं की। पहली यात्रा के समय मथुरा की तत्कालीन परिस्थिति के कारण संतुष्ट नहीं हुए थे। उस समय यहां यक्षों का आधिपत्य था। उन्होंने बुद्ध की यात्रा के दौरान अनेक बाधाएं उत्पन्न कीं। निर्वाण के कुछ दिन पूर्व बुद्ध पुनः मथुरा आए थे।

उस वक्त के शासक अवंतिपुत्र ने बुद्ध का आदर-सत्कार किया। उनके एक अन्य शिष्य महाकश्यप की पत्नी भद्रा कपिलानी मथुरा की रहने वाली थीं। बौद्ध धर्म के इतिहास में मथुरा की यश पताका फहराने वाले आचार्य उपगुप्त को मौर्य सम्राट अशोक ने धार्मिक प्रवचनों के लिए अपनी राजधानी पाटलिपुत्र में आमंत्रित किया था। इनके परामर्श से धर्मविजय की योजना बनाई। उपगुप्त की विद्वता के फलस्वरूप मथुरा सर्वास्तिवाद बौद्ध संप्रदाय का गढ़ बना। आज भी बौद्ध संप्रदाय का गढ़ मथुरा को माना जाता है।

# बेटी की हसती खेलती शादी शुदा जिंदगी को खत्म करने पर अड़ा पिता

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** हर पिता चाहता है उसकी बेटी की शादी शुदा जिंदगी खुस गवार गुजरे पर मै एक अभागा पिता सामने आया है थाना जमुनापार इलाके की एक नवविवाहिता ने पिता और भाई के खिलाफ जमुनापार थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दी कि उसके पिता और भाई शादी तुड़वाना चाहते हैं। पति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसे भी घर में बंद कर मारा था।

अल्पना पत्नी रोहित कुमार निवासी सोनई टप्पा, जमुनापार ने बताया कि उसकी शादी 6 माह पूर्व रोहित से पिता डालचंद की मर्जी से बिना किसी दान-दहेज के हुई थी। पिता को मालूम पड़ा है कि रोहित सरकारी नौकरी नहीं करता, स्कूल में नौकरी करता है। आरोप है कि पिता व भाई शादी को तुड़वाना चाहते हैं। पैसे लेकर दूसरी शादी करना चाहते हैं। इसी प्रकार बड़ी बहन के साथ किया था।

पिछले दिनों ससुराल से जबरन घर ले गए। वहां बंद करके मारापीटा। किसी प्रकार घर से भागकर कचहरी पहुंची। वहां भी आरोपी आ गए। इनके संबंध में एसएसपी, मथुरा से कार्रवाई की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर थाना जमुनापार में मुकदमा दर्ज हुआ है।

इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर नामजदों पर मुकदमा सुसंगत धाराओं में लिखा गया है। जांच की जा रही है।

# भारत की नजरें विश्व कप खिताब के सूखे को खत्म करने पर

टी20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है। भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप में हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। इसके सात महीने बाद रोहित और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान



की अगुआई करेंगे जो संभवतः इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। रोहित अब तक सभी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं जबकि 2012 में इस टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले कोहली छठी बार इसमें शिरकत करेंगे। कोहली ने टूर्नामेंट में 27 मैच में 131.30 के स्ट्राइक रेट और 81.50 के औसत से 1141 रन बनाए हैं जबकि रोहित के नाम 39 मैच में 127.88 के स्ट्राइक रेट से 963 रन दर्ज हैं। रोहित और कोहली ने 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद से भारत के लिए कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे इस तरह की अटकलें थीं कि वे एक जून से शुरू होने वाले विश्व कप से बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने इन चिंताओं को दूर किया और अब नजरें इन दोनों बल्लेबाजों पर टिकी हैं। रोहित हालांकि 2024 आईपीएल में मुंबई इंडियन्स की ओर से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम के असफल अभियान के दौरान सिर्फ 417 रन बना पाए। कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से खेलते हुए 15 मैच में 61.75 के औसत से 741 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं लेकिन सत्र की शुरुआत में कुछ टीवी कमेंटेटर ने उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाए थे।

कोहली अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए पारी का आगाज करते हैं लेकिन भारत के लिए टी20 प्रारूप में तीसरे नंबर पर खेलते हैं। कोहली अगर तीसरे नंबर पर खेलना जारी रखते हैं तो यशस्वी जायसवाल रोहित के साथ पारी का आगाज करेंगे। भारत ऐसी स्थिति में दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव सहित चार विशेषज्ञ बल्लेबाजों के साथ उतरेगा। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या और पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत अगले दो स्थान पर होंगे जबकि इसके बाद गेंदबाजी ऑलराउंडरों को जगह मिलेगी। कोहली अगर रोहित के साथ पारी का आगाज करते हैं तो मध्य क्रम में एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाया जा सकता है। ऐसे में शिवम दुबे को जगह मिल सकती है जिन्होंने आईपीएल में 162.29 के स्ट्राइक रेट से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। दुबे मध्यम तेज गति की गेंदबाजी भी कर सकते हैं और हार्दिक के साथ गेंदबाजी के बोझ को बांट सकते हैं। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जिसमें बाएं हाथ के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल सहित चार स्पिनरों को जगह मिली है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल दो अन्य कलाई के स्पिनर हैं। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

# अंबाती रायुडू ने एक बार फिर साधा आरसीबी पर निशाना



आईपीएल 2024 से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सफर खत्म हो चुका है। एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को चार विकेट से हराकर आईपीएल 2024 से बाहर कर दिया। इससे पहले आरसीबी ने अपने आखिरी लीग मैच में सीएसके को हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया था। जिसके बाद आरसीबी ने ऐसा जश्न मनाया जैसे वह खिताब जीत गई हो। इसके साथ ही आरसीबी फैंस ने सीएसके फैंस के साथ भी बदसलूकी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। वहीं अब सीएसके के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने इन बातों को कुछ ज्यादा ही दिल पर लगा लिया था। आरसीबी की एलिमिनेटर में हार के बाद रायुडू ने पहले तो आरसीबी पर निशाना साधा और कहा कि जश्न मनाने और जुनून से ट्रॉफी नहीं जीती जाती है। आईपीएल ट्रॉफी जीतने के लिए सिर्फ सीएसके से जीतना जरूरी नहीं होता है। इसके बाद रायुडू ने अब सोशल मीडिया के जरिए आरसीबी के जख्मों को फिर से हराने की कोशिश की है। रायुडू ने सीएसके का एक पुराना वीडियो शेयर किया है, जिसमें अंजिक्य रहाणे, रविंद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉन्वे नजर आ रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी सीएसके की बस में पांच आईपीएल ट्रॉफी का जश्न मना रहे हैं। आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीमें सीएसके और मुंबई इंडियंस हैं। इन दोनों ने आईपीएल में पांच-पांच खिताब अपने नाम किए हैं। जबकि आरसीबी आज तक खिताब के लिए तरस रही है।

# आवेश खान की सफलता का मंत्र अच्छी नींद, अच्छा खाना और अच्छी गेंदबाजी



आवेश खान ने सफलता के मंत्र को सरल बना दिया है और इससे उन्हें फायदा हो रहा है जो इस साल के आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए महत्वपूर्ण मैचों के दौरान उनके प्रदर्शन में देखा जा सकता है। आवेश ने अधिकतर सपाट पिच पर खेले गए 15 मैचों में 16 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 9.81 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और डेथ ओवरों में उनके नियंत्रण ने उन्हें इस बार एक अलग गेंदबाज बना दिया है। बुधवार को आईपीएल एलिमिनेटर में रॉयल्स की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पर जीत के दौरान तीन विकेट चटकाने वाले आवेश ने कहा, ''मैंने अपने क्रिकेट को सरल बना दिया है मुझे (अच्छी तरह से) सोना है, मुझे (अच्छी तरह से) खाना है और मुझे (अच्छी तरह से) गेंदबाजी करनी है और इसके अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, क्रिकेट एक सर्कल की तरह है, जितना छोटा रखेंगे, उतना ही बेहतर होगा। आप इस सर्कल को और बढ़ाएंगे तो आपको और अधिक कमियां दिखेंगी।

आवेश ने कहा, इसने मेरी जिंदगी भी बदल दी है और मेरे क्रिकेट को भी प्रभावित किया है। कैरेबिया और अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बुधवार को खुलासा किया कि पिछले साल आईपीएल के बाद एक व्यस्त घरेलू सत्र के बाद अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने से उन्हें खुद के अंदर बेहतर खिलाड़ी को खोजने में मदद मिली।


उन्होंने कहा, पिछले साल जब मैं एलएसजी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) के लिए खेला था तब मैंने रणजी ट्रॉफी के 10 मैच खेले थे जिसमें मैंने लगभग 320 ओवर गेंदबाजी की थी। मैं जो प्रयास कर रहा था, शरीर उसके अनुसार प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था।

## भारत के कोच पद के लिए आवेदन नहीं किया, करूंगा भी नहीं : एंडी फ्लावर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर की भारतीय कोच पद के लिए दावेदारी पेश करने की कोई योजना नहीं है। जिंबाब्वे के इस पूर्व कप्तान ने आईपीएल प्लेऑफ से अपनी टीम के बाहर होने के बाद इसकी पुष्टि की। राहुल द्रविड़ टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 27 मई तक नए कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। फ्लावर ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैंने आवेदन नहीं किया है। मैं आवेदन नहीं करूंगा। मैं फिलहाल फ्रेंचाइजी लीग से जुड़कर खुश हूं। माना जा रहा है कि गौतम गंभीर से संपर्क किया गया है लेकिन ना तो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और ना ही बीसीसीआई के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सफल कोच रहे फ्लावर के मार्गदर्शन में 2012 में एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली टीम ने भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

# खेल मंत्रालय ने ओलंपिक से पहले लक्ष्य और सिंधू की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी





भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु ओलंपिक की तैयारियों के लिए क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दोनों खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देने को स्वीकृति दी। लक्ष्य ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय ट्रेनिंग सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी।

पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में भाग लेने वाले लक्ष्य ओलंपिक से पहले आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में ट्रेनिंग लेंगे। सिंधू का प्रस्ताव जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सशुल में ट्रेनिंग के लिए था। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ वहां एक महीने से अधिक समय तक अभ्यास करेंगी।

मंत्रालय ने विज्ञप्ति में कहा, मंत्रालय ने उनके हवाई किराए, रहने-खाने के खर्चे, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीजा शुल्क, शटलकॉक के खर्चे को मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत स्वीकृति दी है। बैठक के दौरान एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज तिशा पुनिया के उपकरण खरीदने के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक तथा तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए सहायता के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

विज्ञप्ति के अनुसार, टॉप्स उनके हवाई किराए, रहने के खर्चे, स्थानीय परिवहन लागत और आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी की फीस का खर्च उठाएगा। एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया और पहलवान निशा (68 किग्रा) तथा रितिका (76 किग्रा) को कोर ग्रुप में शामिल करने को भी मंजूरी दी।

एमओसी ने उभरते हुए गोल्फ खिलाड़ी कार्तिक सिंह को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया जिसमें ध्यान लॉस एंजिल्स और ब्रिसबेन में क्रमशः 2028 और 2032 में होने वाले ओलंपिक पर होगा।

# कलंक में आलिया भट्ट के गाने घर मोरे परदेसिया को एकेडमी से मिली सराहना



आलिया भट्ट आज हिंदी सिनेमा की टॉप स्टार्स में से एक हैं। इस महीने की शुरुआत में प्रतिष्ठित मेट गाला में दिखाई देने के बाद अभिनेत्री ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।

आलिया भट्ट आज हिंदी सिनेमा की टॉप स्टार्स में से एक हैं। इस महीने की शुरुआत में प्रतिष्ठित मेट गाला में दिखाई देने के बाद अभिनेत्री ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। अब, अकादमी ने भी उनके काम को मान्यता दी है और अभिनेत्री को उनकी फिल्म कलंक के गाने घर मोरे परदेसिया में उनके प्रदर्शन के लिए सराहना दी है। अकादमी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर विशेष उल्लेख निश्चित रूप से बहुत खुशी की बात है।

घर मोरे परदेसिया गाने में आलिया भट्ट और वरुण धवन हैं और इसे श्रेया घोषाल और वैशाली म्हाडे ने गाया है। अकादमी ने कैप्शन में लिखा, आलिया भट्ट फिल्म कलंक से घर मोरे परदेसिया (वैशाली म्हाडे के साथ श्रेया घोषाल की आवाज) पर प्रस्तुति दे रही हैं।

कलंक का निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया है और इसमें वरुण धवन, माधुरी दीक्षित नेने, आदित्य रॉय कपूर और संजय दत्त मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में पहले माना जा रहा था कि वह किरदार श्रीदेवी निभाएंगी जो कि माधुरी ने निभाया था। उनके आकस्मिक निधन के बाद, दिल तो पागल है की अभिनेत्री ने उनकी भरपाई के लिए कदम बढ़ाया। यह फिल्म आलिया भट्ट और वरुण धवन के चौथे सहयोग का भी प्रतीक है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, आलिया वासन बाला की जिगरा में दिखाई देंगी, जो करण जौहर और खुद आलिया द्वारा सह-निर्मित है। यह फिल्म इसी साल 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। वह स्पाई यूनिवर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए भी तैयार हैं, जिसकी शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होने वाली है। वह आखिरी बार करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म रॉकी रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रही।

# शादी की अफवाहों पर सुपरस्टार प्रभास ने तोड़ी चुप्पी, कहा मैं अपनी महिला फैंस का दिल दुखाना नहीं चाहता...



प्रभास हाल ही में किसी विशेष के बारे में अपने सोशल मीडिया पोस्ट के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए। इसके तुरंत बाद, इंटरनेट पर उनके रिश्ते और संभवतः शादी के बारे में अटकलें लगने लगीं। ऐसे सभी दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, अभिनेता ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी के लिए एक कार्यक्रम में कहा, मैं जल्द ही शादी नहीं कर रहा हूं क्योंकि मैं अपनी महिला प्रशंसकों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। इवेंट में, अभिनेता ने आगामी फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में भी बताया।

टीओआई ने अभिनेता के हवाले से बताया, वह (नाग अश्विन) मुझसे पागलपन भरी हरकतें करवा रहा है। मैंने सोचा था कि मैं यहां आ सकता हूं और अपने प्रियजनों (प्रशंसकों) को नमस्ते कह सकता हूं और आगे बढ़ सकता हूं, लेकिन हमारे पतले नाग (अश्विन) ने कई चीजों की योजना बनाई है। मैं बुज्जी को लेकर बहुत उत्साहित हूं। अभिनेता के हवाले से बताया, तीन साल तक यह एक शानदार यात्रा रही है और मैं हर किसी को सिल्वर स्क्रीन पर इसका अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकता।

फिल्म में दिग्गज सितारों के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा,अमिताभ बच्चन और कमल हसन जैसे दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करना एक सुनहरा अवसर था। मैं कमल सर का बहुत आभारी हूं क्योंकि मैं अपने माता-पिता से कमल द्वारा उनकी फिल्मों में पहने गए कपड़े लाने के लिए कहा करता था।

कथित तौर पर 600 करोड़ रुपये के भारी बजट पर बनी कल्कि 2898 ई. को अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म कहा जाता है। नाग अश्विन द्वारा लिखित और निर्देशित, यह फिल्म वैजतांती मूवीज द्वारा समर्थित है। कल्कि 2898 ष्ठ में प्रभास मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ, दीपिका पादुकोण फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जो प्रभास के साथ उनका पहला सहयोग भी होगा।

डायरेक्टर नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही कल्कि 2898 एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें कमल हासन, दिशा पटानी, राजेंद्र प्रसाद और पसुपति जैसे मशहूर सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं. फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में इसकी आधिकारिक रिलीज डेट का भी खुलासा किया। कल्कि 2898 एडी इस साल 27 जून को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# पूजा ददलानी ने एक्टर के स्वास्थ्य के बारे में ट्वीट किया, कहा अब वह ठीक हैं



शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी ने शाहरुख खान की सेहत पर ताजा अपडेट दिया है। बता दें, बॉलीवुड सुपरस्टार को अहमदाबाद के केडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिससे प्रशंसकों के बीच उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के आईपीएल मैच के दौरान हीट स्ट्रोक से पीड़ित होकर गिर गए। शाहरुख खान आईपीएल 2024 के पहले प्लेऑफ मैच में के खिलाफ अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए अहमदाबाद में थे।

पूजा ने शाहरुख के स्वास्थ्य संबंधी अपडेट देने के लिए अपनी एक्स प्रोफाइल (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) का सहारा लिया। उनके ट्वीट में कहा गया, मिस्टर खान के सभी प्रशंसकों और शुभचिंतकों के लिए-वह अच्छा कर रहे हैं। आपके प्यार, प्रार्थनाओं और चिंता के लिए धन्यवाद। हीटवेव के कारण शाहरुख खान की खराब तबीयत ने चरम मौसम की स्थिति के दौरान सावधानी बरतने के महत्व को रेखांकित किया है।

शाहरुख खान की पत्नी और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान 22 मई को अहमदाबाद के केडी अस्पताल पहुंचीं। इसके बाद, दिग्गज अभिनेता और केकेआर की सह-मालिक जूही चावला और उनके पति जय मेहता भी शाहरुख खान के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए अस्पताल गए थे। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि शाहरुख खान, जूही चावला और उनके बच्चे सुहाना और अबराम अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे।

शाहरुख खान ने हाल ही में तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं पठान, जवान, और डनकी। वह अपनी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ व्यस्त हैं, जो फाइनल की तैयारी कर रही है। इसके अतिरिक्त, किंग खान अपनी आगामी फिल्म किंग पर काम कर रहे हैं, जहां वह एक डॉन के रूप में ग्रे-शेड भूमिका निभाएंगे। सुहाना खान इस फिल्म के साथ अपना थिएटर डेब्यू भी करेंगी, क्योंकि उनकी पहली फिल्म द आर्चीज़ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई थी।

# दीपशिखा देशमुख और धीरज देशमुख द्वारा पिता बेटी के खूबसूरत रिश्ते को दर्शाता हुआ वीडियो



पारिवारिक प्यार और प्रोत्साहन को दर्शाते हुए दीपशिखा देशमुख ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो शेयर की जिसमे उनके पति धीरज देशमुख और उनकी बेटी के बीच कुछ अनमोल पलों को कैप्चर किया गया है। यह वीडियो इंटरनेट पर काफी वायरल हो गया है और उसको लाखों की तादाद में हिट मिल रहे हैं। वीडियो में आप देख सकते है उनकी बेटी की एक्रोबेटिक उपलब्धियों का जश्न मनाया जा रहा है और साथ साथ धीरज देशमुख क्लासिक गाना पापा कहते हैं को अपनी आवाज़ में अपनी बेटी के लिए गए रहे हैं। इस वीडियो में एक पिता बेटी के अमूल्य रिश्ते को बहुत ही प्यार से पिरोया गया है।

मूल रूप से आमिर खान की पहली फिल्म कयामत से कयामत तक का गाना पापा कहते हैं एक पिता और उसके बेटे के बीच के रिश्ते को दर्शाने के लिए लंबे समय से लोग पसंद करते आ रहे हैं । हालाँकि, इस वीडियो में, दीपशिखा और धीरज ने इसे एक पिता और उसकी बेटी के बीच के विशेष बंधन को दर्शाते हुए एक नया ट्विस्ट दिया हैं। इस नए वर्शन के माध्यम से एक पिता का उसके बेटी में विश्वास दिखाया गया है और उसकी हर उपलब्धि का उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

अपने सोशल मीडिया पर यह वीडियो शेयर करते हुए दीपशिखा ने इसको एक सशक्त मैसेज के साथ शेयर किया। उन्होंने लिखा,हमारी बेटी के लिए एक ट्विस्ट के साथ हमारे पसंदीदा पापा वाला गाने को फिर से तैयार किया गया-कोई रूढ़िवादिता नहीं! पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगी!! बेटी हमारा ऐसा नाम करेगी। रीइमैजिन्ड न्यूलीरिक्स पापा की परी जिमनास्ट जिम्ना स्टिक्स गोल्ड मेडल लीप पापा बेटी।

इस वीडियो ने उनके फैंस का दिल जीत लिया है और वीडियो को काफी हिट मिल गए हैं। ऐसे समाज में जहाँ अक्सर रूढ़िवादिता और जेंडर नॉर्म्स इस्तेमाल होते हैं , देशमुख का गाना पारंपरिक अपेक्षाओं को चुनौती देता है, बेटियों की असीमित क्षमता और उनके सपनों को पूरा करने के महत्व पर जोर देता है। इस गाने को नए बोल दिए गए है जो प्यार, गर्व और आशा की किरण दिखाते है। इसके माध्यम से पापा बेटी के रिश्ते पर प्रकाश डाला गया है जिसको हम नजरअंदाज करते आ रहे हैं और आगे चलकर यह हमारी भारतीय सिनेमा की कहानियों के लिए मार्ग प्रदर्शन करेगा।

जैसे जैसे यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होता जा रहा है, यह पारिवारिक संबंधों की ताकत और हर जगह बेटियों की असीमित क्षमता को याद दिलाता है। अपनी बेटी की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उसकी आकांक्षाओं को पूरा करने में, दीपशिखा और धीरज देशमुख ने बिना शर्त प्यार और समर्थन का एक उदाहरण स्थापित किया है।

# आशा वर्कर्स मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केंद्रों तक लाये

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान देने वाली आशा वर्कर्स होगी सम्मानित**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के मार्गदर्शन में जिले में चल रही स्वीप गतिविधियों के तहत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डा लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। तथा आशा को जिम्मेदारी दी गई कि मतदान तिथि 25 मई को टोली बनाकर अपने अपने क्षेत्र के मतदाताओं को घर से निकालते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा लक्ष्मी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले दो माह से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, स्वास्थ्य केन्द्रो पर मतदाता जागरुकता बैनर लगाकर और ओ.पी.डी. पर्चे पर ÷अपना वोट ज़रुर करें मतदान तिथि 25 मई÷ की मुहर लगाकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी आशा वर्कर्स को जिम्मेदारी दी गई है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना भरपूर सहयोग दे। मतदान तिथि वाले दिन मतदाताओं को बूथ तक लेकर आये। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लाक से पांच-पांच आशा को सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों की आशा को विशेष रुप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी मानिटरिंग आशा संगनी व क्षेत्रीय चिकित्साधिकारी करेगें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सा धिकारीयो को भी सम्मानित किया जायेगा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा राजीव यादव ने मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे अपने वोट की कीमत को पहचाने और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि स्वयं मतदान करें और अपने साथ अपने आसपास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करें।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा प्रभात सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सभी लोगों का समान रूप से भाग लेना अति आवश्यक है। सीएमओ ने उपस्थित सभी चिकित्साधिकारीयो को मतदान की शपथ दिलाते हुए मतदाताओं को प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

# सपा व कांग्रेस सरकार में गुंडों व माफियाओं का मनोबल बढ़ जाता है स्वामी श्याम जी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विश्व हिंदू परिषद जिला सत्संग प्रमुख स्वामी श्याम जी महाराज के नेतृत्व में मल्हनी बाजार में पदयात्रा निकलकर बीजेपी के पक्ष में वोट करने के लिए लोगों से अपील की गई। स्वामी श्याम जी महाराज ने कहा कि वर्षों बाद रामलाल अयोध्या में विराजमान हुए हैं ।यह कार्य सिर्फ भारतीय जनता पार्टी व शीर्ष नेतृत्व के संघर्षों की वजह से हुआ है। इस सरकार में धार्मिक स्थलों को सजाने व संवारने का काम किया गया है । वहीं उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा सरकार में तो राम भक्तों पर सिर्फ गोलियां चलवाई गई थी ।ये काशी व अयोध्या में हमलें के आरोपी का मुकदमा वापस लेते हैं ऐसे लोग यदि सत्ता में आते हैं तो गुंडों व माफियाओं का मनोबल बढ जाता है।इसलिए मेरा वोट राष्ट्रीय हित व हिंदू राष्ट्र बनाने वाले पार्टी को समर्पित रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान अवश्य करें। इस मौके पर संगठन मंत्री विकास ,जिला मंत्री सुनील मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# संविधान बचाना चाहते हैं तो भाजपा का देश से करें सफाया: अखिलेश यादव



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अगर संविधान बचाना चाहते हो तो भाजपा का देश से सफाया करें। यूपी के चुनावी रण में लगातार भाजपा हमलावर सपा अध्यक्ष जौनपुर के मल्हनी विधानसभा के लखनीपुर गांव में गुरुवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। आगे कहा कि यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। यादव ने लोकसभा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार देश के प्रधान सांसद अपने क्यूटो से भी हारने जा रहें है। भाजपा का इस बार प्रदेश के 80 सीट से एक को छोड़कर पूरी तरह सफाया हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताते हुये कहा कि आपको और हमको अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया। उन्होंने सरकार पर पेपर जान–बूझकर लीक कराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से 17 साल का हिसाब लेना है। 10 साल का केंद्र सरकार के और 7 साल प्रदेश सरकार के। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर किसानों को आटा और मोबाइल के लिए डाटा फ्री होगा। वहीं 4 साल की अग्निवीर वाली नौकरी की व्यवस्था खत्म कर पक्की नौकरी देंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के नाम पर किसानों को धोखा दिया है। बोरी से हाथ चोरी करने का काम भी हुआ है और उसे बनाने वाली कंपनी से पैसा वसूला गया। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता रिकॉर्ड बनाने जा रही है जो लोग ऊंचाई पर पहुंचे थे, उनका अकाउंट डाउन शुरू हो गया है, यह चुनाव हमारी नहीं, बल्कि आने वाली आने वाले भविष्य का चुनाव है।

# मेरे प्रचार वाहन को क्षतिग्रस्त किया जा रहा: अशोक सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा 73 के प्रत्याशी अशोक सिंह के प्रचार वाहन को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है।

इसी को लेकर अशोक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया। गुरूवार को पत्रकार वार्ता करते हुए सिंह ने बताया कि जब से वह चुनाव लड़ने आए हैं, तब से उन्हें किसी न किसी तरह परेशान किया जा रहा है जिससे वह चुनाव प्रचार न कर सके। उन्होंने बताया कि आज उनकी प्रचार वाहन सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार गांव में पहुंची थी। गांव में कुछ लोगों ने पत्थर मारकर गाड़ी के शीशे तोड़ दिये हैं। इतना ही नहीं, वाहन पर लगे पोस्टर भी फाड़ दिये हैं। सिंह ने कहा कि बढ़ती लोकप्रियता के चलते अब मेरे प्रचार वाहन को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। फिलहाल उनकी तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

## पुलिस कर रही गठबंधन समर्थकों का उत्पीड़न

**प्रयागराज।** उच्य न्यायालय के अधिवक्ता के.के. राय एव चार्ली प्रकाश ने आरोप लगाया है कि गठबंधन के समर्थकों का पुलिस उत्पीड़न कर रही है। श्री राय एवं श्री प्रकाश द्वारा राष्ट्रीय चुनाव आयोग के समक्ष एक याचिका करके एक सवाल उठाया कि मतदान के ठीक पहले इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के मेजा, करछना वा कोरांव क्षेत्र में स्थानीय पुलिस गाँव मे जा कर गठबंधन समर्थक सक्रीय कार्यकर्ताओं को धमका रही है। 22 मई की रात करछना के भडेवरा गाँव मे निवासी रविश तिवारी के घर मे थाना अध्यक्ष के साथ करछना पुलिस की टीम ने धावा बोला। सीसीटीवी डीवीआर उठा ले गये, महिलाओ से अभद्रता की और धमकाते हुये गये की कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन करना छोड़ दो। अधिवक्ता याचीगण ने मांग की कि चुनाव आयोग तत्काल हस्तक्षेप करे, सुरक्षा का माहौल बनाये तथा आदर्श चुनाव संहिता के उलंघन को रोके।

# कस्बे की ओपीडी दुरस्त ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल

**उल्टी दस्त बुखार के मरीजों में इजाफा**

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** मौसम में हुए बदलाव से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। ओपीडी खुलते ही मरीजों से अस्पताल भर जाते हैं। कस्बे में डॉक्टर समय पर ओपीडी में आ रहे हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की ओपीडी डॉक्टरों के बजाय फार्मासिस्टों एवं वार्ड ब्वायों के सारे संचालित हो रही है। कस्बे की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों को देखा जा रहा है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी के हालात बेहतर हैं। ओपीडी में डॉक्टर समय पर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ओपीडी में डा. विश्वेंद्र कुमार, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन समय पर मौजूद थीं। यहां पर



सुबह से मरीजों का तांता लगा हुआ था। उल्टी दस्त के मरीजों से अस्पताल के बेड फुल थे। यहां प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हालात बदतर हैं। विदोखर, कलौली जार, पचखुरा महान, मौहर, पत्योरा पीएचसी डॉक्टर विहीन हैं। यहां पर फार्मासिस्ट एवं वार्ड बॉय अस्पताल चला रहे हैं। सरकार की तरफ से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में डॉक्टरों की उपस्थिति कुछ समय के लिए कभी कभार हो जाती है बाकी दिनों की व्यवस्था राम भरोसे है। इसलिए यहां मरीजों की संख्या नगण्य रहती है।

## मार्ग दुर्घटना में किसान की मौत

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के मियां पट्टी गांव के एक किसान को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल किसान को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मियां पट्टी गांव निवासी लल्लन सिंह पटेल ( 58 ) घर से हनुमानगंज बाजार धान की नर्सरी के लिए बीज खरीदने अपनी मोपेड से जा रहे थे। वे जैसे उतरांव थाना क्षेत्र के सौरा गाँव के पास पहुंचे थे तभी पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने किसान लल्लन सिंह पटेल को रौदते हुए चली गई। गंभीर रूप से घायल लल्लन सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहाँ इलाज के दौरान को किसान की मौत हो गयी। घर की मुखिया की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक किसान का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रयागराज में लोकसभा चुनाव में अपराधियों और माफियाओं पर बुलडोजर की कार्यवाही बना मुद्दा

**चार दशक से कायम माफिया के आतंक का अंत, भय मुक्त वातावरण में वोट डालने में अब माफिया की नहीं वोटर्स की चलेगी मर्जी**

**अतीक के अंत से कई क्षेत्र में बदला सियासी माहौल**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में आमूलचूल बदलाव हुआ है। इसके पहले प्रदेश में कायम माफिया और गुंडाराज से जो इलाका सबसे अधिक त्रस्त था, जहां मतदाता अपनी मर्जी से अपने मत का इस्तेमाल भी नहीं कर पाता था उसमें प्रयागराज और उसके आसपास का इलाका शामिल है। योगी सरकार में माफियाओं के मिट्टी में मिल जाने के बाद पहली बार यहां के वोटर्स खुली हवा में बिना किसी दबाव के मतदान करेंगे। प्रयागराज में लोकसभा के छठवें चरण में 25 मई को मतदान है। इस मतदान का सबसे अधिक उत्साह जिले के अंदर और बाहर इस बार उन इलाकों में देखने को मिल रहा है जहां माफिया ब्रदर्स का कभी आतंक हुआ करता था। माफिया के आतंक के अंत के बाद यहां लोग किसी फरमान पर नहीं बल्कि अपनी मर्जी से वोट डाल सकेंगे। शहर के चकिया इलाके के मतदाता सलाउद्दीन बताते हैं कि मतदान के एक दिन पहले दरबार से एक फरमान सुना दिया जाता था कि किस उम्मीदवार को वोट डालना है। उसी फरमान के मुताबिक वोट करने के पोलिंग बूथ में कतारें लग जाती थी। अतीक अहमद जिधर कह देता था , कौम के लोग उधर ही चल पड़ते थे। मुखालफत करने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता था। लेकिन अब पहली बार इलाके में लोग दिल से वोट करेंगे। कसारी मसारी के बुजुर्ग वोटर मुस्तफा कहते हैं कि अब माहौल बदल गया है, अपनी मनमर्जी से वोट पड़ेगा। किसी से वोट डालने को लेकर भलाई बुराई का भी मसला अब नहीं है। अतीक अहमद के पड़ोस में रहने रामशरण मिश्रा कहते हैं कि कई चुनाव गुजर गए उनके परिवार ने वोट ही नहीं किया लेकिन इस बार उनका पूरा परिवार मतदान करेगा। चुनाव का नतीजा आने पर कम से कम अब हम लोग शक की नजरों से नहीं देखे जाएंगे। उत्तर प्रदेश को भय और माफिया मुक्त प्रदेश बनाने में योगी सरकार ने खास कामयाबी हासिल की है। प्रयागराज में योगी सरकार द्वारा माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन के बाद जनता भय मुक्त वातावरण में सांस ले रही है।

## सपा कार्यालय में मारपीट, 2 दिन बाद दर्ज मुकदमा

**प्रयागराज।** बीते सोमवार को सपा कार्यालय जॉर्ज टाउन में कुछ कार्यकरता आपस में भिड़ गए और दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक कार्यकर्ता की नाक की हड्डी टूट गयी और वह लहुलुहान हो गया। मारपीट में घायल अमित यादव ने थाने में जाकर संदीप यादव और बेला यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी।

बता दें कि घटना के दो दिन बाद जाकर संदीप और बेला यादव पर मुकदमा दर्ज हुआ। सपा कार्यकर्ताओं का कहना है की सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव की मौजूदगी में कार्यकर्ता आपस में मारपीट कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष रोक भी नहीं पा रहे हैं। यहाँ तक की थाने में दो दिन बाद मुकदमा दर्ज हुआ। इस बीच जिलाध्यक्ष दोनों पक्ष को बुलाकर सुलह समझौता तक नहीं करा पाए। इससे पता चलता है की इलाहाबाद में सपा कार्यालय पर लोगों में अनुशासन बिल्कुल नहीं रहा।

# कांग्रेस की काली सच्चाई देश की जनता के सामने आ गई है: केशव मौर्य

**डिप्टी सीएम ने कोलकाता हाई कोर्ट फैसले का किया स्वागत**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को घेरते हुए कहा कि आज कांग्रेस की काली सच्चाई देश की जनता के सामने आ गई है। डिप्टी सीएम ने गुरुवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान ये बात कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजादी से लेकर 70 सालों तक देश के गरीब दलित पिछड़े आदिवासी एवं महिलाओं के साथ अन्याय करती रही है। अब स्वयं शहजादे ने इस बात पर मुहर लगा दी है। उनकी दादी, पिताजी, और उनकी माताजी के समय जो सिस्टम बना वो दलितों पिछड़ों आदिवासियों का घोर विरोधी रहा है। कांग्रेस के इसी सिस्टम ने ओबीसी की कितनी ही पीढ़ियों को तबाह किया है। कांग्रेस ने 40 साल तक ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। इस कार्य को यदि किसी ने किया तो हैं प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दलित ओबीसी एवं आदिवासियों के अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे में मुसलमानों को डालकर ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को दिया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस सरकार ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसे शिक्षण संस्थानों में भी ओबीसी दलित और आदिवासियों का आरक्षण खत्म कर दिया। बाबा साहब का कांग्रेस ने कदम कदम पर विरोध किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेंद्र सिंह उर्फमुन्ना ने भाजपा का दामन थामा



**आजमगढ़।** ठेकमा पूर्व ब्लॉक प्रमुख आजमगढ़ बसपा के पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह उर्फमुन्ना गुरुवार को अपने आवास भगवतीपुर में भाजपा में शामिल हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष बरदह बृजेश राय ठेकमा मंडल अध्यक्ष उमाकांत अनिल तिवारी भूपेंद्र सिंह मुन्ना ने अपने ही तालाब में खिला कमल का फूल सभी को देकर शपथ लिए और समर्थन देने का के नेतृत्व में भाजपा की शपथ ग्रहण लिए मंडल अध्यक्ष का कहना है कि भूपेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना को पार्टी में शामिल होने से पार्टी मजबूत हो गई भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर की जीत तय है मुन्ना सिंह को भाजपा में शामिल होने से सपा प्रत्याशी की राह कठिन हो गई इस मौके पर विधानसभा संयोजक प्रमोद राय विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष जयशंकर सिंह विश्व हिंदू परिषद पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल राय दीपक राय भाजपा नेता विपुल सिंह अंजना अरिदमन दमन सिंह सतीश सिंह सिंह रविकांत राय बालमुकुंद तिवारी युवा मोर्चा अध्यक्ष सूर्यभान राय जिला मीडिया प्रभारी विशाल राय दीपक राय अप्पू यादव महा प्रधान जिला पंचायत सदस्य संध्या सिंह बीजेपी ठेकमा ब्लॉक प्रमुख दुर्गावती देवी इंद्रसेन यादव प्रधान जिंदपुर अजय यादव प्रधान शेखपुरा पठानपुर बकेश प्रधान जितेंद्र राय दरियापुर बसई प्रधान उर्मिला देवी पूर्व प्रधान लाल धारी यादव सेंदुरी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता ने भाजपा की शपथ ग्रहण।

### विक्षिप्त नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बरदह,आजमगढ़।** जनपद में वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि वादी की 13 वर्षिय पुत्री जो मन्द बुद्धि की है को विपक्षी गंगा पाण्डेय पुत्र कमलाकान्त पाण्डेय अपने घर में ले जाकार उसका कपड़ा उतार दिया उसके स्तन को पकड़कर छेड़खानी कर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में दाखिल किया कि दाखिला तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 144,24 धारा 376 (3) भादवि व 42 पास्को एक्ट बनाम गंगा पाण्डेय उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

# अटेवा की आन बान शान थे धर्मेंद्र: विजय बंधु

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष और एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु अपनी शोक संवेदना व्यक्त करने जिला मुख्यालय के हाफिजपुर स्थित धर्मेंद्र यादव जी के आवास पर पहुंचे। विदित हो कि अटेवा के बिलरियागंज ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव का अचानक हृदयाघात के कारण पिछले दिनों निधन हो गया था, आंखों में आंसू लिए पुष्प अर्पित करने के बाद उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र जी एक ऐसे व्यक्ति थे जो कभी किसी काम को ना नहीं करते थे, हर काम को खुद आगे बढ़कर जिम्मेदारी से ले लेते थे और काम पूरा करके ही फोन करते थे, चाहे अटेवा आजमगढ़ के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के गठन की जिम्मेदारी रही हो, विभिन्न ब्लॉकों के ब्लॉक संगठनों को बनाने की जिम्मेदारी रही हो, बिलरियागंज ब्लॉक में सबसे अधिक सदस्यता कराने की जिम्मेदारी रही हो हर समय मुस्कुराते रहने वाले हमारे यह साथी हर काम को बखूबी निभाते थे, राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने आगे बताया कि जब हमें पता चला कि ऐसी घटना हो गई है हमने तुरंत अपने जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव को उनके घर पर पहुंचने के लिए कहा और इतना अपार दुख था कि उस दिन तमाम कार्यक्रमों में हमें जाना था लेकिन हम किसी भी कार्यक्रम में जाने की स्थिति में न रहे और न जा पाए।प्रदेश के मुख्यालय लखनऊ में बन रहे स्व0 रामाशीष सिंह के स्मृति भवन में एक कक्ष धर्मेंद्र जी के नाम से जाना जाएगा, इसकी घोषणा श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने की।उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के इस निर्णय का समर्थन किया, उन्होंने आगे बताया कि पुरानी पेंशन पाने का अरमान लिए धर्मेंद्र जी अंतिम सांस तक अटेवा को मजबूत करते रहे, हर संघर्ष में जाते रहे, अब हम सब की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है, हमें उनके अरमानों को अर्थात पुरानी पेंशन को बहाल कराकर ही दम लेना है, जिला पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी लोग परिवार के साथ लगातार सहयोग करते रहे, पारिवारिक पेंशन तथा अनुकंपा कोटे में नौकरी की फाइल तैयार करवा कर शीघ्र इस कार्य कराएं, यह कार्य को शीघ्र पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है। विदित हो कि 2016 में अटेवा के संघर्षों के उपरांत 2004 के बाद नियुक्त शिक्षक-कर्मचारियों के परिजनों को पुरानी पेंशन योजना की तरह ही पारिवारिक पेंशन, डेथ ग्रज्युटी तथा अनुकंपा नौकरी का शासनादेश जारी हो गया था, अटेवा के संघर्ष के परिणाम स्वरुप जारी इन सभी आदेशों का लाभ धर्मेंद्र जी के परिवार को मिलेगा।परिजनो से मुलाकात के समय भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी तथा उपस्थित सभी लोग विह्वल हो गए, स्व0 धर्मेंद्र जी की पत्नी, बेटी तथा तीनों बच्चों का रूदन सबके दिलों को झकझोर दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि हमारे लिए वह एक भाई से बढ़कर थे और संगठन की सभी मातृ शक्तियों उन्हें अपना बड़ा भाई मानती थी, वह भले हमारे एक ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष थे लेकिन वह अटेवा के आजमगढ़ के सभी सदस्यों पर के दिलों पर राज करने वाले थे, कोई भी साथी अगर कभी भी आजमगढ़ आया होगा धर्मेंद्र जी हर कार्यक्रम में जरूर उपस्थित रहे, पूरी ऊर्जा से उपस्थित रहे और सब का हमेशा मान सम्मान जरूर रखते रहे हैं, आज के इस कार्यक्रम में अटेवा के प्रदेश मंत्री विजय प्रताप यादव, आजमगढ़ के मंडलीय संगठन मंत्री रामरतन यादव, अटेवा आजमगढ़ के सगड़ी विधानसभा के पर्यवेक्षक विद्यासागर पटेल, अटेवा के जिला उपाध्यक्ष तथा ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव, पॉलिटेक्निक कॉलेज के पुस्तकालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद यादव, स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट संघ के जिला अध्यक्ष रामानंद, तथा अटेवा के सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, श्रवण कुमार, अशोक यादव, सतीश पटेल, बृजेंद्र शर्मा, कुसुम यादव, पन्नालाल मौर्य, रमेश यादव, रामजी वर्मा, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, महेंद्र मृदुल, विनीता सिंह, दीपक, राकेश यादव, बैजनाथ कन्नोजिया, ओमकार सिंह, घनश्याम यादव, बद्री प्रसाद गुप्ता, बृजेश कुशवाहा, गुलाब चौरसिया, मुलायम यादव, मनोज मौर्य, रीना सिंह, बिंदु यादव तथा सतन्जय, आशीष, विनोद यादव, अजय पाण्डेय, हवलदार यादव, सुदामी, उषा प्रजापति, ओपी मौर्य, सुनील, सतंजय, दीनदयाल यादव, राकेश शर्मा, सूर्यभान, राकेश यादव, दिनेश, घनश्याम विश्वकर्मा, बिंद्रा यादव, विजय यादव, दीपक, पारसनाथ, लाल, मालती यादव, गायत्री, अरविंद, अखिलेश, निरंजन, प्रभाकर यादव, अनिल, देवेश, जनार्दन, संजय सोनकर सहित सैकड़ो साथियों ने अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति/दोहरी पैकेट पद्धति** से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.06.2024** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि** का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। **डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

| | निविदा सूचना संख्या | 04502024 दिनांक 22.05.2024 |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** | **1.** वरि0 मण्डल इंजीनियर –तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में दीन दयाल उपाध्याय–वाराणसी–ज़फराबाद अनुभाग में टी0आर0आर0 (प्रा0) = 4.389 ट्रैक किमी0 तथा 4.389 ट्रैक किमी0, वाराणसी–ज़फराबाद अनुभाग में प्रमुख पुल सं0 32 (ओ0आर0एन0–3 पुल) अप पर 205 सं0 के इस्पात चैनल स्लीपर को एच–बीम इस्पात स्लीपर के द्वारा बदलने का कार्य तथा दीन दयाल उपाध्याय–वाराणसी अनुभाग में मालवीय पुल (पुल सं0 11, गंगा ब्रिज) पर लकड़ी के स्लीपर पर रखे गये पुराने एस0ई0जे0 (32 सं) को एच–बीम स्लीपर के साथ बेहतर एस0ई0जे0 (60 किग्रा0) द्वारा बदलने का कार्य। **(सिंगल पैकेट पद्धति) 2.** सहायक मण्डल इंजीनियर –वाराणसी/उ0रे0/लख0 के अधीन वरि0 खण्ड अभियन्ता–वाराणसी0 के परिक्षेत्र में पड़ाव टेंगरा मोड़ सड़क के चौड़ीकरण के बदले व्यासनगर–काशी के बीच किमी0 764/13–15 पर पुल सं0 09 के चौड़ीकरण (अण्डरपास) का कार्य। **(दोहरी पैकेट पद्धति) 3.** वरि0 मण्डल इंजीनियर –तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–वाराणसी/उ0रे0/लख0 के अधीन ज़फराबाद–अयोध्या कैंट अनुभाग में किमी0 868/26–26 पर अतिक्रमण वाले स्थान पर सड़क अधोगामी पुल का प्रावधान। **(सिंगल पैकेट पद्धति) 4.** वरि0 मण्डल इंजीनियर –तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–वाराणसी/उ0रे0/लख0 के अधीन ज़फराबाद–अयोध्या कैंट अनुभाग में किमी0 832/12–14 पर समपार सं0 44/सी0 के बदले सड़क अधोगामी पुल का प्रावधान। **(सिंगल पैकेट पद्धति) 5.** वरि0 मण्डल इंजीनियर –तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–वाराणसी/उ0रे0/लख0 के अधीन ज़फराबाद–अयोध्या कैंट अनुभाग में किमी0 865/38–40 पर समपार सं0 57/ए0 के बदले सड़क अधोगामी पुल का प्रावधान। **(सिंगल पैकेट पद्धति)** |
| 2 | अनुमानित लागत | **1.** रू0 1,82,51,505.59, **2.** रू0 19,45,11,402.04, **3.** रू0 5,10,37,833.34 **4.** रू0 4, 73, 06, 498.50, **5.** रू0 4, 73, 06, 498.50 |
| 3 | धरोहर राशि | **1.** रू0 2, 41, 300.00, **2.** रू0 11, 22, 600.00, **3.** रू0 4, 05, 200.00 **4.** रू0 3, 86, 500.00, **5.** रू0 3, 86, 500.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | **क्रम सं0 01 के लिए :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। **क्रम सं0 02 के लिए :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। **क्रम सं0 03 से 05 तक के लिए :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ (09) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 से 05 तक के लिए : 07.06.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 से 05 तक के लिए : 21.06.2024 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ0रे0 नयी दिल्ली का पत्र सं0 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनॉंक 07-04-2015. 1556/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चौतरफा जोश के माहौल में रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार, दोनों सूचकांक सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को 10 अप्रैल के बाद एक बार फिर जोरदार तेजी दिखाई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों



सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने में सफल रहे। इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,341.56 अंक उछला। निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में 416.15 अंक की छलांग लगाई। आज के कारोबार में निफ्टी 23,000 अंक के आंकड़े के काफी करीब पहुंच गया। माना जा रहा है कि आज की रिकॉर्ड तोड़ तेजी के पीछे मुख्य रूप से आरबीआई का अभी तक का सबसे अधिक डिविडेंड का भुगतान करना, कंपनियों के मार्च तिमाही के शानदार नतीजे और चुनाव परिणाम के उम्मीद के मुताबिक रहने की आशा ने शेयर बाजार का जोश काफी बढ़ा दिया है। इसके साथ ही आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में, खासकर लार्जकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण भी घरेलू शेयर बाजार नई ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहा। धामी कैपिटल्स के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के मुताबिक इस साल रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये डिविडेंड के रूप में देने का ऐलान किया है। इस डिविडेंड से केंद्र सरकार को फिस्कल डिफिसिट (राजकोषीय घाटा) को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी। इसके कारण बाजार में राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण पाने की बात को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है। इसके साथ ही डिविडेंड की ये राशि बॉन्ड यील्ड पर भी पॉजिटिव असर डालेगी। इसलिए शेयर बाजार ने इसे उत्साह बढ़ाने वाली खबर मानकर आज तेजी का प्रदर्शन किया। प्रशांत धामी के मुताबिक इन वजहों के साथ ही शेयर बाजार में आई तेजी की एक बड़ी वजह लिस्टेड कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे भी हैं। ज्यादातर लिस्टेड कंपनियों ने बाजार के अनुमानों के मुताबिक ही अपने तिमाही नतीजे जारी किए हैं, जिससे निवेशकों की उम्मीदों को बल मिला है। शेयर बाजार में हाल के दिनों में आई तेजी के माहौल की वजह से विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भी दमदार वापसी कर सकते हैं। फिलहाल मई सीरीज में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 65 प्रतिशत से ज्यादा शॉर्ट पोजिशन बनाई हुई है, लेकिन अगर बाजार में लगातार तेजी बनी रही तो वे नुकसान से बचने के लिए शॉर्ट्स की कवरिंग शुरू कर सकते हैं, जिससे बाजार में और भी ज्यादा तेजी आ सकती है।

# सर्राफा बाजार में सोना स्थिर, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये से लेकर 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये से लेकर 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बना हुआ है। हालांकि चांदी आज एक बार फिर तेजी दिखा कर 96 हजार के स्तर के करीब पहुंच गया है। चांदी में तेजी आने की वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# निसान ने लॉन्च किया 10 लाख रुपये से कम कीमत वाला सबसे एक्सेसिबल और प्रीमियम वेरिएंट मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन

**गुरुग्राम।** मैग्नाइट गेजा स्पेशल एडिशन की जबर्दस्त सफलता के बाद निसान मोटर इंडिया ने आज अपने बिग, बोल्ड, ब्यूटीफुल एसयूवी निसान मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को लॉन्च करने का एलान किया। इसकी शुरुआती कीमत 9.84 लाख रुपये तय की गई है। 2023 गेजा स्पेशल एडिशन को मिली जबर्दस्त प्रतिक्रिया और ग्राहकों के फीडबैक को देखते हुए गेजा स्पेशल एडिशन की पहली सालगिरह पर निसान मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को लॉन्च किया गया है।

निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'पिछले साल पेश किए गए गेजा स्पेशल एडिशन की जबर्दस्त सफलता के बाद हमें मैग्नाइट का नवीनतम वेरिएंट पेश करने की खुशी है। बाजार में ग्राहकों के फीडबैक के आधार पर हमने किफायती मूल्य पर प्रीमियम फीचर्स पेश करने के उल्लेखनीय अवसर को पहचानकर यह कदम उठाया है। मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन इस प्रतिस्पर्धी कीमत पर उपलब्ध इकलौता सीवीटी टर्बो है। इसमें जो फीचर्स दिए गए हैं, बाजार




में इस श्रेणी के किसी वेरिएंट में उस तरह के फीचर्स नहीं हैं। यह किफायती दाम में बेस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी, प्रीमियम फीचर्सऔर एडवांस्ड इन्फोटेनमेंट ऑफरिंग्स देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

जापानी थिएटर और इसकी एक्सप्रेसिव म्यूजिकल थीम से प्रेरित मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन को म्यूजिक के दीवानों को खास अनुभव देने के लिए स्पेशल पैकेज के रूप में डिजाइन किया गया है। इसमें बड़े इन्फोटेनमेंट फीचर्स के साथ प्रीमियम स्पीकर सिस्टम दिया गया है, जो एक खास अनुभव प्रदान करता है।

पिछले साल अपनी लॉन्चिंग के बाद से पहली बार मैग्नाइट गेजा सीवीटी स्पेशल एडिशन में कई इन्फोटेनमेंट ऑफरिंग्स प्रदान की जा रही हैं, जो इसे ग्राहकों के लिए और भी लुभावना बनाती हैं। यह बी-एसयूवी सेगमेंट में निसान का सबसे एक्सेसिबल और प्रीमियम सीवीटी टर्बो है, जो वैल्यू फॉर मनी के मामले में सर्वश्रेष्ठ है।

# रोमांचक मोटरस्पोर्ट रोड शो के माध्यम से भारत की सड़कों कोसशक्त करने के लिए Mobil 1 ने RPPL के साथ साझेदारी किया

**बेंगलुरु।** रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड के साथसाझेदारी में रूफ्ड्डद्वद्य 1 ने आगामी रेसिंग




चैंपियनशिप से पहले एफ4 और इंडियन रेसिंग लीग के कारों का बेंगलुरु रोड शो सफलतापूर्वक संपन्न किया।भारत में मोटरस्पोर्ट संस्कृति का पोषण और प्रचार करने के उद्देश्य से बेंगलुरु कीसड़कों को विशेष लुभावने प्रदर्शनों और सटीक ड्राइविंग के एक जीवंत क्षेत्र में बदलते हुए इस कार्यक्रम ने RPPL के साथ Mobil 1 की चल रही महत्वपूर्ण साझेदारी को आकर्षक तरीके से चिह्नित किया।

उभरती मोटरस्पोर्ट प्रतिभाओं आईआरएल 2023 के दो चैंपियनों में से एक सोहिल शाह, और फॉर्मूला 4 वाइस चैंपियन रिशोन राजीव द्वारा संचालितआईआरएल और फॉर्मूला 4 कारों के गतिशील प्रदर्शन से आगामी रेसिंग चैंपियनशिप सीजन का पूर्वावलोकन करने का मौका बेंगलुरु के दर्शकों को मिला। इन कारों के KTPO कन्वेंशन सेंटर में गरजने से शहर की हलचल भरीपृष्ठभूमि में शक्तिशाली इंजनों और रोमांचक गतिविधियों से आकर्षित हुएविभिन्न पृष्ठभूमि के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए।

पेशेवर मोटरस्पोर्ट के स्वाद से इस रोड शो ने न केवल स्थानीय दर्शकों को प्रसन्नकिया, बल्कि सिंथेटिक मोटर तेलों में Mobil 1 के 50 वर्षों के नवाचार औरनेतृत्व का जश्न भी मनाया, जो भारत में ऑटोमोटिव और औद्योगिक प्रगति मेंइसके चल रहे योगदान को उजागर करता है। जबकि बेंगलुरु रोड शो ने 50 वर्षोंके लिए गोल्डन Mobil 1 प्रतीक का शुरुआत देखा, ब्रांड ने अपनी विरासत काजश्न मनाते हुए Mobil 1 के व्यापक रेसिंग इतिहास से विशेष रूप से डिजाइनकिए गए कपड़ों और अन्य महत्वपूर्ण बातों की एक श्रृंखला को पेश करने कीयोजना बनाई है।

पिछले 50 वर्षों की Mobil 1 ब्रांड की यात्रा E&&onMobil की अपनी सीमाओंको पार करने और दुनिया भर के अग्रणी वाहन निर्माताओ, पेशेवर रेसर्स, औरलाखों ड्राइवरों की विश्वसनीय पसंद बनने की क्षमता का एक प्रमाण है। Mobil 1- RPPL शो रन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है; यह मोटरस्पोर्ट्स की भावना काउत्सव है। रोमांच को सीधे शहर की सड़कों पर लाकर हमारा लक्ष्य प्रशंसकों कोरेसिंग की दुनिया का एक करीबी और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना है। यहआयोजन भारत में मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख खिलाड़ी RPPL केसाथ हमारे चल रहे

# आईटीसी का मुनाफा चौथी तिमाही में घटकर 5,191 करोड़ रुपये पर




**नई दिल्ली (हि.स.)।** आईटीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में विविध कारोबार से जुड़े आईटीसी का मुनाफा मामूली घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है।

आईटीसी लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी को 5,242.59 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय दो फीसदी बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये थी।

उल्लेखनीय है कि तेजी से बढ़ते उपभोक्ता से लेकर होटल और सिगरेट तक का कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 7.50 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। इस तरह 29 जनवरी, 2024 को घोषित 6.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के साथ वित्त वर्ष के लिए कुल लाभांश 13.75 रुपये प्रति शेयर होगा।

# सोलर प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा बोली जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

**लखनऊ।** अवाडा एनर्जी जो कि अवाडा ग्रुप का हिस्सा है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है कि उसने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा हाल ही में जारी एक निविदा में 1050 मेगावाट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा बोली जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि अवाडा की विशेषज्ञता और भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। कंपनी ने आईएनआर 2.69 प्रति किलोवाट की प्रतिस्पर्धी दर पर 1050 मेगावाट क्षमता का सोलर प्रोजेक्ट हासिल किया है, जो 25 साल की पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने के 24 महीनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। यह अवाडा एनर्जी की बड़ी मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कुशलता और प्रभावी ढंग से पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा अवाडा एनर्जी ने भारत में 15जीडब्ल्यूपी से अधिक के लेटर्स ऑफ अवार्ड और पीपीएएव प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। अवाडा एनर्जी के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा, हम एनटीपीसी से 1050 मेगावाट की सबसे बड़ी बोली जीतने पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।

# प्रोटीन से भरपूर प्राकृतिक आहार, जो प्रोटीन सप्लीमेंट्स का अच्छा विकल्प हो सकते हैं



प्रोटीन आपके शरीर की संपूर्ण सेहत के लिये जरूरी है, क्योंकि ये मांसपेशियों, ऊतकों और हॉर्मोन के लिए एक बिल्डिंग ब्लॉक का काम करता है। प्रोटीन मेटाबोलिज़्म को नियमित करने में सहायक होता है, इम्युन फंक्शन को सहयोग देता है और लगातार ऊर्जा प्रदान करता है। सुविधा के लिये कई लोग प्रोटीन सप्लीमेंट्स लेते हैं लेकिन हैदराबाद के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन (एनआईएन) ने हाल ही में डाइट को लेकर नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं, जो शरीर बनाने के लिये सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं। ऐसे में प्रोटीन के प्राकृतिक स्त्रोतों को समझने और अपनाने का महत्व पता चलता है। एक अनुभवी डायटीशियन होने के नाते, मैं अपने क्लाइंट्स को प्रोटीन सप्लीमेंट्स छोड़ने और प्रोटीन के प्राकृतिक स्त्रोतों, जैसे कि बादाम को प्राथमिकता देने की सलाह लगातार देती हूँ। बादाम की तरह और भी विकल्प हैं, जो बिना साइड इफेक्ट्स के सेहत को कई फायदे देते हैं और संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। मैं इस लेख में प्रोटीन के कुछ प्राकृतिक स्त्रोतों के बारे में बताने जा रही हूँ, जो न केवल बेहद पौष्टिक हैं, बल्कि आसानी से आपकी डाइट में शामिल भी हो सकते हैं।

बादाम

बादाम प्रोटीन का पावरहाउस हैं और यह अनिवार्य पोषक-तत्व बादाम में प्राकृतिक तरीके से अच्छी-खासी मात्रा में होता है। बादाम बेहद पौष्टिक होती है, इसका उपयोग कई तरीके से किया जा सकता है और अपनी डाइट में प्रोटीन को शामिल करने के लिये यह एकदम उचित है। बादाम में 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं, जैसे कि प्रोटीन, सेहतमंद फैट्स, फाइबर, विटमिन 'ई' और मैग्नीशियम। बादाम से सेहत को तरह-तरह के कई फायदे मिलते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया का एक हालिया अध्ययन, जिसका नाम विटार्ड स्टडी है, बताता है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज रिकवरी के दौरान मांसपेशियों में तकलीफ का अनुभव कम हुआ है। चाहे आप बादाम को सलाद, ट्रेल मिक्सेस, ग्रैनोला में मिलायें या स्नैक के तौर पर इस्तेमाल करें, बादाम आपके लिये प्रोटीन का सेवन बढ़ाने और पूरी सेहत में सहयोग देने का एक सुविधाजनक एवं स्वादिष्ट तरीका होता है।

दालें

दालें यकीनन कई आहारों में महत्वपूर्ण होती हैं। उन्हें ज्यादा प्रोटीन होने, कुकिंग की वर्सेटिलिटी और बहुत पौष्टिक होने के कारण तारीफ भी मिलती है। दालों में प्रोटीन, फाइबर और अनिवार्य पोषक-तत्व, जैसे कि आयरन और फोलेट पाये जाते हैं और दालों से हर भोजन में पोषण बढ़ जाता है।

# रियलमी ने 24,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में सेगमेंट में सर्वोच्च परफॉर्मर रियलमी जीटी 6टी पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने दो क्रांतिकारी उत्पाद लॉन्च किए हैं, जिनमें से एक इसकी फ्लैगशिप जीटी सीरीज़ में लॉन्च किया गया उत्पाद रियलमी जीटी 6टी है, और दूसरा एआईओटी सेगमेंट में पेश किया गया रियलमी बड्स एयर 6 है। ये दोनों इनोवेटिव डिवाईस आधुनिक फीचर्स के साथ स्मार्ट डिज़ाईन पेश करती हैं, जो आपके अनुभव को एक नए स्तर में ले जाएंगी। रियलमी जीटी 6टी दो साल के लंबे इंतजार के बाद आईकोनिक जीटी सीरीज़ की भारतीय बाजार में वापसी कर रहा है। रियलमी जीटी सीरीज़ अपनी शुरुआत से ही लगातार अत्याधुनिक टेक्नोलॉजिकल इनोवेशंस का प्रतीक रही है। रियलमी जीटी सीरीज़ टेक्नोलॉजिकल उत्कृष्टता की ओर रियलमी के निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी जीटी 6टी के लॉन्च की घोषणा करके बहुत रोमांचित हैं। यह अपने सेगमेंट में टॉप परफॉर्मर है। इसके साथ हमने रियलमी बड्स एयर6 भी लॉन्च किया है। भारत में दो सालों



के लंबे इंतजार के बाद हमारी फ्लैगशिप जीटी सीरीज़ रियलमी में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रियलमी जीटी सीरीज़ अपनी शुरुआत से ही लगातार टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन की सीमाएं बढ़ा रही है और उद्योग में नए मानक स्थापित करती आ रही है। यह स्मार्टफोन भी ऐसा ही कुछ करने वाला है। रियलमी जीटी 6टी का लॉन्च एक बार फिर ग्राहकों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हम रियलमी बड्स एयर6 भी लॉन्च कर रहे हैं, जो बेहतरीन ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। हमें विश्वास है कि ये हमारे पोर्टफोलियो में ये नए उत्पाद ग्राहकों को बहुत पसंद आएंगे, जिससे बाजार में हमारी स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी।''

इस लॉन्च के बारे में रंजीत बाबू, डायरेक्टर, वायरलेस एवं होम एंटरटेनमेंट, अमेज़न इंडिया ने कहा, ''हमें अमेज़न.इन पर रियलमी जीटी 6टी और रियलमी बड्स एयर6 का लॉन्च करने की खुशी है। ग्राहकों के बीच रियलमी जीटी 6टी की बहुत उत्सुकता है, और हमें विश्वास है कि यह इस सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन करेगा। रियलमी बड्स एयर6 अपनी हाई क्वालिटी की साउंड के लिए मशहूर है, जो जीटी 6टी के साथ एक बेहतरीन तालमेल है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का पहला यू लिप- आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम लॉन्च किया, जो डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट को उनके ग्राहकों की फंड वैल्यू के अनुरूप बनाता है, यानी डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन उनके ग्राहकों के एसेटअंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह अनूठा प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर को अपने ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशित रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग रास्ता देता है।

आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम में ग्राहक बिना किसी लागत या कर निहितार्थ के परिसंपत्ति वर्गों के बीच असीमित मुफ्त स्विच कर सकते हैं। ग्राहक इस प्रोडक्ट के तहत 21 फंडों की श्रृंखला में से चुन सकते हैं, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम, हमारी कंपनी का पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जो डिस्ट्रीब्यूटर्स के भुगतान को उनके ग्राहकों के फंड मूल्य के अनुरूप बनाने और लंबी अवधि में दोनों के हितों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

उन्होंने कहा, हम लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स और प्रक्रियाओं को नया रूप देने और पेश करने का प्रयास करते हैं, जो सरल हों। यह सही ग्राहक को सही कीमत पर और सही चैनल के माध्यम से सही प्रोडक्ट सुनिश्चित करने के हमारे दर्शन के अनुरूप है। हमने वार्षिकी और पेंशन बचत मंच पर अग्रणी प्रोडक्ट्स पेश किए हैं। इनमें एक वार्षिकी प्रोडक्ट शामिल है, जो खरीद की तारीख से भुगतान किए गए सभी प्रीमियम्स का 100त्न रिफंड प्रदान करता है। हम एक पारंपरिक प्रोडक्ट भी पेश करते हैं, जिसमें ग्राहकों की नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आंशिक निकासी की जा सकती है। विशेष रूप से, हम डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाले देश के एक मात्र जीवन बीमाकर्ता हैं।

# एमएआई लैब्स ने मायावर्स को लॉन्च किया, इमर्सिव टेक्नोलॉजी से है बड़ी उम्मीद

**एमएआई लैब्स ने एआई से लैस इमर्सिव टेक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, यह ग्लोबल क्रिएटर इकोनॉमी को बदलने के लिए बिल्कुल तैयार है**

**नई दिल्ली।** अपनी नई, इमर्सिव और नियामक तकनीकों के लिए मशहूर तथा डीप टेक में अग्रणी, एमएआई लैब्स ने बेहद गर्व के साथ मायावर्स को लॉन्च करने की घोषणा की। यह आधुनिक इमर्सिव टेक प्लेटफॉर्म एआई से लैस है और इसे डिजिटल क्षेत्र में ह्यूमन इंटरैक्शन और रचनात्मकता के लिए बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने वाले लोगों को वर्चुअल वर्ल्ड में डूबने का बेमिसाल मौका मिलता है।

मैकिंसे की रिपोर्ट के अनुसार, यह इमर्सिव टेक प्लेटफॉर्म एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। अनुमान है कि कंज्यूमर एवं एंटरप्राइज ऐप्लीकेशंस से 2030 तक 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व प्राप्त होगा। इस प्लेटफॉर्म में काफी निवेश पहले ही हो चुका है। यह प्लेटफॉर्म कॉमर्शियल के साथ ही व्यक्तिगत क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है। इससे हमारी जिंदगी पर काफी प्रभाव पड़ेगा। एमएआई लैब्स को दुनिया भर के निवेशकों का समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने अब तक 250 मिलियन के मूल्यांकन पर 17.5 बिलियन डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा अगले 50 मिलियन का निवेश 500 मिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर जुटाया जा रहा है। एमएआई लैब के लीड विज़नरी तपन संगल ने कहा, ÷मायावर्स इर्मिसव माहौल में मानव और कंप्यूटर के बीच इंटरएक्शन और रचनात्मकता को फिर से पारिभाषित कर एमआई लैब्स के मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शाता है। यह प्रगति इंटरएक्शन के अगले चरण का प्रतीक है, जिसमें फिजिकल और डिजिटल वर्ल्ड का गजीब का संगम होता है। हमारा उद्देश्य क्रिएटर की अर्थव्यवस्था में क्रांति लाना है। इसमें क्रिएटर को बिल्कुल नया प्लेटफॉर्म ऑफर किया जाता है, जो क्रिएटर्स को एआई और इमर्सिव टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर अपने कंटेंट को डिवेलप करने, साझेदारी करने और अपने डिजिटल कंटेंट से पैसे कमाने में सक्षम बनाता है। इसकी असीम क्षमता को देखते हुए, हमने पूरे आत्मविश्वास के साथ इस तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश करने का फैसला लिया है।''

**मायावर्स के प्रमुख फीचर्स**

इमर्सिव वर्चुअल रिएलटी टेक्नोलॉजीः एडवांस्ड वीआर टेक्नोलॉजी और एआई का इस्तेमाल कर, मायावर्स असली दिखाई देने वाली फोटो के लिए माहौल बनाता है। इसमें डिजिटल वर्ल्ड के साथ भौतिक दुनिया का सहज ही समावेश होता है।

रेंडर स्ट्रीम टेक्नोलॉजी- हमारी नई रेंडर स्ट्रीम टेक्नोलॉजी यूजर्स को बिना सर्वश्रेष्ठ सिस्टम की मदद से फोटो में असली जैसे नजर आने वाले कंटेंट का अनुभव करने की आजादी देती है। यह तकनीक बेसिक हार्डवेयर और इंटरनेट कनेक्टिवटी से लैस किसी भी डिवाइस पर हाई क्वॉलिटी वर्चुअल माहौल की स्ट्रीमिंग में सक्षम बनाती है। इससे विस्तृत रेंज के डिवाइसेज पर यूजर को पहुंच और बेहतरीन अनुभव सुनिश्चित होता है।

एमएआई सिटी ञ्च मायावर्स का दिल ञ्च मायावर्स के केंद्र में स्थित, एमएआई सिटी हमारा अग्रणी क्षेत्र है, जो 17 हजार इंटरकनेक्टेड वर्ल्ड के साथ विस्तृत रूप से 100 वर्ग किलोमीटर का सफर तय करता है। यह वर्चुअल सिटी बड़े पैमाने पर बनाई गई है, जिसमें बारीकी से हर चीज पर ध्यान दिया गया। इसमें असली जैसा आभास होता है। इस वर्चुअल सिटी में तरह-तरह की जगहें हैं, जिसमें हैरतअंगेज वास्तुकला से रूबरू कराती तरह-तरह का इमारतें, यूनिवर्सिटीज, रिटेल हब, शैक्षिक संस्थान और मनोरंजन के स्थान शामिल हैं।

एमएआई सिटी को एक डायनैमिक और यूजर के द्वारा निर्देशित माहौल के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें हर अनुभव को बारीकी से पिरोया गया है। इससे यूजर को खोज के अपने रास्ते चुनने की आजादी मिलती है। यह शानदार वर्चुअल सिटी इंटरनेट के अगले वर्जन को बनाने के हमारे विजन का प्रतीक है, जहां हर इंटरएक्शन खोज और आविष्कार का अवसर होगा।

क्रिएटर्स का सशक्तिकरण - मायावर्स क्रिएटर्स को अपने कंटेंट का प्रदर्शन करने, उसे सुरक्षित रखने, शेयर करने और अपने डिजिटल कंटेंट से पैसे कमाने का बेहद शानदार प्लेटफॉर्म मुहैया कराता है, जिससे उन्हें ग्लोबल स्तर पर साझेदारी का अवसर मिलता है और सम्मान भी मिलता है।

तरह-तरह के वर्चुअल अनुभव- मायावर्स केवल शानदार इवेंट्स और रिटेल तक ही सीमित नहीं है। यह लर्निंग और डिवेलपमेंट मॉड्यूल, इंटरैक्टिव वर्कशॉप, मेडिटेटिव इंटरैक्शंस और तरह-तरह के शानदार अनुभव मुहैया कराती है।

# वित्त वर्ष 24 में पेटीएम का रेवेन्यू सालाना 25% बढ़कर 9,978 करोड़ रुपये पहुंचा

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी, पेटीएम ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 24 के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। कंपनी के मुख्य व्यवसाय में परिचालन से प्राप्त रेवेन्यू में सालाना 25त्न की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 9,978 करोड़ रुपये पहुंच गया। तेज जीएमवी, डिवाइस की संख्या में हुई मजबूत वृद्धि और वित्तीय सेवा वितरण कारोबार के विस्तार ने इस ग्रोथ को बढ़ावा दिया।

वित्त वर्ष 24 में जीएमवी 39त्न बढ़कर 18.3 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। मार्च 2024 तक 1.07 करोड़ व्यापारियों द्वारा डिवाइस सब्सक्रिप्शन के लिए भुगतान किए जाने की वजह से सब्सक्रिप्शन राजस्व में मजबूत वृद्धि देखने को मिली।

आईपीओ के बाद पहला पूर्ण लाभप्रदता वाले वर्ष के साथ वित्त वर्ष 2024 कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक रहा है, जिसमें ईसॉप स्तर पूर्व एबिटा 559 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के 734 करोड़ रुपये से ऊपर है। वित्त वर्ष 24 में भुगतान सेवाओं से कंपनी का राजस्व 26त्न सालाना बढ़कर 6,235 करोड़ रुपये पहुंच गया, और वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में यह 7त्न की सालाना वृद्धि के साथ 1,568 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष 24 में कंपनी को 288 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में दर्ज का यूपीआइ इंसेंटिव प्राप्त हुआ, पिछले वित्त वर्ष में यह 182 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 24 में योगदान लाभ 42त्न बढ़कर 5,538 करोड़ दर्ज किया गया और कुल ऋण वितरण 48त्न की वृद्धि के साथ बढ़कर 52,390 करोड़ रुपये पहुंच गया। प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की सहभागिता में उछाल आया और वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए औसत मासिक लेन-देन करने वाले यूजर्स की संख्या सालाना 7त्न बढ़कर 9.6 करोड़ पहुंच गई।

पेटीएम को वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में रेवेन्यू में मजबूत वृद्धि और बेहतर लाभप्रदता प्राप्त करने की उम्मीद है। यह बैंक भागीदारियों के माध्यम से वित्तीय उत्पाद वितरण का विस्तार करने और ग्राहकों को बनाए रखने व सेवा को बेहतर बनाने पर फोकस करेगा।

# इस बार डूब जाएगी राहुल और अखिलेश की लुटिया : राजभर

## कुशीनगर में सपा-कांग्रेस पर कसा तंज, तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कुशीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में आमजन से समर्थन मांगते हुए पंचायतीराज मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि विकास भाजपा सरकार की पहचान है।

केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद आपको बिजली बिल जमा करने के लिए परेशान नहीं होना होगा। तीन वर्षों में लोगों की छतों पर सरकार पावर हाऊस (सोलर प्लांट) लगाएगी। उसके बाद किसी को बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा। सपा व कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव की लुटिया इस बार डूबने वाली है। उनकी ओर से फैलाए जा रहे झूठ के भ्रमजाल में जनता फंसने वाली नहीं है। वे नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के परसौनी इंटर कालेज परिसर में आयोजित चुनावी जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई योजना लाए हैं। आपके मकान की छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए सरकार 75 प्रतिशत अनुदान देगी। बसपा, सपा व कांग्रेस यह नहीं कर पाएंगे। कुशीनगर ही नहीं, यूपी की 80 सीटों पर हमें जीत हासिल होगी। कहा कि महिला उत्थान का कार्य हमेशा भाजपा ने किया है। राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सौ में 33 महिलाएं आपके बीच की जनप्रतिनिधि चुनी जाएंगी। तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। केंद्र में सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके लोगों को पांच लाख रुपए तक सालाना निश्शुल्क उपचार की योजना को मंजूरी दी जाएगी। सपा, कांग्रेस व बसपा की सरकारों में हम लोगों का हक लूटा गया है। विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसमें सभी जाति व धर्म के लोगों को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विकास के मुद्दे पर काम करती है। संचालन संतोष राजभर ने किया। विधायक विवेकानंद पांडेय, विनय प्रकाश गोंड, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, डा. राम अधार राजभर, बृजेश मिश्र, धीरज तिवारी, दुर्गेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

**आप के छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए सरकार 75 प्रतिशत अनुदान देगी : राजभर**

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग से नहीं हो रहा परहेज

**अमेठी।** प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग आज भी बाजारों में धड़ल्ले से होते दिखाई दे रहे हैं। किराने की दुकानों सहित फलों और सब्जियों की दुकानों पर बड़ी तादाद में इनका प्रयोग किया जा रहा है। जनपद में स्थानीय प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दुकानदार ग्राहकों को धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान की बिक्री कर रहे हैं । वहीं बाजारों में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री भी जारी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार का उठाया गया कदम लक्ष्य की ओर बढ़ता नहीं दिख रहा है। प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए जो कदम उठाया गया वह नाकाफी साबित हो रहा है। लिहाजा आम आदमी प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान लेने से परहेज भी नहीं कर रहा है। ठेला खोमचा सहित किराना आदि की दुकानों के अलावा सब्जी विक्रेता भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग जमकर कर रहे हैं।

# ये बदलता हुआ भारत है, घर में घुस कर मारता है: भजनलाल शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पहले का भारत अब वो भारत नही है अब भारत घर में घुस कर मारता है दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देना जनता है। उक्त बातें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिव्य शक्ति मैरिज लॉन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि देश को लूटने का काम कांग्रेस के लोगों ने 70 साल तक किया यह घोटाले बाजों की सरकार ने जनता के खजाने को लूट कर अपना घर भर लिया अब यह परेशान है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में एक-एक करके उनका पोल खुल रहा है इस कांग्रेस की सरकार ने कुटीर उद्योगों को बंद करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया सिर्फ घोटाले किए, जनता का खजाना खुले दिलसे लूटा जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं ये ठगबंधन के लोग । आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं चाहे नक्सलवाद हो आतंकवाद हो या हिंसा की घटनाएं हो सारी घटनाओं पर भाजपा सरकार ने नकेल कसने का काम किया है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए श्री शर्मा ने कहा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री राज्य में भय मुक्त वातावरण में लोगों को सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है 21वीं सदी में भारत वैश्विक पटल पर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हमारे विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना है युवाओं को आगे बढ़ाने की संकल्पना को पूरा है देश को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय आपका है आपकी अपील आपका एक एक वोट मोदी जी को जाने वाला है। ज्यादा से ज्यादा मतदान करके देवरिया से प्रत्याशी शशांक मणि को जिताए। कलराज मिश्र जी देवरिया की धरती से संसद रहे आज वो राजस्थान के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं उनके कार्यकाल में देवरिया में मेडिकल कालेज की स्थापना हुई, बाईपास बने, रोड बने शिक्षा का स्तर सुधरा है।

# आज कुशीनगर में जनसभा को संबोधित करेंगे जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो



कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेते भाजपा जिलाध्यक्ष

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को कुशीनगर आएंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे किसान इण्टर कालेज साखोपार में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान राज्य सभा सांसद संगीता यादव और आरपीएन सिंह भी मौजूद रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में जनसभा की सभी तैयारियां कर ली गई है।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और स्थानीय विधायक पीएन पाठक जनसभा स्थल निरीक्षण किया और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष व लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री और जनसभा संयोजक विवेकानंद शुक्ल, जिला मंत्री बलिराम यादव, अभय प्रताप सिंह, देवेन्द्र प्रताप उर्फ दारा सिंह, राधेश्याम दीक्षित, डॉ निलेश मिश्र, व डॉ छेदी शर्मा, निशांत शुक्ल, मार्कण्डेय शाही, संजय शुक्ला, संजीव पाण्डेय, भीखम प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष किन्नरेश चौबे, अनिल प्रताप राव, हरिलाल कुशवाहा, विनोद गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, महेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, रत्नेश श्रीवास्तव, अवधेश प्रजापति, दीपक चौबे, डा किशोर, गोल्डन पाण्डेय, कुंदन दूबे, प्रमोद राय, रोहित राय, रामू गुप्ता, राजन चौधरी सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नदी में डूबने से बालक की मौत

**गौरीगंज (अमेठी)।** थाना क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत अपने साथियों के साथ नदी मे नहा रहे एक बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरो की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत गोमती नदी के तट पर स्थित पिछूती गांव के समीप बुधवार शाम गोमती नदी पर बने पीपे वाले पुल के समीप अपने साथियों के साथ नहाने गए निहालपुर थाना जगदीशपुर निवासी बाबू उम्र लगभग दस वर्ष की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर आसपास के तमाम लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवाया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# डीएम व एसपी ने मटियरवा में बने बूथों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, विश्वसनीय, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विधान सभा पडरौना के प्राथमिक विद्यालय मटियरवा के बूथों का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान तिथि 01 जून को मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर किए गए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उपलब्ध कराए जाने वाली आधारभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, रैंप, वॉलिंटियर्स, कक्ष में पर्याप्त रोशनी, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। साथ ही साथ बूथ पर किए गए व्यवस्था माइक्रो आब्जर्वर, वेबकास्टिंग आदि बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण करते हुए उपजिलाधिकारी सदर (पडरौना) को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मानक के अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज अवश्य उपलब्ध रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुरूप सारी प्रक्रियाएं पूर्ण की जाए और बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को अविलम्ब मतदाता पर्ची सूची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर व्यास नारायण उमराव, क्षेत्रीय लेखपाल, बूथ लेवल अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## झुलसे संविदाकर्मी की उपचार के दौरान मौत

**अमेठी।** हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे संविदाकर्मी की उपचार के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में बुधवार देर शाम मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गुरुवार को गांव लाया जा रहा है। बुधवार को पीठीपुर पावर हाउस पर तैनात संविदा लाइनमैन राजकुमार पुत्र गया प्रसाद निवासी बेलखरी जो कुडवा राजापुर गांव में एक प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शन जोड़ने खंभे पर चढ़ा था। इसी बीच पास से गुजर रहे। ग्यारह हजार हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से लाइन मैन गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगो ने लाइन मैन को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान देर शाम संविदाकर्मी की मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक शव नहीं पहुंचा था।

## अर्द्धसैनिक बल व पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भयमुक्त मतदान करने के लिए गुरुवार को थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ हरपुर, कटसहरा आनंदपुर बुदहट सहित अन्य चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज राहुल दूबे, उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, आलोक कुमार सिंह, सुधाकर यादव, सद्दाम, अच्युतानंद राय सहित अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## भय भूख भ्रष्टाचार पेपर लीक का बोलबाला युवा बेरोजगार

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से



इंडी महागठबंधन से सपा प्रत्याशी रामाशंकर विद्यार्थी के पक्ष में भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र से सपा से पूर्व विधायक डॉक्टर आशुतोष उपाध्याय ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क करते हुए इंडी महागठबंधन के सपा से लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर के पक्ष में मतदान करने की अपील किया और इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जुमलो की सरकार है, यहां पर सरकार जो है भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बात करती है और कोई भी प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन होता है उसके पहले ही पेपर लीक हो जाती है युवाओं के जीवन पर संकट के बादल मंडरा रहा है क्योंकि वह बेरोजगार है, युवा आशा भरी निगाह से सरकार की तरफ देख रहा है लेकिन सरकार तो सिर्फ जुमलो पर चल रही है, और उनके जुमले से तंग आकर जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है और महागठबंधन की प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित है आप सभी का जो अपार जन सैलाब जनसंपर्क के दौरान उमड़ रहा है, यह परिवर्तन की लहर है और आगामी 4 जून को महागठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है और युवाओं से लेकर व्यावसायिक वर्ग सभी का ख्याल महागठबंधन की सरकार में रखा जाएगा उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दरमियान लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के लार ब्लाक में दोगारी मिश्र, पटनेजी, मटियार, रामनगर, सहित विभिन्न गांव का दौरा किया इस दौरान सपा के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव के प्रति मतदाताओं की उदासीनता से चिंतित हैं प्रबुद्ध लोग

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया गतिमान है 20 मई को पांचवे चरण का मतदान संपन्न हुआ। इस चरण में भी मतदान प्रतिशत अपेक्षा के अनुरूप नहीं दिखाई पड़ा इससे यह जाहिर हो रहा है कि चुनाव के प्रति मतदाता काफी उदासीन हैं। इसे लेकर प्रबुद्ध लोग चिंतित हैं। आयोग के दिशा निर्देश पर प्रशासनिक स्तर से शत प्रतिशत मतदान के लिए तमाम मुहिम चलाई जा रही है मतदाता जागरूकता गोष्ठी रैली स्लोगन विद्यालयों में कार्यक्रम इस प्रकार के अभियान के बावजूद यदि मतदाता अपने मतदान के प्रति जागरूक नहीं हो रहे हैं तो यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। इस पर पर्यावरणविद डॉक्टर अर्जुन पांडेय सहित कई प्रबुद्ध लोगों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इसके पीछे मात्र एक कारण होता है कि मतदाताओं का लोकतंत्र के प्रति उदासीन होना अच्छे संकेत नहीं। मतदाता या तो चुनाव की प्रक्रिया से असंतुष्ट हैं या फिर व्यवस्था से खिन्न हैं।लोकतंत्र के इस महापर्व में उन्हें बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्हें इस बात का भरोसा दिलाया जाना आवश्यक है कि उनका एक वोट देश के भविष्य के लिए कितना कीमती है यदि वह मतदान की प्रक्रिया से स्वयं को वंचित रखते हैं तो वह व्यक्ति उनका प्रतिनिधित्व करता है हो सकता है जिसे वह पसंद ना करते हों। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग मतदाताओं को अवश्य ही करना चाहिए।

# विकास कार्यों की अनदेखी से लोकसभा चुनाव के मतदान का करेंगे बहिष्कार



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भरसाड़ टोला तेलियाड़ीह के ग्रामीणों का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गुस्सा वृहस्पतिवार को चरम पर देखा गया। सैकड़ों की संख्या में एकजुट ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि जिस तरह सरकार के जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास में रुचि न लेते हुए उदासीनता दिखाई है। आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का वहिष्कार करेगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की बाढ़ के समय में पूरा गांव मैरुंड हो जाता है। लोगो को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव में आने जाने के लिए शुद्ध रास्ता नही है। जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने से जल जमाव बना रहता है। जल निकासी के लिए पुलिया निर्माण कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से कहा गया लेकिन कुछ भी नही किया गया। सरकार किसी भी पार्टी की रही हो जो भी जनप्रतिनिधि गांव में पहुंचा वह विकास कराने के नाम पर केवल कोरा आश्वासन देते रहे। और विकास कार्य शून्य रहा। ग्रामीणों ने नारा दिया है कि विकास नहीं तो वोट नहीं। मतदान वहिष्कार करने वालो में हरीराम, उमायन, दीनानाथ, कमला, श्रवण, वीरेंद्र, कमलेश, भोला, नियामत अली, राम हरख, अमर सिंह, रमापति, सलहंत, झीनक रोहित सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।

## मा. जनपद न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के



निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छांदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं तथा ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है व ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, मा0 जनपद न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह के द्वारा मा0 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा जारी एस0ओ0पी0 के अनुसार कारागार के बैरकों, पाकशाला व चिकित्सालय का निरीक्षण कर बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा तथा उनको दी जाने वाली विधिक सहायता आदि के बारें में जानकारी ली। उन्होने बन्दियों को मा0 न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुविधाए देने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बुद्ध पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को श्रद्धा एवं सद्भाव के साथ मनाया गया। त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम और भगवान बुद्ध और उनका धम्म विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। त्रिविध पावन पर्व का आरम्भ भी हुआ।

बुद्ध पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में आयोजित किया गया। यहां बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र और भंते धम्मदीप के मार्गदर्शन में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ का समापन सुबह हुआ। त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की ओर से लिखित पुस्तक भगवान बुद्ध और उनका धम्म पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप ने कहा कि भगवान बुद्ध का आर्य आष्टांगिक मार्ग सबके लिए कल्याणकारी है। समता ममता करुणा प्यार बौद्ध धर्म के आधार तत्व हैं। नागेश्वर प्रसाद बौद्ध ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि वर्तमान परिवेश ऐसा है जहां रुस यूक्रेन ईरान ईराक में हो रही घटनाओं से दुनिया में अशांति का माहौल है। मानवता संकट में है ऐसे समय में दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। विचार गोष्ठी में संतोष कुमार डा नन्हे लाल संजय कुमार रामफल फौजी हीरालाल रामटहल राम चंद्र सरस श्याम कुमार दीपा बौद्ध सुमित्रा बौद्ध सुमन बौद्ध मोती लाल बेंचूलाल रामदेव राम प्रताप अशोक कुमार कुलरोशन बाबूलाल अमृतलाल रामलाल आदि मौजूद रहे। वहीं जनता नगर में अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम आयोजित किए गया।बिसुनदासपुर में बौद्ध विहार पर बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। बौद्ध धर्म की शिक्षाओं पर विस्तार से संवाद हुआ। कार्यक्रम का संयोजन विनोद गौतम ने किया। भंते धम्मदीप डा राजेश गौतम आदि मौजूद रहे।

## कृषि अनुसंधान व उद्यमिता प्रोत्साहन को महायोगी गोरखनाथ विवि ने की पहल

# जुबिलेंट एग्रीकलचर रूरल डेवलपमेन्ट सोसायटी के साथ एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** कृषि अनुसंधान एवं कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर ने महत्वपूर्ण पहल की है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने जुबिलेंट एग्रीकलचर रूरल डेवलपमेन्ट सोसायटी (जारडस) मुरादाबाद के साथ समझौता करार (एमओयू) किया है।

इस एमओयू के जरिये दोनों संस्थान मिलकर शैक्षणिक एवं कृषि अनुसंधान क्रियाकलापो को बढ़ावा देंगे। गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव और जारडस के निदेशक डॉ. दीपक मैंदिरत्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए जबकि एमओयू का आदान प्रदान कुलपति और जारडस निदेशक के मध्य हुआ। एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच शोध आधारित उत्पाद, संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य, कृषि के के वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को पूरा करने एवं कौशल बढ़ाने के लिए क्षमता विकास, छात्र-संकाय और तकनीकी विनिमय आदि विषयों पर साझा प्रयास करने का करार हुआ। दोनों संस्थानों का लक्ष्य इस सांझेदारी के माध्यम से कार्यशाला, सामाजिक उन्नयन और विकास परियोजना को विकसित और कार्यान्वित करना है। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी ने संस्थानों के बीच समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इस समझौते से कृषि के क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार-प्रसार को एक नई दिशा मिलेगी। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर छात्रों के व्यक्तित्व विकास, उच्च शिक्षा में अनुसंधान दृष्टि विकसित करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कृषि उद्यमिता में नित नए नवाचार हो रहे हैं। उत्कृष्ट तकनीक से भारत के किसान भी नई चुनौतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कृषि क्षेत्र को समृद्ध कर रहे हैं। जारडस, मुरादाबाद के निदेशक दीपक मैंदिरत्ता ने कहा कि वर्ष 2005 में कृषि क्षेत्र में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जारडस की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि परंपरागत कृषि के साथ आज उत्पादन में नवाचारों से छोटी भूमि पर कम लगात से भी किसान अच्छी आमदनी कर सकते है। संस्थान को कृषि प्रबंधन के लिए 2010 में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की योजना एग्रीक्लिनिक एग्रीबिजनेस सेन्टर के लिए मान्यता दी गई। 2013 में संस्थान के द्वारा आगरा केन्द्र, 2014 मे गोरखपुर में कृषि उद्यमिता का प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया। संस्थान द्वारा प्रशिक्षित कृषि स्नातकों में 5000 से अधिक सफल उद्यमी आज समृद्ध किसान के रूप मे स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जारडस एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर मिलकर कृषि अनुसंधान एवं उद्यमिता के क्षेत्र में काम करेंगे। कुशल प्रशिक्षण लेकर किसान समृद्ध होंगे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दिए निर्देष एवं स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा पर की चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की आवश्यक तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन के निर्देशन में समस्त सफाई वं खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक एवं डोर-टू-डोर कार्यदायी संस्था के पदाधिकारीगणों के साथ एक आवश्यक बैठक नगर निगम फिरोजाबाद के जीवाराम हॉल में आहूत की गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित समस्त लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर निगम फ़िरोज़ाबाद के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों एवं सफाई नायकों को बधाई देते हुए उनका आभार प्रकट किया। इसी के साथ आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही समझाया कि हर घर हर परिवार तक डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण की गाड़ी की पहुंच हो, कूड़े के प्रथक्करण हेतु प्रत्येक नागरिक को जागरूक किया जाये इस हेतु डोर टू डोर कम्पनी के प्रतिनिधि निर्देशित किया। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने हेतु पमब गतिविधियों को बढ़ाने हेतु टीम को निर्देशित किया। जीरो वेस्ट वार्ड, जीरो वेस्ट इवेंट्स, स्वच्छ सारथी क्लब, ततत सेंटर आदि के विषय में जागरूक किया। संदीप भार्गव ने अपने अपने वार्ड एवं क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई नायकों एवं सफाई मित्रों को सम्मानित करने का वादा किया।

बैठक में विपन कुमार, उंदवर कुमार, प्रकाश सिंह, पवन कुमार, शैलेन्दर एवं सभी सफाई नायक तथा डोर टू डोर कम्पनी से असिस्टेंट जनरल मैनेजर विपिन कुमार, ऑपरेशन मैनेजर सिकंदर चौधरी अपनी टीम के साथ उपस्थित थे।

## हाइवे पर पड़े पत्थर से टकराई बाइक, तीन गंभीर

**टूंडला।** बाइक पर सवार तीन युवक गोवर्धन की परिक्रमा लगाकर वापस अपने घर जा रहे थे। तभी मोहम्मदाबाद के निकट एनएच टू पर रखें पत्थर से बाइक अचानक टकरा गई जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेन्स बुलाकर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद भेजा है।गुरुवार को गोवर्धन की परिक्रमा लगाकर बाइक पर सवार तीन युवक अपने गांव मदावली लौट रहे थे। उसी दौरान होटल हाइवे इन एनएच टू मोहम्दाबाद के निकट पहुंचे ही थे कि रास्ते में पत्थर पड़ा हुआ था जिससे बाइक टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार लवकेश पुत्र महेश, नितिन व संदीप निवासीगण मदावली थाना टूंडला गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेन्स बुलाकर घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद भेजा है। जहां उनका उपचार चल रहा है। इस दौरान एनएचआई द्वारा हाइवे किनारे पड़े पत्थर को गाड़ी में रखवाकर वहां से हटवा दिया।

# मिलावटखोर डाल रहे लोगों की जान जोखिम में

सावधान

मिलावटी मिट्टी के तेल से जुड़ाई करते समय कुप्पी फ टने से दो झूलसे

अवधनामा संवाददाता





**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत मथुरा नगर में एक परिवार के दो लोग चूड़ी जुड़ाई का कार्य करते समय कुप्पी में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें तुरन्त ही उपचार हेतु सराकरी ट्रॉमा सेण्टर लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

मंगलवार रात को चूड़ी जुड़ाई का काम करते समय कुप्पी में आग लगने से मथुरा नगर निवासी तारा देवी पत्नी अशोक कुमार कोरी उम्र 40 वर्ष रामवीर पुत्र नेमी चंद्र उम्र 30 वर्ष निवासी मथुरा नगर गली नम्बर 7 बुरी तरह झुलस गई परिजनों द्वारा आनन-फानन में सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। मिलावटी मिट्टी के तेल के कारण चूड़ी जुड़ाई श्रमिकों के साथ आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। चूड़ी जुड़ाई श्रमिक नेता रामदास मानव ने कहा कि भारी मुनाफा होने के कारण मिलावटी मिट्टी के तेल का कारोबार फल फूल रहा है प्रशासन जांच के नाम पर केवल खाना पूरी कर छोड़ देता है। चूड़ी जुड़ाई का कार्य ज्यादातर मिट्टी के तेल से किया जाता है परंतु जब से मिट्टी के तेल के नाम पर मिलावटी मिट्टी का तेल (एम टी ऑयल) श्रमिकों को दिया जाना शुरू हुआ है तब से आग लगने की सैकड़ो घटनाएं हो चुकी हैं और कई मजदूरों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जब मांग उठाई गई थी तो प्रशासन ने जांच कमेटी बनाकर जांच की कई जगह छापेमारी हुई और मिलावटी मिट्टी का तेल भी पकड़ा गया लेकिन फिर वही हाल हो गया इस कारोबार में मोटा मुनाफा होने की वजह से ना तो व्यवस्था बदली और न ही दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई फिरोजाबाद में चूड़ी जुड़ाई से जुड़े हजारों मजदूरों का जीवन हमेशा संकट में रहता है। पहले राशन डीलर से मिट्टी का तेल जो नीले रंग का आता था उसके स्थान पर अब बाजार मे जो सफेद रंग का मिट्टी का तेल मिल रहा है उसमें (एम टी ऑयल) की मिलावट आ रही है क्योंकि एमटी ऑयल का बाजार भाव कम है जबकि मिट्टी के तेल का भाव काफी ज्यादा है बाजार में मिल रहे उस मिट्टी के तेल का ज्वलन शीलता का जो व्यवहार है वह मिलावट के कारण असामान्य होकर कभी थिनर अथवा स्प्रिट जैसा हो जाता है जिसके कारण चूड़ी जुड़ाई का कार्य करते समय आग लगने की घटनाएं लगातार वृद्धि हो रही हैं। हम मांग करते हैं कि चूड़ी जुड़ाई श्रमिकों को नीले रंग का मिट्टी का तेल उपलब्ध कराए जिससे इन घटनाओं को रोका जा सके अन्यथा जल्दी आंदोलन किया जाएगा।

# मैं और मेरी मां का सुल्तानपुर से है पारिवारिक रिश्ता: वरूण गांधी

निषादों से है मेरा दिल का रिश्ता उनके लिए रहता हूं हमेशा उपलब्ध,मां की ऐतिहासिक जीत के लिए बेटे वरुण ने की धुआंधार सभाएं, उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** गुरुवार को अपनी मां मेनका गांधी के लिए वोट मांगने पहुंचे वरुण गांधी सुल्तानपुर के लोगों से अपना भावनात्मक रिश्ता बताते हुए कहा कि हमारा जितना दायरा है उसी में काम करना चाहिए।मैं हमेशा यह बात कहता हूं कि मैं नेता नहीं एक बेटे के रूप में आपके बीच आया हूं।वरुण गांधी ने आज सुलतानपुर कस्बे के निषाद बस्ती में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अभी नहीं जबसे हम पैदा हुए तबसे यह हमारी कर्मभूमि है। यह हमारा परिवार है हमको यहां की मिट्टी से प्यार है। उसके बाद मोतीगंज व कुछमुछ में उमड़े जन सैलाब को देखकर खुश हुए वरुण गांधी ने बच्चों को देखकर कहा कि यह हमारे देश के बब्बर शेर हैं। इन्हीं से देश की जय जयकार होती है। इसलिए सबके बच्चे फले फुले सबके सपने पूरे हो यही मेरा सपना है।मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार आप लोग सारे रिकॉर्ड तोड़ने जा रहे है। किसी से कोई बैर नहीं है यहां पर जितने लोग हैं सब मेरे हैं जब मैं सुल्तानपुर पहली बार आया तुम मुझे अपने पिताजी की खुशबू यहां पर लगी लेकिन आज मुझे यह कहने पर गर्व हो रहा है कि मैं अपनी मातृभूमि में आ गया हूं। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर के लोगों के परिवार पर कोई संकट आए तो वह अपने आप को अकेला न समझे।मैं अपना फोन नंबर देकर जा रहा हूं मैं आपको एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं । पूरे देश में प्रत्येक लोकसभा में चुनाव हो रहे हैं।कई जगह बड़े-बड़े नेता चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन पूरे देश में सुलतानपुर ही एक ऐसी लोकसभा सीट है जहां न कोई नाम से बुलाता है ना कोई मंत्री जी और न ही कोई सांसद जी कहता है। यहां की जनता उन्हें माता जी के नाम से बुलाती है। क्योंकि मां जो होती है वो एक परमात्मा के बराबर शक्ति होती है। जैसे पीलीभीत में सबके पास वरुण गांधी का नंबर है वैसे ही सुल्तानपुर में मैंने अपनी मां को देखा है 12 बजे तक किसी का भी फोन आता है तो उठाती हैं। और उसके समस्या का समाधान करती हैं। ना उनके अंदर कोई मैं है ना उनके अंदर कोई अहंकार है ना उन्होंने गांव-गांव में झगड़ा कराया। इसके पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वें के 123 पर पहुंचने पर वरुण गांधी का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद वरुण गांधी ने गुरुवार को कस्बा, मोतीगंज, कुछमुछ, बरगदवा मदनपुर देवरार, छापर गोलवा, मझगवां, कटघरा चिरान पट्टी, बेरा मारुफपुर, सरैया बाजार, खैरहा, काछा भिटौरा, बहाउद्दीनपुर समेत एक दर्जन निषाद बाहुल्य गांवों में सभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, प्रवीन कुमार अग्रवाल, पूर्व प्रधानाचार्य, हनुमान सिंह, रेखा निषाद, अवनीश सिंह, ब्लाक प्रमुख नवनीत सिंह, डिंपल सिंह, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, कृपाशंकर मिश्रा, अखिलेश तिवारी, श्याम बहादुर पाण्डे संदीप मिश्रा, राम अभिलाष सिंह, दयाराम यादव पूर्व प्रधान, सुनील विश्वकर्मा, राजेश निषाद, सुभाष चन्द्र वर्मा, दान बहादुर तिवारी, अशोक तिवारी, शोभनाथ निषाद, श्याम बहादुर निषाद, प्रभुनाथ मिश्रा, संतोष निषाद बीडीसी, राजेश निषाद प्रधान, विनय निषाद, प्रदीप रावत रमेश निषाद, आनंद निषाद, रामबरन निषाद, राम अवतार निषाद, राम तीर्थ निषाद, रामसुंदर निषाद, सुभाष निषाद प्रधान, हरिवंश निषाद प्रधान, विद्या निषाद नन्हे निषाद रमन सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गयी बुद्ध प्रभातफेरी

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में भगवान बुद्ध की प्रभातफेरी नगर में धूमधाम एवं बैंडबाजों के साथ निकाली जिसमें सैकड़ो की संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी शामिल रहे। गुरुवार को भगवान बौद्ध की जन्म जयंती के अवसर पर नगला राधेलाल पर बौद्ध समाज के बौद्ध भिक्षुओ द्वारा वन्दना कर बुद्ध प्रभातफेरी का शुभारंभ ध्वज दिखाकर किया। इस दौरान शोभायात्रा नगला राधेलाल से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, भारत माता चौक, जीजीआईसी, बिहारी बिलास, कोतवाली टूंडला, बलदेव रोड, दीपा चौराहा होते हुए अंडरब्रिज लाइनपार पहुंची जहां नगलारती बौद्ध बिहार पहुंची जहां धम्म सभा में परिवर्तित हो गई। इस दौरान बौद्ध धर्म एवं अम्बेडकर अनुयायियो ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बौद्ध महासभा के अध्यक्ष दिवाकर बौद्ध, राकेश निगम, जंडेल सिंह, प्रीतम सिंह, बसंत लाल, एसएल आनंद, बीएस गौतम, डा. ब्रजेश कुमार, सूर्यकान्त, राजेंद्र प्रधान, गौरव कुमार, सुधांशू मित्रा, शहजाद खान, रामप्रकश बाबा, सियाराम, अवदेश राणा, पदम सिंह, रविकांत, जसवंत सिंह, नरसिंह राव, विमलेश, कमलेश कुमार, मुन्नी बौद्ध, सुभाष बौद्ध, विजय बौद्ध, बिट्टू रानी बौद्ध, सरोज देवी, नूरबानो आदि के अलावा सैकड़ो की संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी मौजूद रहे।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट न0- M0385530 में त्रुटिवश मेरा नाम शबाना (SHABANA) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ (MOHAMMAD ARIF) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम शबाना खान (SHABANA KHAN) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

शबाना खान (SHABANA KHAN) पत्नी मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) निवासी-मकान न0-B-74,PSIDC कालोनी सेक्टर 5 फेज 1, BHEL, कठौरा औ0क्षेत्र जगदीशपुर,तह0-मुसाफिरखाना,जिला -अमेठी

## सूचना

मेरे पुत्री खान सदफ के पासपोर्ट न0- M0440030 में त्रुटिवश मेरा नाम शबाना (SHABANA) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ (MOHAMMAD ARIF) दर्ज हो गया है। जबकि पुत्री खान सदफ के आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम शबाना खान (SHABANA KHAN) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।और पुत्री के पासपोर्ट में त्रुटिवश जन्मस्थान सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश दर्ज हो गया है। जबकि सही जन्म स्थान मुम्बई महाराष्ट्र है। पासपोर्ट में सही जन्मस्थान दर्ज हो।

शबाना खान (SHABANA KHAN) पत्नी मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) निवासी-मकान न0-B-74, UPSIDC कालोनी सेक्टर 5 फेज 1, BHEL, कठौरा औ0 क्षेत्र जगदीशपुर, तह0- मुसाफिरखाना,जिला -अमेठी

## सूचना

मेरे पुत्री खान सदफ के पासपोर्ट न0- M0440030 में त्रुटिवश मेरा नाम शबाना (SHABANA) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ (MOHAMMAD ARIF) दर्ज हो गया है। जबकि पुत्री खान सदफ के आधार कार्ड सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम शबाना खान (SHABANA KHAN) व मेरे पति का नाम मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) दर्ज है।मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।और पुत्री के पासपोर्ट में त्रुटिवश जन्मस्थान सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश दर्ज हो गया है। जबकि सही जन्म स्थान मुम्बई महाराष्ट्र है। पासपोर्ट में सही जन्मस्थान दर्ज हो।

शबाना खान (SHABANA KHAN) पत्नी मोहम्मद आरिफ खान (MOHAMMAD ARIF KHAN) निवासी-मकान न0-B-74, PSIDC कालोनी सेक्टर 5 फेज 1, BHEL, कठौरा औ0 क्षेत्र जगदीशपुर, तह0-मुसाफिरखाना, जिला -अमेठी

## सूचना

मैं अब्दुल शकूर अंसारी पुत्र मोहम्मद सिद्दीक अंसारी निवासी ग्राम सुंदरपुर पोस्ट बाबूर्बन थाना बाजपट्टी जिला सीतामढ़ी बिहार का हूं मैने अपना नाम अब्दुल शकूर अंसारी से बदलकर हाफिज अब्दुल शकूर रख लिया है अब भविष्य में मुझे हाफिज अब्दुल शकूर के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

# मतदान के लिए छात्रों व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता




**सुलतानपुर।** जनपद के दुबेपुर ब्लॉक में महादेवी बालिका इंटर कालेज गढऊपुर के प्राचार्य उमेश नाथ तिवारी की अगुवाई में मतदाता जागरूकता रैली निकल गई । रैली को प्रबंधक राम बहादुर तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । हाथों में बैनर लिए तथा जागरूकता नारे के साथ कालेज से निकली रैली नेवादा होते हुए पिकौरा ग्राम पर पहुंची। यहां मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। जिसमें सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंचकर मतदान करने के लिए अपील की गई। इस बीच छात्रों की तरफ से जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए।सभी से कहा गया कि अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें। चौराहे से रैली वापस होकर विद्यालय परिसर में पहुंची।ज्योति तिवारी प्रवक्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकले। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ग्रामीणों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। संविधान ने प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं। इसमें मतदान का अधिकार प्रदान किया गया है। 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी लोग को मतदान करना है।प्रबंधक राम बहादुर तिवारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। जागरूक मतदाता ही अपने मतों को समझ सकता है। प्राचार्य उमेश नाथ तिवारी ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। संचालक विप्रेन्द्र देव तिवारी ने कहा कि इस लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। रैली में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# सपा गठबंधन की सरकार बनना जरूरी: राम भुवाल




मौजूदा सरकार की नीति से हुई जैविक खाद में कमी, बढ़ रहे हैं कैंसर रोगी: विधायक मोहम्मद ताहिर खान

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर के संसदीय लोक सभा सीट पर चुनाव की तारीख ज्यो ज्यो करीब अ रही है त्यो त्यो सभी पार्टिया वोटरों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए ऐडी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बसपा की सुप्रीम मायावती का भी चुनावी जनसभा हुई। जहां एक तरफ चुनाव में और दिलचस्प उस समय और हो गया,जब इलेक्शन की तारीख करीब होते ही पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू एवं यश भद्र सिंह मोनू दोनों ने समाजवादी में एंट्री कर ली जिससे चुनावी रणभूमि में और दिलचस्प हो गई हैं। जो क्षेत्र में चर्चा आम है।अब देखना यह होगा कि दोनों भद्र अपने समर्थकों को किस हद तक सपा गठबंधन को कामयाबी दिला पाएंगे। एक सवाल के जवाब में इसौली विधायक ताहिर खान ने कहा कि दोनों भद्र के आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी। इसौली विधानसभा के बाज़ार इस्लामजगंज ग्राम पंचायत के परसीपुर सरैया चंदौर में नुक्कड़ सभा में इसौली विधायक ताहिर खां ने सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की नीति किसानों के लिए फिट नहीं है। जिसकी वजह से किसान अपने मवेशियों को पलकर बाजार में बेच नहीं पा रहे हैं।

## शिवकुमार सिंह ने की मेनका को जिताने की अपील

**सुल्तानपुर।** सीटिंग सांसद मेनका गांधी की अपार जीत के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह व बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने भी कमान संभाल लिया है। हृदय रोग से ग्रस्त चल रहे ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह सुल्तानपुर पहुंचे। इसौली विधानसभा स्थित गनापुर में अपने आवास पर प्रधानों,पूर्व ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों के साथ हाई लेबल मीटिंग कर मेनका गांधिनको भारी बहुमत से जीतने की रणनीति बनाई। बैठक में उन्होंने सभी को जीत के मंत्र दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 32/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से **"खुली"** निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** रामनगर में 06 मी. चौड़े एफ.ओ.बी. का निर्माण, बाजपुर में 3 मी. चौड़े एफ.ओ.बी. का निर्माण एवं टनकपुर में एफ.ओ.बी. का विस्तार, **अनुमानित लागत :** रु. 8,72,28,299.54, **बयाना राशि :** रु. 5,86,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 15 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** जू.इन्जी./कार्य/नैनीताल के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत हॉलीडे होम/एन.एन.टी. (नैनीताल) एवं आर.के.टी.(रानीखेत) में जोन सं. 27 पर 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन कार्य करना, **अनुमानित लागत :** रु. 82,90,336.23, **बयाना राशि :** रु. 1,65,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** 1. काठगोदाम स्टेशन पर पुरानी सिक लाइन का सुधार एवं रखरखाव। 2. लालकुआँ स्टेशन पर मैकेनाइज्ड लाउन्ड्री का विस्तार, **अनुमानित लागत :** रु. 67,31,780.11, **बयाना राशि :** रु. 1,34,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह। **क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण :** समंड/काशीपुर के अनुभाग के अन्तर्गत लालकुआँ, हल्द्वानी, काठगोदाम एवं गूलरभोज में 8.934 TKM की लूप लाइनों और चमरूआ, बिलासपुर, रुद्रपुर एवं हल्दीरोड में 6.848 TKM की लूप लाइनों पर स्लीपर घनत्व बढ़ाना, **अनुमानित लागत :** रु. 2,18,87,286.04, **बयाना राशि :** रु. 2,59,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण :** समंड/पीलीभीत के अन्तर्गत पीलीभीत–शाहजहाँपुर सेक्शन में निगोही–शाहबाजनगर स्टेशनों के मध्य किमी. 60/3-4 पर पुल सं. 80 पर (1x3.66मी.) अतिरिक्त एक स्पैन का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 95,08,522.47, **बयाना राशि :** रु. 1,90,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह। **क्र. सं. : 6, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य समंड/काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46(7x12.2मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 11,59,83,340.44, **बयाना राशि:** रु. 7,29,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह।

**1.** ई-निविदा दिनांक 14.06.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-81** **इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# चिकित्सा की व्यवस्थाओं को अत्यधिक सुचारू किया जाएगा

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहे पुरुष विभाग के ओपीडी, पैथोलॉजी,गहन चिकित्सा कक्ष, ऑपरेशन थिएटर एवं साफ सफाई व्यवस्था का प्राचार्य डा0सलिल श्रीवास्तव ने निरीक्षण करते हुए कहा कि चिकित्सालय में आम जनमानस को मिलने वाली सुविधाओं का विस्तार जल्द से जल्द किया जाएगा। जो भी अवस्थाएं हैं,उसको हम चिकित्सकों एवं अधीक्षक के साथ बैठकर दूर करेंगे।गहन चिकित्सा कक्ष शुरू हो गया है। बहुत जल्द 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट व आकस्मिक कक्ष परिसर में बनकर तैयार होगा,जिससे आकस्मिक सेवा में और सुधार होगा। ओपीडी में हो रही मरीजों की समस्याओं के संबंध में प्राचार्य ने कहा कि चिकित्सकों की कमी नहीं है। ओपीडी में आए हुए किसी भी तरह के मरीजों को कोई समस्या ना हो, इसका हम लोग विशेष ध्यान रख रहे हैं। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में मरीज बाहर से दवाइयां ला रहे थे,जिस पर प्राचार्य ने एस आर को खरी खोटी सुनाते हुए स्पष्टीकरण देने की बात कहते हुए चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ तो बाहर का रास्ता देखने के लिए आप लोग तैयार रहे।

## दिग्गज नेताओं ने आकर बढ़ाया सुल्तानपुर जिले का सियासी तापमान

**सुल्तानपुर।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के लिए 25 मई को जिले में मतदान होना है। इसको लेकर के भाजपा, सपा एवं बसपा के दिग्गज नेताओं ने जनसभा करके जिले की राजनीति के सियासी तापमान को बढ़ा दिया है। बताते चलें कि भाजपा की तरफ से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बसपा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने मतदाताओं को अपनी - अपनी पार्टी के लिए मतदान करने की अपील की एवं ढेर सारे वादे भी किए ।सभी पार्टी के नेताओं ने एक दूसरी पार्टियों के नेताओं पर तंज कैसे एवं आरोप भी मढ़े।

## अवैध चरस सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त 1.528 किलोग्राम नाजायज चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त नरेन्द्र कुमार उर्फ पन्ती पुत्र सतीशचन्द्र निवासी कन्हैया नगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को 1.528 किलोग्राम नाजायज चरस सहित मालगोदाम रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 338/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 योगेश गौतम, का0 1069 पवन कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

# संविधान बचाने के लिए राहुल गांधी का साथ देना जरूरी: डॉ. ओम प्रकाश

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** देश के युवाओं के हित को देखते हुए तथा देश के संविधान को बचाने के लिए राहुल गांधी का साथ देना सभी देश वासियों का कर्तव्य है।उक्त बातें पूर्व एम एल सी,वरिष्ठ होम्यो पैथिक चिकित्सक डा0ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बहुजन समाज पार्टी से त्याग पत्र देकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने के बाद पहली बार कांग्रेस कमेटी पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी ने उन्हें बहुत सम्मान दिया है,उन्हे एम एल सी,संगठन में कई जोन का जोनल कावार्डिनेटर,विधान सभा का टिकट भी दिया।वर्तमान में उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव के पद पर थे।भाजपा की केंद्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार के जनविरोधी कार्यो का पार्टी द्वारा विरोध न किए जाने से आहत होकर उन्होंने बसपा के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर राहुल गांधी जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर लिया।पूरा कांग्रेसी परिवार पूरी ताकत से गठबंधन के प्रत्याशी राम भुआल निषाद को जिताने का कार्य करेंगे।उन्होंने बताया कि शुरू में उनका पूरा परिवार कांग्रेसी था। आज उनकी घर वापसी हुई है। अब सभी लोग गठबंधन प्रत्याशी को जीतने का कार्य करेंगे।उक्त मौके पर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, पूर्व मुख्य मंत्री स्व0श्रीपति मिश्रा जी के पुत्र प्रमोद मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा जयसिंह पुर लक्ष्मी कांत मिश्रा, पार्टी प्रवक्ता अमोल बाजपेई, नगर अध्यक्ष शकील अंसारी, लाल पद्माकर सिंह, पवन मिश्रा कटांवा, तेज बहादुर पाठक, राहुल त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ला, पी सी सी हौंसिला भीम, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** बृहस्पतिवार को त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा अर्थात जन्म, ज्ञान प्राप्ति व देहावसान आज ही के दिन बैशाख पूर्णिमा/बुद्ध पूर्णिमा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम तथागत बु द्ध विहार निकट रेलवे फाटक राबर्ट्सगंज सोनभद्र में 8.00 बजे पूज्य भन्ते आनंद जी द्वारा त्रिशरण एवं पंचशील कराने के बाद सुबह 8.30 बजे सैकड़ो धम्मं बंधुओं के साथ धम्मं प्रभातफेरी/ शोभायात्रा तथागत बुद्ध विहार से प्रारम्भ होकर राबर्ट्सगंज नगर में मेन चौक होते हुए धर्मशाला चौराहा स से होते हुए चंडी होटल चौराहा से चंडी तिराहा से मन चौक से बढोली चौराहा से महिला थाना होते हुए धम्मं घोष व नारे के साथ ÷ गौतम बुद्ध का है पैगाम, मानव मानव एक समान। भारत की है जिससे शान, विजयी विश्व अशोक महान। घर घर अलख जगायेंगे, सबको बौद्ध बनाएंगे। जुलूस तथागत रेलवे बुद्ध विकार में पहुँचा जिसमे आयोजित बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए माता प्रसाद ने कहा कि बुद्ध का धम्मं एक ऐसा मार्ग है जो सर्व समाज को एक समान जीने का अधिकार देता है और मानवता को स्थापित करता है एवं भगवान बुद्ध के बताये गए मार्ग पर चलकर देश दुनिया मे व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा, व्यभिचार, अत्याचार का जो माहौल है उससे मुक्त किया जा सकता है। देश विदेश में सुरक्षा शांति का माहौल कायम हो सकता है एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए भगवान बुद्ध ने पंचशील रूपी रास्ता दिए जिसका पालन करके एक मनुष्य एक समाज शीलवान बनता है जिससे लोग सुखी व समृद्धि होते है लेकिन ज्योही हम पंचशील के रास्ते से दूर होते है तो शीलवान समाज से अश्लील समाज हो जाता है इसलिए समाज को हिंसा, नफरत, झूठ, चोरी, घूसखोरी, व्यभिचार, नशाखोरी व पर्यावरण असंतुलन जैसी महामारी से मुक्त करने के लिए बुद्ध का रास्ता अपनाना ही पड़ेगा। अध्यक्षता कर रहे शिव चरण यादव ने कहा कि बुद्ध अपने आपको मार्ग बताने वाला बताये आपको उनके रास्ते खुद चलना पड़ेगा तभी आपका मंगल होगा। खरपत्तू जी ने कहा कि बुद्ध का मार्ग बहुत सरल व लोक कल्याण का मार्ग है उसको अपनाकर ही हम अपना जीवन मंगल बना सकते है। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी नारायण पटेल ने सबका आभार व्यक्त किया द्य उपासक गण अनिल कुमार सिंह, सुनील कुमार , चंद्रेश कुमार, रमेश गुप्ता, गोपाल निराला, उमेश कुशवाहा, संतोष गौतम, उदय राज, राजकुमार बौद्ध, एड प्रदीप कुमार, एड उदय राज, बृजबिहारी,बलवंत सिंह अनिरुद्ध, निरंजन, शिवानन्द, पी के मौर्य, राजकुमार सोनकर,वीरेंद्र कुमार मौर्य इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जेपी नड्डा के आगमन को लेकर तैयारियां हुई तेज



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को सोनभद्र पहुंचेंगे। जेपी नड्डा राबर्ट्सगंज के हाईडिल मैदान में राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण गोंड के समर्थन में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। अध्यक्ष के आगमन को लेकर भाजपा से जुड़े लोग सक्रिय हो गए हैं। बृहस्पतिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे, काशी क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, इं रमेश पटेल जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी समेत अन्य नेता कड़ी धूप में कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहकर स्टेज, टेंट आदि का कार्य कराने में जुटे रहे।

# खनन इंस्पेक्टर के मनमाने चेकिंग से लोगो में दहशत, हो रहे हादसा

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** खनिज विभाग द्वारा गिट्टी लदे ट्रक का पिछा करते समय सवारियों से भरी टेम्पो पर चढी ट्रक,दबकर एक नवयुवक की मौके पर मौत हो गई भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा की खनन इंस्पेक्टर के मनमाने चेकिंग से लोगो में दहसत के कारण निर्दोष लड़का मर गया परमिट के बाद भी दौड़ाकर गाड़ी का चलान किया जा रहा।

राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मारकुंडी घाटी मे बुधवार की सायं खनिज विभाग के इंस्पेक्टर द्वारा गिट्टी लदी ट्रक को पकड़ने के लिए पिछा करते समय भाग रही ट्रक सवारियो से भरी टेम्पो पर चढ गयी। इस हादसे तत्काल टेम्पो पर सवार एक नवयुवक जो पन्नुगंज थाने का रहने वाला था ट्रक के पहिए चढ जाने से मौत हो गयी। इस घटना से ट्रक चालको एंव स्थानीय लोगो गहरा आक्रोश पनप गया है। धर्मवीर तिवारी ने जिलाधिकारी महोदय से खनिज विभाग द्वारा मनमाने रूप से ट्रक का पिछा कर चेकिंग अभियान तत्काल बंद कराने की मांग के साथ दोषी खनन इंस्पेक्टर पर गैर ईरादन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की गयी है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे मनमाना कर्मचारीयों के कारण सरकार बदनाम हो रही है। जबकि दूसरी ओर बिना परमिट के 9000 प्रति गाड़ी को खनन विभाग द्वारा पास कराया जा रहा है इस पूरे मामले की जाँच कराकर कड़ी कारवाही हो।

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी का आगमन आज



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण गोंड जी के समर्थन में एक विशाल जनसभा आयोजित कि गयी है। जनसभा 24 मई को हाइडिल मैदान राबर्ट्सगंज मे दोपहर 01.00 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

# वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** विंध्य क्लब द्वारा क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विभिन प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी कड़ी में विंध्य क्लब द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विभिन्न श्रेणीयों में आयोजित किया गया था, जिसमें पुरुष,महिला एवं बच्चें शामिल है। इस प्रतियोगिता में सभी को वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट से संबन्धित चीजें अपने-अपने घर से बनाकर जमा करना था, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य बेकार पड़ी चीजों को रियूज करना था। इस प्रतियोगिता में सभी श्रेणियों से कुल 18 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई, जिसमें पुरुष श्रेणी में अभिषेक कुमार कन्नोज को प्रथम, सुरेश प्रसाद को द्वितीय, एस नवीन रेड्डी को तृतीय एवं आशुतोष सिंह व विकास कुमार को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। महिला श्रेणी में लवली सिंह को प्रथम, सरोज प्रसाद को द्वितीय, रितु पाण्डेय को तृतीय एवं आकांक्षा चौधरी व डिम्पल सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वही बच्चों की श्रेणी में खनक सिंह को प्रथम, गौरी श्रीवास्तव को द्वितीय, अनुषा उपाध्याय को तृतीय एवं आरती सिंह व कृतिका मुकोपाध्याय को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुये। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जनरल सेक्रेटरी विंध्य क्लब श्री वेदप्रकाश एवं विंध्य क्लब के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उप निर्वाचन, 24 को निष्पक्ष तरीके से कराए संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन,2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में मतगणना कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर का किया गया रैण्डमाईजेशन। वही लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन,2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक जया लक्ष्मी की अध्यक्षता में मतगणना कार्मिकों के ड्यूटी का प्रथम रैण्डमाईजेशन किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान उपस्थित रहें। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 की मतगणना कार्मिकों के ड्यूटी का आज प्रथम रैंडमाईजेशन किया गया, लो0स0सा0नि0,2024 की मतगणना के लिए 76 पार्टियों का गठन किया गया है, जिसमें 56 पार्टियों द्वारा टेबल पर मतगणना का कार्य करेगी, 8 पार्टियां आर0ओ0 व ए0आर0ओ0 के टेबल पर कार्य करेंगी, और 12 पार्टियो कों रिजर्व में रखा गया है, जिनकी ड्यूटी आवश्यकतानुसार लगायी जायेगी। इसी प्रकार से विधान सभा उप निर्वाचन दुद्धी की मतगणना के लिए 19 पार्टियों का गठन किया गया है, जिसमें से 14 पार्टियां टेबल पर कार्य करेंगी, 2 पार्टियां आर0ओ0 व ए0आर0ओ0 के टेबल पर कार्य करेगी, जिसमें 3 पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है, जिनकी ड्यूटी आवश्यकता के अनुसार लगायी जायेगी। इसी प्रकार से माईक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु 120 क्रिटिकल पोलिंग सेन्टर हेतु, 131 माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रैण्डमाईजेशन सम्पन्न किया गया, जिसमें से 11 माइक्रो आब्जर्वर को रिजर्व में रखा गया है। माईक्रो आब्जर्वर को विधान सभा आवंटित कर दिया गया है, जिनका प्रशिक्षण 27 मई,2024 को पूर्वान्ह 09.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में कराया जायेगा।

# दबंग ने झोंका फायर बाल-बाल बचे परिवारजन

अवधनामा संवाददाता

**राठ।** क्षेत्र के पड़रा गांव में आधा दर्जन से अधिक लोगो ने घर मे घुसकर राजीनामा का दबाव बनाया परिजनों के मना करने पर दबंगो ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा विरोध करनें पर अवैध असलहों से लैस एक व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से सामने फायर झोंक दिया जो दरवाजे को भेदता हुआ दीवार में जा घुसा। जिसमें परिवारजन बाल बाल बच गए। थाने में तहरीर देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के पड़रा गांव निवासी बृजकिशोर पुत्र रामकिशन ने तहरीर देते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व राघवेंद्र यादव पुत्र छोटे लाल ने झगड़े के दौरान मारपीट की थी जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों सहित घर पर था तभी दोपहर 12 बजे के लभगभ गांव निवासी अरविंद अनुरागी पुत्र मुरलीधर , अतेंद्र परिहार पुत्र कल्याण सिंह , संजू पुत्र अज्ञात निवासी गल्हिया व आधा दर्जन अन्य अज्ञात लोग मुह में कपड़ा लगाए और हाथों में अवैध असलाह लिये घर मे घुस आये और उक्त मुकदमे में राजीनामा करने का दवाब बनाने लगे। मना करने पर गाली गलौच करते हुए जाती सूचक गालियां देने लगे। दबंगो के द्वारा जान से मारने की नियत से एक फायर झोंक दिया जो दरवाजे को चीरता हुआ दीवार में जा घुसा और बृजकिशोर सहित परिवारीजन बाल बाल बच गए। बताते चले कि दबंगो द्वारा फायर किए खोखे का वीडियो और गालियों देता ऑडियो मोजूद है। आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त दबंग पर कई मुकदमे दर्ज है। राजनीतिक पकड़ होने पर कानून के साथ खेलता है थाने आदि से सिफारिश के तहत छूट जाता है जिससे दबंगो को हौसले बुलंद है। वही बीते सप्ताह पूर्व उक्त दबंग का एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमे संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को जाति सूचक गालियां दे रहा था साथ ही एक परिवार के लोगो को जिंदा जलाकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस सम्बन्ध में जब कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह से दूरभाष द्वारा पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध है जिस की जांच की जा रही है जांच उपरान्त सच्चाई का पता चले सकेगा।

# मौदहा में उर्सों का सिलसिला होनें जा रहा है शुरू

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** बुण्देलखण्ड का सब से नामी-गिरामी कस्बा मौदहा जहाँ एक दो नही दर्जनों बुजुर्गो की आराम गाहें हैं जहाँ हर साल अकीदत मन्द बड़ी संख्या में उर्स मनाते है इस हफ्ते कस्बे हजरत दीवान सईद बाबा व हजरत सय्यद बाबा के सालाना उर्स मनाए जाएंगे जिनके कार्यक्रम भी लगभग एक साथ ही आयोजित किए जाने हैं। कस्बे के स्टेशन रोड स्थित हजरत सय्यद बाबा का 39वां सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी 28,29,30 मई को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मजार पर कुरआन ख्वानी, लंगर, चादर पोशी और कव्वालियों के साथ ही कुल के फातिहा के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उर्स कमेटी के अध्यक्ष इददू पहलवान ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्रामों में शामिल होने की अपील की है।वहीं कस्बे के मोहल्ला बाघू स्थित हजरत दीवान सईद बाबा का सालाना उर्स 29,30,31 मई को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मीलाद, कव्वाली, चादरपोशी, लंगर सहित कुल की महफिल के प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।कमेटी की ओर से इश्तहार जारी कर अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्रामों मे हिस्सा लेने की अपील की गई है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने में मां बेटे को 7 वर्ष का करावास

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के धर्मेश्वर बाबा मुहल्ले में 15 वर्ष पूर्व बहू को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले सास और उसके पति यानि मां और बेटे को न्यायालय द्वारा 7 वर्ष का कठोर करावास तथा 5 हजार अर्थ दण्ड की सजा सुनाई गई है, सजा पाने वाले दो अभियुक्तों में एक अभियुक्त मृतका बहू की सास स्वर्ग सिधार चुकी है अब बेटे को ही सजा काटनी होगी। 15 वर्ष पूर्व रीता सोनकर पत्नी राजेश उर्फ राजू सोनकर की आग से जलकर मौत हो गई थी, वादी द्वारा धारा 306 के तहत थाना सुमेरपुर में मृतका के पति राजेश उर्फ राजू पुत्र गया प्रसाद सोनकर और सास सुमित्रा पत्नी गया प्रसाद निवासी धर्मेश्वर बाबा कस्बा व थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर के विरुद्ध 15 जून 2009 को अभियोग पंजीकृत किया गया था, अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप दोषसिद्ध पाते हुये को 07 वर्ष के कठोर कारावास और 5,000रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# शौचालय की छत से गिरी ट्रैक्टर चालक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।**अपने मित्र के साथ उसकी ससुराल आया ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में सोते समय पंचायत भवन के शौचालय की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम उजनेड़ी निवासी कामता पाल (28) पुत्र रतनपाल अपने मित्र भैंसता निवासी तेज प्रताप वर्मा उर्फ तेजा के साथ उसकी ससुराल भैंसता निवासी लल्लूराम पुत्र रामसनेही के यहां पर बीती रात आए थे चूंकि दोनों लोग ट्रैक्टर चालक हैं इसलिए काम कराने के चलते आए हुए थे और रात में खाना खाने के बाद नशा कर गांव के पंचायत भवन की छत पर सो रहा था।तभी सम्भवतः रात में पेशाब करने के लिए उठा होगा और संतुलन बिगड़ जाने के कारण गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने ट्रैक्टर चालक को मृत घोषित कर दिया।अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। मृतक ट्रैक्टर चलाकर परिवार चलाने का काम करता था जो अपने पीछे पत्नी सहित दो मासूम बच्चे छोड़ गया है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रो कर बुरा हाल है।

## दिनेश का भारतीय जन संचार संस्थान आईआईएमसी में चयन



**कुरारा-हमीरपुर।** क्षेत्र के पतारा गांव के छात्र दिनेश कुशवाहा का भारतीय जन संचार संस्थान आईआईएमसी में हुआ चयन, परिवार व गांव में खुशी का माहौल एशिया समेत विश्व का सबसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान भारतीय जन संचार संस्थान आईआईएमसी में कुरारा क्षेत्र के पतारा गांव के छात्र दिनेश कुशवाहा का चयन हुआ है जिससे परिजनों और आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है , दिनेश कुशवाहा उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव के निवासी हैं , माँ सब्जी की दुकान चलाती है और पिता ई रिक्शा चलाते हैं , दिनेश कुशवाहा बताते हैं कि बनारस में रहकर इस संस्थान में चयन होने के लिए पूरे एक साल तक उन्होंने तैयारी की जिसमें उनके माता-पिता का पूरा सहयोग रहा, बताया कि भारतीय जनसंचार संस्थान आईआईएमसी सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित है जो विश्व भर में दिग्गज पत्रकार देने के लिए जाना जाता है।

## असलहाधारी दबंगों का उत्पात

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढा में एक युवक को तीन युवकों ने जमकर मारपीटा, चाचा के लड़के ने इसका विरोध किया तो असलहे से लैस युवक उसके घर में घुस कर उसके साथ भी मारपीट करके घायल कर दिया, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है, टेढ़ा निवासी रणविजय सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि 22मई को पड़ोस के कल्लू, बल्लू, और अनमोल पुत्रगण राजाभइया सिंह उसके चचेरे भाई पुत्र भोला सिंह को मार रहे थे तो इसका विरोध करते हुए उसने मारपीट का कारण पूछा तो सभी एकराय होकर असलहे के साथ उसके घर के अन्दर घुस आए और उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया, पीड़ित ने पुलिस से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है, वही इस मामले में पुलिस का कहना है कि मौके पर जाकर जांच करने पर ज्ञात हुआ कि रणविजय सिंह व उसके चाचा का लड़का भोला पुत्र रंजीत सिंह शराब पीकर विपक्षी कल्लू, बल्लू और अनमोल पुत्रगण राजा भइया के दरवाजे पर गाली दे रहे थे।

# शीशम का पेड़ काटने का मामला दर्ज, ट्रैक्टर सीज

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी के सहयोग से शीशम का पेड़ काटने का मामला सामने आने के बाद पहुंची वनविभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली सीज कर मामला दर्ज किया है हालांकि चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया है। बीते दो दिन पहले वन विभाग मौदहा को सूचना मिली थी कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी आफताब अपनी दबंगई के बल पर शीशम का पेड़ कटवा रहा है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर मौके से फरार हो गया जिसे वनविभाग की टीम ने सीज कर दिया।और वन संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।इस सम्बंध में वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि उन्हें शीशम का पेड़ काटने की सूचना मिली थी जिसपर पहुंच कर ट्रैक्टर ट्राली सीज की गई है और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# दो सौ लीटर वाला वाटर कूलर लगाया गया



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** नगर के समाजसेवी द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्थानियो एवं राहगीरो को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने हेतु दो सौ लीटर वाले वाटर कूलर की स्थापना कर सुविधा प्रदान किया है।

गुरूवार को डाला नगर के समाज सेवी राज कुमार जैन एवं इश्वर चन्द जैन ने विधिवत पूजन कर वाटर कूलर की स्थापना कर आम नागरिकों व राहगीरों हेतु सुविधा उपलब्ध करवाई गई वहीं मुख्य अतिथि डाला सीमेन्ट फैक्ट्री के मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि एड़मिन हेड़ सुरक्षा एवं प्रशासन बन्ने सिंह राठौर ने नारियल तोड़ा गया। मुख्यअतिथि ने कहा कि यह वाटर कूलर इस प्रचंड गर्मी में नगरवासियो समेत राहगीरो के लिए जीवनदायनी साबित होगा। जिसकी लोगो को बहुत ही आवश्यकता थी।उन्होने समाज सेवी राज कुमार जैन के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद के साथ और प्रशंसा की। डाला ब्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि दो सौ लीटर का यह वाटर कूलर केवल पानी ही नहीं,यह शुद्ध एवं शीतल पेयजल भी प्रदान करेगा जो इस प्रचंड गर्मी में इसका लाभ सभी लोग उठा सकेगें। यह वाटर कूलर डाला बाजार के बीचो बीच पुलिस चौकी के समीप हनुमान मंदिर के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के किनारे लगा है।जिसका लाभ दूर-दराज आने जाने वाले यात्री भी ले सकेगें इस अवसर पर दिनेश जैन, संजय मित्तल, मंगल जायसवाल, रिशु जायसवाल, अरूण सिंह, अन्नू गुप्ता सर्वेश पटेल विकास जैन गुड्डू पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# आसमान से बरस ही है आग, लोग हुए बेहाल

**लू लगने का बहुत अधिक है खतरा, धूप से बचें**

हिफजुर्रहमान (अवधनामा संवाददाता)

**हमीरपुर।** बुन्देलखण्ड के मौसम के बारे में कहा जाता है कि यहां का हर मौसम बहुत ही सख्त होता है चाहे गर्मी हो या फिर जाड़ा दोनों मौसम आसान नही होते है और जब बारिश होती है तो भी कायम बरपा करती है इसलिए दूसरे इलाके के लोग कहते है कि बुंदेलखंड के मौसमों को केवल बुन्देलखण्ड खंडी ही झेल सकते है अब आज कल गर्मी का मौसम है जो लगभग देश के हर उस इलाके में आग बरसा रहा है जहाँ जहाँ गर्मी पड़ती है उन गर्म इलाकों में से एक हमीरपुर जनपद भी है जहाँ इन दिनों ऐसा महसूस हो रहा है जैसे आसमान से आग बरस रही हो और यह ऐसा भी नही है कि इसी साल हो रहा है लगभग हर वर्ष मई-जून का मौसम बुन्देलखण्ड में बहुत ही भीषण रूप लेलेता है लोग डरते रहते और चलते भी रहते है क्योंकि जरूरतों का पहाड़ रुकने ही नही देता है भले ही मौसम कैसा भी क्यो न हो? बस जरूर होता है कि एहतियात के साथ मौसम के मिजाज के अनुसार खुद को ढाल के रखा जाए। आजकल जब ताप मान 43-45 के बीच मे झूल रहा है जिसने लोगों को हाल-बेहाल कर दिया है। दोपहर को तो ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो। सड़के लोगों से खाली हो जाती हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैं।बिना जरूरत के कोई कहीं आजाता भी नही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। इस बार गर्मी ने पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आने वाले दिनों में दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखनें को मिल सकती है। बीते रविवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया था।भीषण गर्मी व तेज धूप के साथ लू भी अपने जलवा बिखेर रही है जो बहुत ही घातक साबित हो सकती है। यह सख्त मौसम में बच्चों व बुजुर्गो के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा।

### लू लगने का बहुत अधिक है खतरा,धूप से बचें

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉक्टर आरएस प्रजापति ने बताया कि गर्मी में दोपहर के समय खासकर 12 से 4 तक तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है।तेज गर्मी में धूप के सीधे संपर्क में आने से लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।ऐसे मौसम में अगर सावधानी से कम लिया जाए तो बीमारियों से बचा जा सकता है।

### लू लगने के लक्षण व बचाव

लू लगने के लक्षणों में उल्टी दस्त,शरीर तेज गर्म होना, आंखों का रंग पीलापन व पेशाब पीला आना प्रमुख कारण है। इस दौरान भूख कम लगती है और शरीर में कमजोरी आ जाती है। इससे बचने के लिए दोपहर के समय घर से बाहर न जाए। जरूरी हो तो शरीर को ढककर ही बाहर निकले। कहीं भी जाते समय पानी की बोतल अवश्य अपने साथ रखें। शरीर में पानी की कमी होने पर ओआरएस के घोल, लस्सी, नारियल पानी, खीरा व तरबूज का सेवन करें।

**मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रपाड़ा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बैजयंत जय पांडा को जिताने की अपील की**

# मोदी राशन भेजते हैं और पटनायक सरकार उस पर अपना नाम चस्पा कर लेती है: योगी



- बैजयंत पांडा ओडिशा के स्वाभिमान-सम्मान के प्रतीक हैं तो नवीन बाबू यहां की अस्मिता से खिलवाड़ करते हैं: मुख्यमंत्री
- प्रशासनिक तंत्र शासन को चलाने लगता है कि बढ़ती है अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तानाशाही
- यूपी है रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है, वहां की 25 करोड़ आबादी रही खुशहाल जीवन: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**केंद्रपाड़ा (ओडिशा)/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार पर बरसे। उन्होंने बीजद सरकार पर आरोप लगाया। बोले कि भारत 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहा है। मोदी राशन भेजते हैं और नवीन पटनायक के नौकरशाह उस पर अपना नाम चस्पा करते हैं। पैसा दिल्ली से आता है, लेकिन यहां की सरकार गुमराह करती है। आयुष्मान भारत की सुविधा नवीन पटनायक सरकार ने शुरू नहीं होने दी, क्योंकि मोदी ने डीबीटी के माध्यम से गरीबों के खाते में सीधे पैसा देना शुरू किया है और इन्हें लगता है कि इसे लागू करने से कमीशनराशि बंद हो जाएगी। इस आयु में भी नवीन पटनायक ओडिशा की अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। लैंड-सैंड, कोल, माइनिंग माफिया को प्रश्रय देकर ओडिशा के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है और संसाधनों को लुटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने ओडिशा में दूसरी रैली केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर की और यहां से भाजपा प्रत्याशी बैजयंत जय पांडा को संसद में भेजने का आह्वान किया। योगी आदित्यनथ ने केंद्रपाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीतांजलि सेठी, महांगा से सुमंत कुमार घड़ेई, सलीपुर से अरिंदम रॉय, राजनगर से ललित बेहरा, ओल से कृष्ण चंद्र पांडा, महाकालपद से दुर्गा प्रसन्न नायक, पटकुरा से तेजेश्वर परीदा को कमल के फूल पर जिताने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में यदि प्रशासनिक तंत्र शासन को चलाने लगता है कि अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, तानाशाही बढ़ती है। गरीबों का शोषण होता है और माफियाराज पनपता है। 20-25 वर्षों में प्रशासनिक तंत्र ने सरकार को घेरे में लेकर ओड़िसा के लोगों को विकास की पटरी से 50 साल पीछे भेज दिया है।

## एलयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देवर्षि नारद जयन्ती (ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया) के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में गुरुवार शाम को देवर्षि नारद जी की वेदसम्मत नीतियाँ और वर्तमान भारतीय पत्रकारिता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख (पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र) सुभाष जी ने कहा, पत्रकारिता में सुंदरता और दिव्यता होनी चाहिये। सुंदरता तो लाई जा सकती है लेकिन दिव्यता के लिये सत्यता का अन्वेषण करते हुये उसे पूर्णता देना होगा। देवर्षि नारद ने अपने यही सीख दी है। पौराणिक कथाओं का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि उन्होंने ऋषि वाल्मीकि से चर्चा किया तो रामायण की रचना हो गयी। उन्होंने अपनी वीणा की धुन से संतुलन और समन्वयता का संदेश दिया है जो वर्तमान परिदृश्य में हो रही पत्रकारिता में स्वीकार करने के लिये अति आवश्यक है। नारदजी का जीवन लोकमंगल के लिये है।

# प्रधानमंत्री आवास का आवंटन पत्र शुरू

- 100 से अधिक विस्थापितों को आवंटन पत्र प्राप्त कराया गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास का आवंटन पत्र गुरुवार से शुरू हुआ। प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा की मौजूदगी में अधिकारियों ने विस्थापितों को आवंटन पत्र वितरित किये। पहले दिन 100 से अधिक विस्थापितों को आवंटन पत्र प्राप्त कराया गया। लविप्रा अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को भी विस्थापितों को आवंटन पत्र वितरित किया जाएगा। अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों के लिए पहले चरण में कुल 928 पात्र व्यक्तियों का आवंटन पत्र तैयार किये गये। गुरुवार को आवंटन पत्र तैयार करने के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने आवंटन पत्र वितरित करना शुरू किया और शाम तक 100 से अधिक विस्थापितों को आवंटन पत्र प्राप्त कराए। आवंटन पत्र वितरण के लिए जोन-5 के अधिशासी अभियंता राजकुमार व जोन-6 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सहायक अभियंताओं, अवर अभियंताओं, सुपरवाइजर, मेट व अनुचर की टीम गठित की गयी है। टीम ने अकबरनगर में पात्र व्यक्तियों को आवंटन पत्र प्राप्त कराया। वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं आवंटन सूचना पत्र अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि विस्थापितों की सहूलियत के लिए आवंटन सूचना पत्र प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। इसके लिए वेबसाइट www.ldaonline.co.in पर प्रधानमंत्री आवास योजना सूचना पत्र अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय के लिंक पर क्लिक करें। पेज खुलने पर अपना आधार नम्बर डाल कर सब्मिट करें और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर व ओटीपी डाल कर सब्मिट बटन पर क्लिक करें। नये पेज पर आवंटी का नाम, पता, मोबाइल नम्बर व अन्य विवरण मिलेगा और दाहिनीं तरफ डाउनलोड पर क्लिक पर आवंटन पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।

## पूर्व अध्यक्ष के निधन पर किया शोक व्यक्त

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रमोद तिवारी व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने पूर्व विधायक एवं प्रतापगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताद्वय ने कहा कि स्वर्गीय हरिप्रताप सिंह सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनका पूरा जीवन समाज के पिछड़े तबके के लोगों के लिए समर्पित रहा। उनके जीवन के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके निधन से गरीबों का एक सच्चा हितैषी और शुभचिन्तक हमेशा के लिए चला गया है। नेताद्वय ने स्वर्गीय सिंह की आत्मा को शांति और उनके परिजनों व शुभचिन्तकों व समर्थकों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की।

# भारत में उच्च शिक्षा पर ईपीएसआई गोलमेज चर्चा

- इंजीनियरिंग के शिक्षण संस्थानों की राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका है: एआईसीटीई प्रमुख
- कोर इंजीनियरिंग छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति

अवधनामा ब्यूरो




**चेन्नई/लखनऊ।** एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम ने कहा कि इंजीनियरिंग के शैक्षणिक संस्थानों की राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में बड़ी भूमिका है। वह आज चेन्नई के पास कट्टनकुलथुर में एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर में भारत में उच्च शिक्षा: एनईपी कार्यान्वयन के संदर्भ में अवसर और चुनौतियां विषय पर एक गोलमेज चर्चा के उद्घाटन पर बोल रहे थे।

यह कार्यक्रम एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) के सहयोग से एजुकेशन प्रमोशन सोसाइटी फॉर इंडिया (ईपीएसआई) द्वारा आयोजित किया गया था। इंजीनियरिंग के लिए बहुत सारे एआईसीटीई अनुमोदित शैक्षणिक संस्थान हैं और वे हर साल 1.4 मिलियन से अधिक छात्रों को स्नातक करते हैं। इन छात्रों ने भारत को हमेशा आगे बढ़ाया है।

सुप्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष उद्यम चंद्रयान की ओर इशारा करते हुए प्रोफेसर सीतारम ने कहा कि इसमें इन इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थानों से आने वाले छात्रों का प्रमुख योगदान था।

भारत में पैदा हुई इंजीनियरिंग प्रतिभा ने दुनिया भर में अपना लोहा मनवाया है, सफलता का स्वाद चखा है। यह बहुत गर्व की बात है कि इस देश के इंजीनियरों ने विदेशी तटों पर स्थित सबसे लोकप्रिय कंपनियों में अपना कदम रखा है। हमारी प्रतिभा विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हो गई है, हमने बहुत कुछ हासिल किया है, इसे अगले स्तर पर ले जाना है और एनईपी की इसमें प्रमुख भूमिका है।

शोध प्रकाशन प्रकाशित करने में हम तीसरा सबसे बड़ा देश हैं। उन्होंने कहा, पेटेंट उत्पादन में हमारी स्थिति वही है। इसे अगले स्तर पर ले जाना होगा।

कोर इंजीनियरिंग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि वे जल्द ही छात्रों को कोर इंजीनियरिंग विषयों की ओर आकर्षित करने के लिए लगभग 5000 छात्रवृत्तियां लाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि एनईपी में कई बारीकियां हैं और इसे लागू करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि नीति के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ आना चाहिए।

## प्रवास कार्यक्रम

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार 24 मई को कुशीनगर, बलिया और सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। जगत प्रकाश नड्डा दोपहर 01 बजे किसान इंटर कॉलेज साखोपार, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 02:50 बजे जियर स्वामी यज्ञ स्थल जनाड़ी, दुबहड़, बलिया में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके पश्चात् सायं 4 बजे हाईडिल मैदान राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी शुक्रवार 24 मई 2024, को बलिया और सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 02:50 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ जियर स्वामी यज्ञ स्थल दुबहड़ तथा सायं 04 बजे हाईडिल मैदान, राबर्ट्सगंज में आयोजित जनसभा में सम्मिलित होगें।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार 24 मई को देवरिया और मऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11:30 बजे सेंटपाल पब्लिक स्कूल, सलेमपुर, देवरिया में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा रात्रि 8 बजे केन्द्रीय चुनाव कार्यालय विजय प्लाजा मऊ में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा शुक्रवार 24 मई को मिर्जापुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह शुक्रवार 24 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। धर्मपाल सिंह राबर्ट्सगंज विधानसभा में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री राकेश संचान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश संचान शुक्रवार 24 मई को चंदौली में जनसम्पर्क करेंगें।

### मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय शुक्रवार 24 मई को बलिया में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह शुक्रवार 24 मई को महाराजगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार 24 मई 2024, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, व गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10:45 बजे जयपुरिया इंटर कॉलेज, फरेन्दा, महराजगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सुबह 11:55 बजे किसान इंटर कॉलेज, साखोपार, कुशीनगर में आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ जनसभा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:30 बजे नौतप्पी इंटर कॉलेज, गढ़रामपुर, पथरदेवा, देवरिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02:40 बजे बाबा राघवदास डि.का. मैदान, बरहज, देवरिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 03:55 बजे विष्णुपुरी मंदिर का मैदान, पिपराइच, गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# यूपी में बदमाशों के हौसले पस्त: राजनाथ

- वन नेशन वन इलेक्शन का लिया है फैसला
- अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें से पांचवें स्थान पर आया भारत
- आठ वर्ष के अंदर 25 करोड़ लोगों को निकाला गरीबी रेखा से बाहर



अवधनामा ब्यूरो

**आजमगढ़/लखनऊ।** आजमगढ़ में रक्षामंत्री ने भरी हुंकार, बोले- यूपी में गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह पस्त मैं पूरे देश में भ्रमण करने के बाद और सार्वजनिक जनसभाओं को संबोधित करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि मोदी की 400 पार की सरकार बनानी है। जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है तो उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश बन गया है। योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार चलाई है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। यहां पर गुंडे बदमाशों के हौसले पूरी तरह से पस्त हो चुके हैं। किसी गुंडे बदमाश की हिम्मत नहीं है कि अपने सीने की बटन खोलकर उत्तर प्रदेश की सड़कों पर चल सके। उक्त बातें गुरुवार को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मेहियापार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि हम भारत की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं तो उसमें सबसे अधिक योगदान उत्तर प्रदेश का होने जा रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में मैं जो माहौल देख रहा हूं, उससे मेरा विश्वास पक्का हो गया है कि पंजा आपका साथ छोड़ चुका है, साइकिल की चैन उतर चुकी है और हाथी पस्त हो चुका है। 80 की 80 सीटों पर भाजपा उत्तर प्रदेश में अपनी विजय पताका फहरा रही है। रक्षमंत्री ने कहा कि देश में हर दो साल पर चुनाव होते रहते हैं, जिससे काफी आर्थिक क्षति होती है, जिसे देखते हुए हमारी पार्टी ने फैसला किया है कि अब यह बार-बार चुनाव होने का फैसला बंद होना चाहिए। वन नेशन वन इलेक्शन होना चाहिए। यह फैसला हम लोगों ने किया है।

रक्षामंत्री ने कहा कि 140 करोड़ की जनसंख्या हमारी हो चुकी है। 2004 में हमारी जनसंख्या कुछ कम थी फिर भी सवा सौ करोड़ की जनसंख्या थी। उसके बाद भी हमारा देश धन दौलत के मामले में 11वें स्थान पर खड़ा था। आज सात से आठ वर्ष बीतने के बाद यह दुनिया के पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यह मैं नहीं कह रहा हूं दुनिया की सारी वित्तीय संस्थाएं, दुनिया की सारी फाइनेंशियल फर्म्स, दुनिया के बड़े-बड़े अर्थशास्त्री दावा कर रहे हैं। सारी दुनिया का यह विश्वास पक्का हो गया है कि आज के ढाई तीन साल बाद यानी 2027 आते-आते अर्थव्यवस्था के मामले में टॉप थ्री कंट्रीज में खड़ा हो जाएगा। जिसमें एक अमेरिका होगा, दूसरा चीन होगा और तीसरा यदि कोई होगा तो भारत होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को आठ वर्ष के अंदर गरीबी रेखा से बाहर करने में हमने कामयाबी हासिल की है। यह हमारा नीति आयोग नहीं कर रहा है अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं, फाइनेंशियल फर्म्स यह दावा कर रही हैं। उनका तो यह मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था जितनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि आज के 10 से 15 वर्षों के बाद भारत में गरीबी नाम की कोई चीज शेष नहीं बचेगी।

**भारत बोलता है पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है**

मैं आज से नहीं लगभग 26 से 27 सालों से दुनिया के दूसरे देशों में जाता हूं। अंतरराष्ट्रीय मंचों से मुझे बोलने का अवसर प्राप्त हुआ है। पहले हम लोग दुनिया के मंचों पर कुछ बोलते थे तो हमारी बातों को जितनी गंभीरता से लेना चाहिए, दुनिया के अन्य देश नहीं लेते थे। सोचते थे भारत तो गरीबों का देश है, भारत कमजोर देश है। भारत का कोई प्रतिनिधि बोल रहा है तो सुने ना सुने कोई फर्क नहीं पड़ता है। मैंने देखा है कि भारत का कोई प्रतिनिधि पहले जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोलने के लिए खड़ा होता था तो 100 में से 30 40 बाहर चले जाते थे, चलो चाय पी कर आते हैं। लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है।

# PSIFS में छात्रों का स्वर्णिम भविष्य

- ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन मे PSIFS पंजीकृत
- लॉ और फोरेंसिक साइंस को इंटीग्रेट कर दोनों आयामों को एक प्लेटफार्म पर स्थापित किया गया है: डॉ. जी.के. गोस्वामी
- टैगलाइन "LAW WITH LABS" न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपनी महत्ता को साबित करेगी: डॉ. गोस्वामी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में छात्रों के स्वर्णिम भविष्य के दृष्टिगत शैक्षणिक गतिविधियों को विभिन्न संस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी है।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन मे यूपीएस आईएफएस का पंजीकरण हो गया है जो बी-टेक एवं एम-टेक के छात्रों के लिए शैक्षणिक स्तर पर मिल का पत्थर साबित होगा। हमारे संस्थान PSIFS में एडमिशन की प्रक्रिया प्रचलित है। शैक्षणिक कार्यों को प्रारंभ हुए अभी मात्र 8-9 महीने ही हुए हैं लेकिन हमने शैक्षणिक गतिविधियों को काफी विस्तार दिया है। बताया कि 16 अगस्त 2023 को हमने अपने प्रथम शैक्षणिक सत्र की शुरूआत किया था इतने कम समय में हमने शैक्षणिक दिशा मैं अच्छी सफलता हासिल की है।

डॉ0 गोस्वामी ने यह भी बताया कि लॉ और फोरेंसिक को इंटीग्रेट किया गया है यह इन दोनों आयामों को एक प्लेटफार्म पर स्थापित करके दोनों के क्लास चलाए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हमने अपनी एक टैगलाइन " LAW WITH LABS " को बनाया है। न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण करने में फॉरेंसिक साइंस और लॉ दोनों एक दूसरे के पूरक हैं हमारी टैगलाइन " LAW WITH LABS " न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपनी महत्ता को साबित करेगी। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल आफ इंडिया में भी हमारी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रचलित है जो यथाशीघ्र पूर्ण हो जाएगा।

# 2.75 प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की घोषणा

अवधनामा ब्यूरो

- पावरग्रिड ने FY24 के लिए 15,573 करोड़ का कर पश्चात लाभ (PAT) और 46,913 करोड़ की कुल आय दर्ज की

**नई दिल्ली/लखनऊ।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने QyFY24 और FY24 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। QyFY24 के लिए कंपनी ने स्टैंडअलोन आधार पर 4128 करोड़ का कर पश्चात लाभ और ?12254 करोड़ की कुल आय दर्ज की। जबकि समेकित आधार पर, कंपनी ने 4166 करोड़ का कर पश्चात लाभ और 12305 करोड़ की कुल आय दर्ज की है। FY24 के लिए कंपनी ने स्टैंडअलोन आधार पर 15475 करोड़ का कर पश्चात लाभ (जिसमें बंद किए गए परिचालन शामिल हैं) और 46215 करोड़ की कुल आय दर्ज की है। समेकित आधार पर कंपनी ने 15573 करोड़ का कर पश्चात लाभ और 46913 करोड़ की कुल आय दर्ज़ किया है।

कंपनी ने FY24 के लिए पहले से भुगतान किए गए 8.5/- प्रति शेयर के पहले और दूसरे अंतरिम लाभांश के अलावा 27.50 प्रतिशत (2.75 प्रति शेयर प्रत्येक 10/- के अंकित मूल्य पर) के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है। इस प्रकार वर्ष के लिए कुल लाभांश 11.25 प्रति शेयर रहा जो पिछले वर्ष के अंतिम लाभांश की तुलना में 1.69 प्रतिशत अधिक है, बोनस इश्यू से समायोजित। FY24 में, कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों के साथ 19,720 MVA ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता, 6 सब-स्टेशन और 4,036 ckm ट्रांसमिशन लाइन जोड़ी हैं। पावरग्रिड ने अपनी 5 टीबीसीबी सहायक कंपनियों यानी पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड बीकानेर ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड, पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड, पावरग्रिड गोमती यमुना ट्रांसमिशन लिमिटेड और पावरग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड को सफलतापूर्वक कमीशन कर लिया है। कंपनी ने FY24 के दौरान समेकित आधार पर 12,500 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया और 7618 करोड़ (FERV को छोड़कर) की परिसंपत्तियों को पूंजीकृत किया। समेकित आधार पर 31 मार्च, 2023 तक पावरग्रिड की सकल अचल परिसंपत्ति 275991करोड़ थी। FY24 में, टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, पावरग्रिड को 26,872 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ 10 आईएसटीएस टीबीसीबी सहायक कंपनियों को अधिग्रहित किया है। QxFY24 के अंत तक पावरग्रिड और उसकी सहायक कंपनियों की कुल ट्रांसमिशन परिसंपत्ति में 1,77,699 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइनें, 278 सब-स्टेशन और 5,27,446 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता सम्मिलित थी। पावरग्रिड ने वित्त वर्ष 24 के दौरान औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता 99.85 प्रतिशत बनाए रखी।

# केशव मौर्य ने ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का किया स्वागत



- आज कांग्रेस की काली सच्चाई देश की जनता के सामने

अवधनामा ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को प्रयागराज में कोलकाता हाईकोर्ट के द्वारा पांच लाख अंसवैधानिक रूप से 2010 से लेकर 2024 तक बनाए गए ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के फैसले का स्वागत किया। कहा कि पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जो बयान दिया है वह एक घटिया तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित है, जिसकी जितनी निंदा की जाये वह कम है। श्री मौर्य ने कहा कि आज कांग्रेस की काली सच्चाई देश की जनता के सामने आ गई है। कांग्रेस ने 40 साल तक ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता नहीं दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का कार्य किया। आगे कहा कि कांग्रेस ने अपने शासित राज्यों में दलितों ,पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देने का पाप किया और आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस ऐसा करने के कई बार प्रयास कर चुकी है और कर्नाटक में तो दिया भी जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों तक देश के गरीब दलित पिछड़े आदिवासी एवं महिलाओं के साथ अन्याय करती रही है और अब स्वयं शहजादे ने भी इस बात की मोहर लगा दी है।

# ईरान के राष्ट्रपति व अन्य लोगों की आकस्मिक मृत्यु अत्यंत दुखद: डॉ. अम्मार रिज़वी

- ऑल इंडिया मायनारिटीज़ फ़ोरम द्वारा आयोजित शोकसभा में ईरानी राजदूत को शोक प्रस्ताव भेजा गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इंडिया माइनॉरिटी फोरम फॉर डेमोक्रेसी की एक आपातकालीन शोक बैठक उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी की अध्यक्षता में लखनऊ में फोरम के पार्क रोड कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रतिभागियों ने इस बड़ी त्रासदी पर दुख जताया और संवेदना व्यक्त की। डॉ. रिज़वी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हेलीकॉप्टर में मारे गए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री डॉ. हुसैन अमीर साहब, सैयद मोहम्मद अली हाशमी साहब, डॉ. मलिक रहमती साहब और अन्य लोगों की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ। डॉ. रिजवी ने कहा कि भारत-ईरान के रिश्ते सदियों पुराने हैं। दोनों देशों के बीच प्राचीन मैत्रीपूर्ण संबंधों के साथ-साथ धार्मिक मामलों, विशेषकर शिया धार्मिक मान्यताओं में भी समानताएं हैं। इसी वजह से यहां के लोगों का ईरान से गहरा रिश्ता है, इस दुखद खबर से हर भारतीय का दिल दुखी है। आज भारत में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका हुआ है। डॉ. रिज़वी ने कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी एक दूरदर्शी नेता थे और अपने देश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत थे। यह दुर्घटना जिसमें ईरान के इतने बड़े नेताओं की मौत हो गई, इस देश के लिए एक अपूरणीय त्रासदी है। अल्पसंख्यक मंच के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने डॉ. रिज़वी से अनुरोध किया कि वे मंच की ओर से भारत में ईरानी राजदूत को एक शोक प्रस्ताव भेजें, जिसमें भारत के सभी धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग इस गंभीर घड़ी में ईरान सरकार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करें। जिसे डॉ. रिजवी ने अनुमोदित कर भेजने के निर्देश दिए। बैठक में ईश्वर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के लिए सूरह फातिहा पढ़ी गई और शोक संतप्त लोगों को धैर्य प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में डॉ. हारून रिजवी, डॉ. इरम रिजवी, मिर्जा असलम बेग, फुरकान, शहाबुद्दीन, अतीक अहमद , रवि प्रकाश, इरफान, जीतेंद्र, सरदार जोगिंदर, सरदार बलबीर, श्रीकांत, जमील हसन, तहमीना, वसी, काशिफ हसन, कुमैल, फ़राज, अफ़ज़ल हुसैन, ऐनी, अज़हर अब्बास, शान अली इत्यादि सदस्य शामिल हुए।